सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-135 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 22 अक्टूबर 2023
06 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# अंतरिक्ष में भारत ने रचा इतिहास

- इसरो ने सफलतापूर्वक लॉन्च की गगनयान की पहली टेस्ट फ्लाइट



**नई दिल्ली।** तमाम बाधाओं और चुनौतियों से पार पाते हुए इसरो ने गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट लॉन्च कर इतिहास रच दिया है। इसरो ने रविवार सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से गगनयान के क्रू मॉड्यूल को सफलतापूर्वक लॉन्च किया. इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 और टेस्ट व्हीकल डेवलपमेंट फ्लाइंट भी कहा जा रहा है। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टीवी-डीवी 1 (क्रू मॉड्यूल) मिशन का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है. उन्होंने इस सफलता के इसरो की पूरी टीम को बधाई दी। टेस्ट व्हीकल एस्ट्रोनॉट के लिए बनाए गए क्रू मॉड्यूल को अपने साथ ऊपर ले गया। रॉकेट क्रू मॉड्यूल को लेकर साढ़े सोलह किलोमीटर ऊपर जाएगा और फिर बंगाल की खाड़ी में लैंड करेगा. इससे पहले शनिवार टेस्ट मिशन को सुबह लॉन्च 8 बजे लॉन्च करना था लेकिन खराब इसे 8.45 बजे के लिए फिर से शेड्यूल किया गया।

## सीएम योगी ने शौर्य संग्रहालय का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

# देश का होगा पहला नौसेना संग्रहालय: योगी

- विरासत-इतिहास भूलाकर कोई समाज विकास नहीं कर सकता
- 23 करोड़ की लागत से होगा तैयार






**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपनी विरासत व अतीत को विस्मृत करके कोई समाज-राष्ट्र विकास की बुलंदियों को नहीं छू सकता। अतीत सदैव व्यक्ति व समाज के साथ चलता है।

अतीत का गौरवशाली क्षण नई प्रेरणा होती है। पथप्रदर्शक व आगे बढ़ने के लिए अवसर होता है। आज लखनऊ व प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण है, जब नौसेना शौर्य संग्रहालय के स्थापना की नींव इस नए उभरते क्षेत्र में विकास की इस नई आभा को संजोए हुए सीजी सिटी में आदिगंगा के रूप में विख्यात गोमती नदी के तट पर पड़ रही है। यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत का नया माध्यम बनेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम के निकट सीजी सिटी में 23 करोड़ की लागत से बनने वाले नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण कार्य परियोजना का भूमि पूजन व बटन दबाकर शिलान्यास किया। सीएम योगी ने यहां पौधरोपण भी किया। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रगीत व भारतीय नौसेना के बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। सीएम ने विश्वास जताया कि यह यूपी के वाटरवे व युवाओं के रोजगार की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने कहा कि 2014 के पहले यूपी लैंडलॉक स्टेट था।

### 2000 वर्ष पहले भी यूपी का संबंध जलमार्ग से था

सीएम ने कहा कि यूपी से बड़ी एक गाथा है। साउथ कोरिया अपनी तकनीक के लिए जाना जाता है। वहां के राजवंश का मानना है कि उनकी दादी मां अयोध्या की राजकुमारी थीं। उनकी स्मृति में अयोध्या में स्मारक बन चुका है। उन्हें अयोध्या में राजकुमारी रत्ना व साउथ कोरिया में क्वीन हो के रूप में स्मरण किया जाता है। उनके प्रति श्रद्धा का भाव है। 2000 वर्ष पहले राजकुमारी रत्ना जलमार्ग से अयोध्या से साउथ कोरिया पहुंची थीं यानी तब भी यूपी का संबंध जलमार्ग से था। यहां पर सातवाहन, चोल, बुद्ध राजवंशों की चर्चा हुई पर हम द्वारिकाधीश को भूल जाते हैं। द्वारिका समुद्र के अंदर थी।

# पूरे विश्व में जमी भारत की धाक: मोदी

- हमेशा आउट ऑफ द बॉक्स सोचिए
- आपका सपना ही मेरा संकल्प है



**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि सिंधिया स्कूल के 125 वर्ष होने पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई।

आज आज़ाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस भी है, मैं आप सभी को इसकी भी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि साल 2014 में जब देश ने मुझे प्रधानसेवक का दायित्व दिया तब मेरे पास 2 रास्ते थे- या तो सिर्फ तात्कालिक लाभ के लिए काम करें या दीर्घकालिक अप्रोच को अपनाएं। आज हमारी सरकार को 10 साल हो रहे हैं और इस दौरान देश ने दीर्घकालिक प्लानिंग के साथ जो फैसले किए वह अभूतपूर्व है। मोदी ने कहा कि आज भारत सफलता की जिस ऊंचाई पर है वह अभूतपूर्व है। पूरे विश्व में भारत की धाक जमी हुई है। 23 अगस्त को भारत चंद्रमा पर वहां पहुंचा, जहां अब तक कोई देश नहीं पहुंच पाया था। उन्होंने कहा कि पहले सैटेलाइट सिर्फ सरकार बनाती थी या विदेश से मंगवाती थी, हमने स्पेस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है। हमने डिफेंस सेक्टर को आप जैसे युवाओं के लिए खोल दिया है। आपको मेक इन इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाना है। हमेशा आउट ऑफ द बॉक्स सोचिए। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। आज भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन रेट में नंबर 1 पर है। मोदी ने कहा कि आज हमारी सरकार को 10 साल हो रहे हैं। इन 10 वर्षों में देश ने लॉन्ग टर्म प्लानिंग के साथ जो फैसले लिए हैं, वो अभूतपूर्व हैं। हमने देश को कितने ही पेंडिंग फैसलों के बोझ से मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि 60 साल से डिमांड हो रही थी कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया जाए। ये काम हमारी सरकार ने किया। 40 साल से डिमांड हो रही थी कि पूर्व फौजियों को वन रैंक वन पेंशन दी जाए। ये काम हमारी सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि 40 साल से डिमांड हो रही थी कि जीएसटी को लागू करना है।

### आज भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया आज भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत गरीबी भी दूर करेगा और विकसित भी बनेगा। आज का भारत जो भी कर रहा है वह मेगा स्केल पर कर रहा है। आपके सपने और संकल्प दोनों बड़े होने चाहिए। आपका सपना ही मेरा संकल्प है।

## इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

**मुंबई।** इंग्लैंड को वनडे में सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। टीम को वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका ने 229 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े मैदान पर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 399 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम 22 ओवर में 170 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका से पहली पारी में हेनरिक क्लासन ने 109 रन बनाए, उन्होंने 61 बॉल पर सेंचुरी लगाई। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। टीम से 3 खिलाड़ियों ने फिफ्टी भी लगाई। गेंदबाजों में जेराल्ड कूट्जी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं यानसन ने 42 गेंद पर 75 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी झटके। इंग्लैंड को वनडे में सबसे बड़ी हार मिली। इससे पहले साल 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने उसे मेलबर्न के मैदान पर 221 रन से हराया था। वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार इससे पहले भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही आई थी।

# राजस्थान में भाजपा की 83 उम्मीदवारों की सूची जारी

- वसुंधरा पांचवीं बार झालरापाटन से मैदान में उतरेंगी
- पूनिया को आमेर से मिला टिकट
- कांग्रेस से आई ज्योति मिर्धा नागौर से उम्मीदवार



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 83 उम्मीदवारों की सूची शनिवार को जारी कर दी। एक दिन पहले ही दिल्ली में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें इन नामों पर अंतिम मुहर लगी थी।

पहली सूची में भाजपा ने 41 उम्मीदवार घोषित किए थे। भाजपा अब तक 124 नामों का एलान कर चुकी है, जबकि 76 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। चुनाव की सरगर्मी जब से शुरू हुई, तब से सबसे बड़ा सवाल यही था कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की क्या भूमिका होगी और क्या वे विधानसभा चुनाव लड़ेंगी? भाजपा की दूसरी सूची में सबसे बड़ा नाम वसुंधरा राजे का ही है। वे झालावाड़ की झालरापाटन विधानसभा सीट से पांचवीं बार चुनाव लड़ेंगी। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल दी गई है। वे इस बार चुरू जिले की तारानगर से चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार वे चुरू से जीते थे। चुरू से उनकी जगह हरलाल सहारण को टिकट दिया गया है। आमेर से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को टिकट दिया गया है। कांग्रेस से भाजपा में आई पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा को नागौर से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को चित्तौड़गढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है। वे पिछली बार जयपुर की विद्याधर नगर सीट से चुनाव लड़े थे, जहां से इस बार भाजपा ने सांसद और जयपुर के पूर्व शाही घराने से ताल्लुक रखने वालीं दीया कुमारी को टिकट दिया है। राजसमंद से दीप्ति माहेश्वरी को टिकट दिया गया है।

### वसुंधरा के समर्थकों को भी मिला टिकट

वसुंधरा के समर्थकों को भी भाजपा की दूसरी सूची में मौका मिला है। प्रताप सिंह सिंघवी को छाबड़ा सीट से फिर से टिकट मिला है। वे यहीं से मौजूदा विधायक हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कालीचरण सराफ को भी मालवीय नगर से फिर से टिकट मिला है।

### आम लोगों के लिए खुले नमो भारत के द्वार

**साहिबाबाद।** भारत की पहली नमो भारत ट्रेन के द्वार शनिवार को आम लोगों के लिए खुल गए। साहिबाबाद स्टेशन से सुबह 06:06 बजे चली ट्रेन में 26 लोगों ने सफर किया। पहले दिन ज्यादातर लोग घूमने के उद्देश्य से पहुंचे। लोगों ने परिवार के साथ ट्रेन का लुत्फ उठाया। स्टेशन पर फूल और चाकलेट देकर यात्रियों का स्वागत किया गया। स्टेशन पांच बजे सभी स्टेशनों पर यात्री पहुंच गए। दुहाई स्टेशन पर साढ़े पांच बजे टिकट मिलना शुरू हो गया। जबकि साहिबाबाद स्टेशन पर छह बजे टिकट मिलना शुरू हो गया। लोगों ने कैश और यूपीआइ से टिकट का भुगतान किया। इसके बाद यात्री प्लेटफार्म पर पहुंचे। ट्रेन में बैठने के बाद लोगों ने सेल्फी ली। उन्होंने ट्रेन की तकनीक को समझा। कुछ यात्रियों में पहला यात्री बनने की होड़ लगी रही। कई यात्रियों ने पहला यात्री होने का दावा किया।

# कांग्रेस ने 29 विधायकों पर फिर जताया भरोसा

## नाथद्वारा में जोशी का मुकाबला महाराणा प्रताप के वंशज से

- राजस्थान कांग्रेस ने 27 फीसदी महिलाओं को दिया टिकट



**जयपुर।** कांग्रेस की पहली सूची में प्रत्याशियों के चयन में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी परंपरागत सीट सरदारपुरा और टोंक से सचिन पायलट मैदान में होंगे। जबकि नाथद्वारा सीट से विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को टिकट दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा लक्ष्मणगढ़ नगर सीट से मैदान में उतरेंगे। इसके अलावा ओसियां से दिव्या मदेरणा, हिंडोली से अशोक चांदना, सवाई माधोपुर से दानिश अबरार, जोधपुर से मनीषा पंवार और सादुलपुर से कृष्णा पूनिया को टिकट मिली है। कांग्रेस ने अपनी सूची में तीन हारे हुए उम्मीदवारों को फिर से टिकट दिया है। कुशलगढ़ से बागी चुनाव लड़कर निर्दलीय जीतीं रमिला खड़िया को टिकट दिया है। रमिला के पति हुर्तिंग खड़िया पहले कांग्रेस उम्मीदवार रहे थे। मालवीय नगर से अर्चना शर्मा, सांगानेर से पुष्पेंद्र भारद्वाज और मांडलगढ़ से विवेक धाकड़ पिछला चुनाव हार गए थे, इन्हें फिर से मौका दिया है। अलवर के मुंडावर से पिछला चुनाव बसपा से लड़े ललित कुमार यादव को टिकट दिया है। यह सीट कांग्रेस ने पिछली बार गठबंधन के तहत एलजेपी को दी थी, इस सीट पर भाजपा जीती थी और ललित यादव बसपा से दूसरे नंबर पर रहे थे। नाथद्वारा सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। क्योंकि भाजपा ने महाराणा प्रताप के वंशज और उदयपुर के पूर्व राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वार से टिकट दिया गया है, वे कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से होगा। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह के पिता महेंद्र सिंह मेवाड़ चित्तौड़गढ़ लोकसभा से भाजपा सांसद रह चुके हैं। हालांकि वे एक बार चुनाव हार भी चुके हैं।

पहली सूची में पायलट गुट के लोगों को भी टिकट मिला है। इनमें सचिन के अलावा विराटनगर से इंद्राज सिंह गुर्जर, लाडनूं से मुकेश भाकर, परबतसर से रामनिवास गावड़िया को टिकट मिला है। पूर्व विधायक विवेक धाकड़ को मांडलगढ़ से प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस की पहली लिस्ट में कोई भी चौंकाने वाला नाम सामने नहीं आया। कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में वहीं पुराने विधायकों पर भरोसा जताया है।

## भाजपा का बागियों पर विश्वास



- मप्र में भाजपा के 92 प्रत्याशियों की 5वीं लिस्ट जारी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए भाजपा उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट आ गई है। भाजपा ने एक साथ 92 सीटों पर नामों का एलान कर दिया है। जबकि गुना और विदिशा सीटों को अभी होल्ड पर रखा गया है। भाजपा ने कांग्रेस के बागियों और निर्दलियों को टिकट देकर उन पर भरोसा जताया है। पांचवी लिस्ट में भाजपा ने कई पूर्व कांग्रेस सदस्यों को मैदान में उतारा है। पार्टी ने बड़वाह विधानसभा सीट के लिए सचिन बिड़ला, सुसनेर विधानसभा सीट के लिए राणा विक्रम सिंह, वारासिवनी विधानसभा सीट के लिए प्रदीप जायसवाल और त्योंथर विधानसभा सीट के लिए सिद्धार्थ तिवारी से उम्मीदवार बनाया है। 2018 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने वाले बड़वाह विधायक सचिन बिरला भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने फिर उन्हें टिकट दिया है। सुसनेर की बात करें, तो इस विधानसभा सीट पर 2018 के चुनाव में राणा विक्रम सिंह की जीत हुई थी।

# आतंकी दाऊद मलिक की गोली मारकर हत्या

- भारत विरोधी गतिविधियों में था शामिल
- आतंकी मसूद अजहर का था करीबी



**नई दिल्ली।** भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल आतंकी दाऊद मलिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह मौलाना मसूद अजहर का करीबी था। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, अज्ञात हमलवारों ने कबायली बुजुर्ग कहे जाने वाले दाऊद मलिक को उत्तरी वजीरिस्तान में गोली मारकर हत्या कर दी।

मलिक को एक निजी क्लिनिक में नकाबपोश लोगों ने निशाना बनाया और हमले के बाद हमलावर भागने में सफल रहे। मलिक लश्कर-ए-जब्बार का संस्थापक था। उसे भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक अज़हर का करीबी सहयोगी भी कहा जाता है।

पिछले कुछ हफ्तों में भारत में वांछित कई आतंकवादियों को पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने मार गिराया है। 11 अक्टूबर को, भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक और 2016 के पठानकोट आतंकी हमले के मामले में एक प्रमुख साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की पाकिस्तान के सियालकोट में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## लोकसभा चुनाव

## विहिप बनाएगी भगवा माहौल

# राष्ट्रवाद और सनातन के जरिये हिंदुत्व को धार देने में जुटा संघ

- जातीय जनगणना की धार कुंद करने की रणनीति



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में धार्मिक कार्यक्रमों और सनातन से जुड़े मुद्दों के जरिये हिंदुत्व के मुद्दे को धार देने में जुटा है। इस क्रम में लखनऊ में 26 से 31 अक्तूबर तक जाणता राजा महानाट्य का आयोजन किया जाएगा।

सितंबर में हुई आरएसएस के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार की मौजूदगी में सरकार, भाजपा और संघ की समन्वय बैठक में लोकसभा चुनाव तक अनुषांगिक संगठनों के जरिये राष्ट्रवाद के मुद्दों को आगे बढ़ाने की रणनीति तय हुई थी। इसी रणनीति के तहत विहिप और बजरंगदल की शौर्य जागरण यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के जरिये बजरंगदल जनता को बताने का प्रयास कर रहा है कि संघ और भाजपा के कारण ही अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने का सपना साकार हुआ है। यात्रा के जरिये जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान देश भर में दीपोत्सव जैसा माहौल बनाने की तैयारी है। सभी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन घरों पर दीपक जलाने के लिए उत्साहित किया जा रहा है। यात्रा के जरिये विहिप जिला स्तर पर उन पराक्रमी योद्धाओं को याद कर रहा है जिनका जिक्र इतिहास में तो नहीं हैं, लेकिन उनका सनातन की रक्षा और देश की आजादी में योगदान रहा है। लखनऊ में ऊदा देवी, बिजली पासी जैसे योद्धा हैं।

ऐसे योद्धाओं को याद कर उनके समाज को साधने की भी तैयारी है। संघ, विहिप और बजरंगदल हिंदुओं के बीच जाकर जाति और समुदाय से ऊपर उठकर हिंदू के रूप में संगठित रहने और जाति के आधार पर नहीं बंटने की पैरवी भी कर रहा है। इसका उद्देश्य एक ओर हिंदुओं को संगठित करना है. वहीं दूसरी ओर जातीय जनगणना के मुद्दे पर विपक्ष की ओर से की जा रही पिछड़ों, अगड़ों को बांटने की कोशिश को नाकाम करना है।

# राजनीति के कारण मां और पत्नी को खोया: नवाज शरीफ



**लाहौर।** पाकिस्तान के पर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पली बार लाहौर में पार्टी समर्थकों की रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति के चलते मैंने अपनी मां और पत्नी को को दिया। जेल में रहने के दौरान इन मौतों की खबर मिलने का जिक्र कर वह काफी भावुक हो गए। मीनार-ए-पाकिस्तान में हुई रैली में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो ने दावा किया कि रैली में उमड़े पार्टी समर्थकों के प्यार को देखकर वह अपना 'दुख-दर्द' भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि मैं याद न भी करना चाहूं तो भी कुछ घाव ऐसे होते हैं जो कभी नहीं भर सकते। रुंधी आवाज में उन्होंने कहा कि मैंने अपनी मां और पत्नी को राजनीति के कारण खो दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अपनी मां, पिता या पत्नी को अंतिम सम्मान नहीं दे सका। मेरी पत्नी कुलसुम अपने अंतिम क्षण गिन रही थी।

# प्रदेश सरकार ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये: अनूप गुप्ता

■ विभिन्न विकास योजनाओ का शिलान्यास किया
■ बिजली की रोशनी से जगमगाने के लिए हाईमास्ट लाइटें लगेगी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अपनी विधान मण्डल विकास निधि से की जाने वाली विभिन्न विकास योजनाओ का शिलान्यास किया राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर के मैदान पर 30 मीटर ऊंचा तिरंगा फहरेगा। शहीद शिला फलक लगाया जाएगा। बुजुर्गों, महिला व युवाओं के लिए इंटरलॉकिंग मॉनिंग वॉक पथ बनेगा। वॉक पथ पर बैठने के लिए बैन्चों का भी निर्माण होगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले लगेंगे। व्यायाम शाला का भी निर्माण होगा। जीआईसी क्रीड़ांगन को आकर्षक बनाने के लिए बाउंड्रीवाल पर चित्रकारी भी होगी। सेल्फी प्वाइंट बनेगा।साथ ही मैदान को बिजली की रोशनी से जगमगाने के लिए हाईमास्ट लाइटें आदि शामिल हैं। गुप्ता ने कहा कि लखीमपुर खीरी में केंद्र व प्रदेश सरकार विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां दुनिया में देश की विकसित भारत की आधारशिला मजबूत होती दिखाई पड़ रही है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार में चौमुखी विकास के मजबूत स्तंभ स्थापित किये जा रहे हैं।





# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 99 शिकायती आयी मात्र 5 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ



**लखीमपुर खीरी।** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 99 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 42, पुलिस 21, नगर निकाय 05, विद्युत 06, बैंक 02, विकास 14, आपूर्ति 05, स्वास्थ्य, निबन्धन, दिव्यांगजन, गन्ना 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ राजेश कुमार, तहसीलदार भीमसेन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सैम श्रेणी के 3 बच्चों को बाटी सुपोषण किट

**लखीमपुर खीरी।** तहसील निघासन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल ÷संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 03 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की।

# भव्य सांस्कृतिक और कलाकृतिक प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर के प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम स्कूल टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के प्रकृति से सुसज्जित प्रांगण में विजयदशमी एवं दीपावली की पूर्वकालिक बेला पर टैगोर, प्रसाद, राजगुरू, सुभाष हाउस के मध्य अनेक भव्य सांस्कृतिक और कलाकृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पावन पर्व विजयदशमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अनेक बच्चो ने विभिन्न पात्रो जैसे राम लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन, सीता, उर्मिला, राजा दशरथ, ऋषि विश्वामित्र, हनुमान, रावण, मेघनाथ आदि का अभिनय किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव ने भगवान राम का तिलक कर धूपार्चन और पुष्यार्चन किया। जय श्री राम के जयकारों के साथ विद्यालय परिसर गुनजायमान हो गया। झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुभाष हाउस ने अर्जित किया, द्वितीय स्थान टैगौर हाउस का रहा, प्रसाद हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुभाष हाउस की टीम में कार्तिक ने राम, निष्ठा ने सीता और हर्षवर्धन ने लक्ष्मण के रूप में अपने को सुसज्जित किया। टैगौर हाउस के मुकुल शुक्ला ने राम, सताक्षी द्विवेदी ने सीता और कर्तव्य ने लक्ष्मण की भूमिका में अपने को दर्शाया। कलाकृति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रसाद हाउस ने अर्जित किया द्वितीय स्थान पर टैगौर हाउस रहा वही राजगुरू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेहा मौर्या व सरताज आलम के निर्देशन में भव्य सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। विद्यालय के प्रबन्धक आनन्द गुप्ता (एड0) द्वारा परिणामों की घोषणा की गयी। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की लगन व मेहनत से कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रशंसा की गयी एवं विजयदशमी की शुभकामनायें प्रदान की गयी।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना धौरहरा का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना धौरहरा का औचक निरीक्षक किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, मालखाना, मेस, बैरक, थाने की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया तथा जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया इस दौरान अपराध रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, क्रियाशील अपराणी रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर आदि महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन कर थाना क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों के विषय में पूछताछ की गई तथा समस्त रजिस्टर्स / अभिलेखों के व्यवस्थित रख - रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# सपूंर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

■ स्थानीय स्तर पर किया शिकायतो का निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों का त्वरीत व स्थानीय स्तर पर निस्तारण के लिए शनिवार को जिले की सभी सात तहसीलों में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को सुना एवं उनकी शिकायतों को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके।



जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 63 शिकायतें आई। इन शिकायतों में से केवल 1 ही शिकायत निस्तारण मौके पर हो सका। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी तरह से तहसील सिधौली में प्राप्त 55 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील लहरपुर में प्राप्त 54 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील सदर में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील बिसवां में प्राप्त 63 प्रार्थना-पत्रों में से 5 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**महराजगंज, रायबरेली।** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम राजित राम गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ जिसमें कुल 29 शिकायती पत्र आए जिनमें से तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रही।

बता दे की राजस्व विभाग से संबंधित 15 शिकायतें पुलिस से संबंधित 10 विकास से एक वहीं अन्य तीन शिकायतें आई जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की नेतृत्व वाली टीम एसडीएम द्वारा गठित की गई हैं, वहीं शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बैंती के रहने वाले संदीप मिश्रा ने एसडीम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी जमीन खाता संख्या 00096 के गाटा संख्या 437 में संक्रमणीय भूमिधर सह खातेदार है,जबकि सरित कुमार व समित कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवास ग्राम बैंती के द्वारा भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर लिया गया है, और खेत की सारी फसल काट कर अपने घर में रख लेते हैं, जब भी भुक्त भोगी अपने हिस्से की जमीन व अनाज मांगता है, तो प्रतिपक्षीगण गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं, मामले में एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया वहीं एसडीएम ने अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए कहीं भी किसी मामले में कोताही ना बरती जाए इस मौके पर बीडीओ वर्षा सिंह बीडीओ बछरावां एसबी सिंह सहित आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुल 86 मामले आये, 6 का मौके पर निस्तारण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समाधान दिवस के अवसर पर तहसील ऊंचाहार में लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने बिजली,पानी, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन और जमीनी विवाद से संबंधित मामले आए। उन्होंने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद जैसे मामले में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौका मुआयना करने के उपरांत समस्या को निस्तारित करे। इस बात का खास ख्याल रखा जाए कि विवादों का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बात अवश्य सुनी जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह एसडीम ऊंचाहार के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारीगण का उपस्थित रहे।

## डीएम ने ग्राम प्रेमराजपुर में धान फसल की उपज का लिया जायजा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की उपस्थिति में तहसील सदर के विखं राही के ग्राम प्रेमराजपुर के कृषि क्षेत्र में धान की उपज का जायजा लेने के लिए खेतों में क्राप कटिंग करवाकर व धान को तौलकर संभावित उत्पादन का आकलन किया गया ताकि औसत निकाला जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से कृषि उत्पादन से सम्बन्धित कार्यो की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने धान की विभिन्न प्रजातियों के बारे में भी किसानों से वार्ता की। उन्होंने फसल बीमा योजना आदि अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा। उन्होंने तहसीलदार सदर से कहा कि चौपाल लगाकर किसानों से संवाद स्थापित कर किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जाए।

## गोकना घाट मूर्ति विसर्जन स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मूर्ति विसर्जन स्थल गोकना घाट का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान वहां पर उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। साथ ही एसडीम ऊंचाहार को निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन के दिन घाट पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। घाट पर बैरिकेडिंग करके लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दिन इस बात का ध्यान रखा जाए कि लोग नदी में प्लास्टिक, थर्माकोल, प्लास्टर ऑफ पैरिस जैसे हानिकारक प्रदूषण फैलाने वाले पदार्थो को नदी में प्रवाहित न करें।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मनाया उत्सव




*अवधनामा संवाददाता*

सीतापुर। नवरात्र की सप्तमी के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति-4 योजना के तहत तहसील सभागार महोली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिशु लिंगानुपात में सुधार लाना है। बच्चों की माताओं को बेबी किट, मिठाई, फोल्डर व पम्पलेट बांटकर जागरुक किया गया। बेटी के जन्म होने की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उनको बताया गया कि कन्या के जन्म होने पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की प्रथम श्रेणी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2000 रूपये की धनराशि उनके खाते में सीधे प्रेषित की जाती है। द्वितीय श्रेणी में 1000 रूपये, तृतीय श्रेणी में 2000 रुपए, चतुर्थ श्रेणी में 2000 रुपए, पंचम श्रेणी में 3000 एवं षष्ठम श्रेणी में 5000 रूपये की धनराशि प्रेषित की जाती है। साथ ही यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15000 से बढ़ाकर 25000 कर दी जाएगी। बच्चियों के जन्म को एक त्यौहार के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि हमारे देश में बहुत सारी नारी शक्ति दिन प्रतिदिन बाहर आ रही हैं जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## हत्यारे को सश्रम कारावास, अर्थदंड से भी दंडित

**सीतापुर।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में हत्यारों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं अर्थदंड से भी दंडित किया है।

यहां बता दें कि इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2011 में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पुत्र ने इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हथिया मल्लपुर निवासी करमवीर पुत्र सियाराम के खिलाफ इमलिया सुल्तानपुर थाने में रिपार्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में न्यायालय सत्र न्यायाधीश सीतापुर ने साक्ष्यों को देखने, गवाहों की गवाही सुनने व दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद करमवीर को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने करमवीर को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 25,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

# राइजिंग चाइल्ड मे रावण दहन के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। स्कूल की तरफ से विशालकाय रावण और आतिशबाजी की व्यवस्था की गई, जैसे ही राम के भेष में पार्थ कक्कड़ के द्वारा विशालकाय रावण पर कमान से तीर का वार किया गया, रावण धू- धू कर जलने लगा। रावण को जलता देख बच्चों ने प्रभु श्री राम के जयकारा लगाए और संपूर्ण वातावरण दशहरा और आतिशबाजी से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर नवरात्रि और रामलीला पर आधारित लघु नाटक का मंचन भी विद्यालय के बच्चों के द्वारा किया गया। वसुंधरा, तृष्या, शाश्वत, वाग्मी, कनक, आराध्या, विवान, अपराजिता, आकृता, अयंतिका, नीलांजना, शौर्य, अन्वी, रूहानिका, ध्वनि, मधुसूदन आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा श्रीवास्तव ने बुराई पर अच्छाई की जीत के त्यौहार दशहरा को मनाए जाने के कारण एवं महत्व को विस्तार से बताया। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को नवरात्रि और दशहरे की शुभकामनाएं अर्पित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र नाथ हरि, स्मृति, अश्फिया, शालिनी, श्रुति, प्रेमलता, अमित, सुष्मिता, अदिति, ऐना, नेहा, ज्योति, आरती, शिखा, शुभी, कृतिका, श्वेता, श्रेया, प्रियंका, रीना, प्रिया, मोनिका, रत्नेश, स्नेहलता, स्वाति, अनुष्का, आकृति, अंकित, ऐनी, समरीन, रुचि, नम्रता, मंतशा, नशरा, रमशा, प्रियंका, शिवली, अंजलि, नशरा, जेबा, श्रेया, मो. तौफीक का सहयोग सराहनीय रहा।

# पूर्व संध्या पर दशहरा पर्व बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** दशहरे व नवरात्रि के अवकाश आरंभ की पूर्व संध्या पर कन्या- भोज तथा बुराई पर अच्छाई की विजय स्वरूप दशहरा पर्व बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह तथा उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा देवी मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया तत्पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया साथ ही कन्याओं को उपहार भी दिया गया तथा विद्यालय के नौनिहालों को मिष्ठान भी वितरित किया गया। बच्चों के द्वारा मां दुर्गा की वेशभूषा में नौ रूपों को विभिन्न झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया जो की बहुत ही मनमोहक लग रहा था, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि साक्षात मां दुर्गा अपने नौ रूपों में विद्यमान हैं। तत्पश्चात रावण दहन राम के वनवासी वेश में बच्चे द्वारा किया गया। राम,लक्ष्मण ,सीता तथा हनुमान के वनवासी वेश में बच्चे बहुत ही प्यारे लग रहे थे। बच्चों के द्वारा विभिन्न नाट्य कार्यक्रम भी किए गए और कार्यक्रम का समापन रावण दहन से हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को दशहरा व विजयादशमी की जानकारी देते हुए कहा कि इसी दिन अन्याय पर न्याय की जीत, असत्य पर सत्य की विजय,और अनाचार पर सदाचार की जीत हुई थी अतः बुराई कितनी भी प्रबल क्यों ना हो जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है इसीलिए हमेशा हमें सत्य का मार्ग ही चुनना चाहिए साथ ही उन्होंने दशहरे पर्व की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र तिवारी, सुलेमान सिद्दीकी, भूपेंद्र शुक्ला, स्वप्निल शुक्ला, बीरेंद्र कुमार, छाया सिंह , स्वाति सिंह, मंजिली अवस्थी, श्रद्धा अवस्थी, एकता श्रीवास्तव आदि तथा छात्र प्रांशू , आयुष यादव, प्रभांशी ,अंसल, सार्थक आदित्य ,अनुराग आदि उपस्थित रहे।

# टेबलेट से शैक्षिक स्तर में तकनीक का होगा समावेश



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** महोली नगर के बीआरसी कार्यालय पर एसडीम अभिनव यादव तथा खंड शिक्षाधिकारी एसएन प्रजापति के द्वारा शिक्षकों को टैबलेट वितरित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक तथा बौद्धिक स्तर में तकनीक का समावेश होगा। पाठ्य वस्तुओं को सरल व बोधगम बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों को पहले दिन शाम तक 120 टेबलेट बांटे गए। दूसरे दिन शेष का वितरण किया गया। शिक्षकों के प्रयोगार्थ उपलब्ध कराये जा रहे टैबलेट से अध्यनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षिक भविष्य के लिए टेबलेट वितरण के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम भी कराया जाएगा। शासन द्वारा जारी लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत , इस टैबलेट के वितरण से छात्रों को सीखने सिखाने वाला कार्य शिक्षकों के लिए काफी आसान हो जाएगा। बीईओ एस एन प्रजापति ने बताया कि शिक्षण कार्य में टैबलेट के प्रयोग से बच्चों को सीखने सिखाने की प्रक्रिया आसन हो जायेगी। इससे शैक्षिक गुणवत्ता में काफी वृद्धि होगी। इसका सीधा लाभ छात्र -छात्राओं को मिलेगा। इस मौके पर आलोक मिश्रा, गीता देवी, प्रीति शुक्ला, शैली शर्मा, संध्या बाजपेई, अमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

## लोक अदालत 12 दिसंबर को

**सीतापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 9 दिसंबर को चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज अभिषेक उपाध्याय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय प्रांगण के अलावा जनपद के समस्त वाह्य न्यायालय व समस्त तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें आपराधिक, शमनीय वाद, धारा-138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया सुखाधिकार व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), बैंक के प्रीलिटिगेशन विस्वाद तथा अन्य सम्यक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** खैराबाद थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

खैराबाद थाने की पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान शनि पुत्र सुंदरलाल मोहल्ला हटौरा खैराबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिला अध्यक्ष विकास वर्मा के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर एक धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग की गई की आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद सदस्य संजय सिंह के आवास पर ईडी द्वारा 12 घंटे तक छापेमारी कि गई, 8 दिनों तक उन्हे रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कि गयी लेकिन जाँच एजेंसी को कुछ हासिल नहीं हुआ इन सबके बावजूद सांसद संजय सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया

सांसद संजय सिंह के खिलाफ ये पूरा मामला फर्जी बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है ।आमआदमी पार्टी रायबरेली के सम्मानित साथियों एव पदाधिकारी ने इस अवैध गिरफ्तारीके विरोध में रायबरेली के जिला अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया एवं जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया।

इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व वर्तमान जिला अध्यक्ष विकास शर्मा ने किया इस धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष पुनीत सिंह जगधारी एवं दुर्गा प्रसाद प्रांत सचिव सम्मानित साथी एवं वर्तमान जिला महासचिव गोवर्धन पटेल सदर विधानसभा प्रभारी सुरेश सिंह, दीपक गुप्ता, अमरेंद्र सिंह प्रदेश सचिव सी वाय एस , सुभाष सोनी नीतू सिंह, मंगल राम, जिला उपाध्यक्ष रवि शंकर द्विवेदी, अनूप चौधरी , सदर विधानसभा अध्यक्ष, अनूप तिवारी,सदर विधानसभा महासचिव, अरविंद वर्मा जी सदर विधानसभा कोषाध्यक्ष, आशीष सिंह अमावा ब्लाक अध्यक्ष, विमल किशोर हरचंदपुर विधानसभा प्रभारी आदि सम्मानित साथियों एवं पदाधिकारी ने सहयोग दिया।

# शिकायती पत्रों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं: डीएम



**67 शिकायती पत्रों में मात्र 10 का निस्तारण**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 43 में से 3 को तत्काल निस्तारित कराया गया और 4 प्रार्थना पत्रों हेतु कानूनगो और लेखपालों की बनी क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) को निस्तारण हेतु भेज दिया गया। पुलिस के 08, विकास के 02, खाद्य एवं रसद विभाग के 4, विकास के 2, शिक्षा के 2, विद्युत के 4 में 1 का निस्तारण, जिला दिव्यांग विभाग के 2 में 1 का निस्तारण, नगर निकाय के 1, सिंचाई विभाग के 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 67 में से 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 57 को संबंधित विभाग को ससमय निस्तारण के साथ सौंपा गया।

अवधनामा ब्यूरो

- प्रकरणों के निस्तारण के पश्चात विभागाध्यक्ष स्वयं फीडबैक ले: डीएम
- हाटा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस रहा

**कुशीनगर।** शिकायती पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। समाधान दिवस हो या तहसील दिवस फरियादी न्याय पानी के लिए ही आते हैं।

शिकायती पत्रों का निस्तारण गुणदोष के आधार पर तत्काल करें, अन्यथा एक सप्ताह के अंदर हर हाल में निस्तारण करलें। इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही सामने आई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जायेगी। उक्त बाते शनिवार को हाटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों का शिकायती पत्रों के निस्तारण के दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा। उन्होंने कहा कि तहसील आपके द्वार अभियान के तहत बनी क्यूआरटी टीम ग्राम पंचायतों में जाकर प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेकर निस्तारण करें तथा ऐसे मामले जिनके निस्तारण में व्यवधान हो उनके सम्बन्ध में अपने उच्च अधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है, उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए तथा मामले के निस्तारण पश्चात शिकायतकर्ता से बात कर सभी विभागाध्यक्ष फीडबैक लें कि शिकायतकर्ता संतुष्ट है कि नही। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के थानाध्यक्ष राजस्व विभाग की सहायता से प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें। इस मौके पर सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एसडीएम हाटा हीरालाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 26 को

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने बताया कि सोशल सेक्टर के विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने हेतु विकास खंडवार ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत स्तर के कार्मिकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है, सोशल सेक्टर के विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति हेतु विकासखंड स्तर पर विभागीय योजनाओं से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखंड मैनपुरी में 26 अक्टूबर को, विकासखंड कुरावली में 27 अक्टूबर को, विकासखंड सुल्तानगंज में 28 अक्टूबर को, विकासखंड बेवर में 30 अक्टूबर को, विकासखंड किशनी में 31 अक्टूबर को, विकासखंड जागीर में 01 नवंबर को, विकासखंड करहल में 02 नवंबर को, विकासखंड बरनाहल में 03 नवंबर को एवं विकासखंड घिरोर में 06 नवंबर को अपरान्ह 12.30 बजे से 02.30 बजे तक संबंधित खंड विकास अधिकारी के निर्देशन में विकासखंड सभागार में उक्त कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# डीएम ने जनपद स्तरीय प्रदर्शन श्री अन्न मिलेट्स कार्यक्रम के प्रचार हेतु रैली को हरी झंडी दिखाई

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने तहसील सदर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत खरीफ वर्ष में जनपद स्तरीय प्रदर्शन श्री अन्न मिलेट्स कार्यक्रम के प्रचार हेतु रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि इस वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न औषधि है, हमारे पूर्वजों ने कुदरत में पाए जाने वाली अनेक प्रकार के पदार्थों को खेती व भोजन में अपनाया, इसमें रागी, सांवा, कौणी, चीना, रामदाना, बाजरा, ओंगल, तिल, अलसी, जौ, मक्की और कई प्रकार की दालों को अपने खाने में शामिल किया और वह लंबे समय तक स्वस्थ, निःरोगी रहे, आज हम सबको मोटे अनाज को अपने खाने में शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि मोटा अनाज ग्लूटेन मुक्त होता है, श्री अन्न मधुमेह, वजन घटाने में सहायक होता है, मोटा अनाज मधुमेह को कम करने और हृदय रोग के जोखिम को कम करने में काफी सहायक है, मिलेट्स में प्रोटीन, खनिज, विटामिन के संदर्भ में चावल और गेहूं से 03-05 गुना अधिक पोषण होता है, इसके उत्पादन के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है, यह शुष्क और अर्द्धशुष्क यानि सूखे क्षेत्र में अच्छी पैदावार देता है साथ ही इसमें कीट पतंगे भी ज्यादा नुकसान नहीं करते। श्री सिंह ने कहा कि यह वर्ष मा. प्रधानमंत्री जी की पहल से अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स के रूप में मनाया जा रहा है, मिलेट्स के लिए किसानों को जागरूक किया जाये, लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स बहुत ही लाभप्रद है। उन्होने किसानों को आव्हान करते हुये कहा कि किसान काले गेहू की खेती को बढ़ावा दें, काला गेहूं स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि के रूप में कार्य करेगा, काले गेहूं में प्रोटीन, मैग्नीशियम, फायबर, फॉस्फेट, सिलेनियम, जिंक, कैल्शियम, ऑयरन, पोटेशियम सहित अनेक प्रकार के पोषक तत्व समाहित हैं। उन्होने कहा कि सामान्य फसलों में बाजरा रागी, ज्वार, बाजरा और वरिगा प्रोसो मिलेट शामिल हैं, बाजरा अपने उच्च प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और लौह तत्व जैसे खनिजों के कारण गेहूँ एवं चावल की तुलना में कम खर्चीला तथा पौष्टिक रूप से बेहतर है।

# प्रधान ने मनरेगा श्रमिको को दी योजनाओं के बारे में जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सरकार द्वारा ग्राम सभा और मनरेगा मजदूरों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है, ताकि उसका सीधा लाभ मनरेगा श्रमिको को मिलता रहे। इन्ही सब योजनाओं को विकास खंड मोतीचक के गांव पकड़ी में शनिवार को मनरेगा मजदूरों को जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान ई0 प्रवीण सिंह ने कहा। ई0 सिंह ने काम के पहले लिए गए टीबीटी में बताया कि मनरेगा मजदूर मे 100 दिन रोजगार आपका अधिकार है,जो ग्राम सभा द्वारा हर श्रमिक को दिए जाने का लक्ष्य है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने के लिए जरूरी है कि आपका रजिस्ट्रेशन कर के ई श्रम कार्ड बनाया जाए, जिससे बीमा, बच्चों की पढ़ाई, और अन्य लाभ के साथ आपका आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके, ताकि सरकार की हर योजनाओं का लाभ श्रमिक तक पहुंच सके। ई0 सिंह ने बताया कि जो लोग भी श्रमिक कार्ड से वंचित है उनको एक सफ्ताह के अंदर कैम्प लगा कर श्रमिक कार्ड बनवा दिया जाएगा, जिससे लोगो तक सरकारी लाभ को पहुंचाया जा सके।

# कैरियर काउंसलिंग में बताए लक्ष्य प्राप्ति के आसान तरीके

## जीएम एकेडमी में नौवीं से बारहवीं के बच्चों की हुई काउंसलिंग

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर (देवरिया)।** नगर के जी एम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों की कैरियर काउंसलिंग बैंगलौर और दिल्ली के प्रसिद्ध काउंसलर हिमांशु शुक्ला द्वारा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष बी आ डी बी डी पी जी कॉलेज आश्रम बरहज के पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल डॉ. ओम प्रकाश शुक्ल एवं विद्यालय के चेयरमैन डॉ. श्री प्रकाश मिश्र ने दीप प्रज्वलन द्वारा किया। तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस क्रम में दिल्ली और बैंगलौर में रीट एकेडमी के मुख्य संचालक एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिमांशु शुक्ला ने अनेकों आकर्षक पीपीटी के माध्यम से कैरियर काउंसलिंग करते हुए बताया कि अपने माता पिता और अध्यापकों के अनुभव का लाभ लेकर हम कैसे करियर डिसाइड और अचीव करते हैं। करियर को अपने स्वयं के विचार, कर्म, और समुचित तैयारी के द्वारा कैसे पूर्ण करें। आगे उन्होंने बताया कि करियर अपने वैल्यू के बेस पर होना चाहिए।

इंजीनियरिंग, चिकित्सा, सेना, सेवा, वैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता, अध्यापन, ब्यवसाय, राजनीति, फिल्म, यूट्यूब इनफ्लूएंस, आदि अनेकों करियर क्षेत्रों पर श्री शुक्ला ने विधिवत प्रकाश डाला।श्री शुक्ला ने सफलता के 8 सूत्र बताते हुए कहा कि रैट रेस का हिस्सा न बनें, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सामान्य ज्ञान के बेस को बहुत मजबूत करना, आगे बढ़ने में चेन की महत्वपूर्ण भूमिका, अपनी वैल्यू की पहचान,अपनी पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर क्रिया कलाप, सेल्फ रिफ्लेक्शन, आंतरिक अनुशास नात्मक पहुंच, और समय को महत्व देना कत्तई न भूलें। सभी उपस्थित बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए डॉ. ओम प्रकाश शुक्ल ने एपीजे अब्दुल कलाम के संघर्ष और उपलब्धियों पर बड़ा ही रोचक ढंग से प्रकाश डालते हुए जीवन में अपने लक्ष्य प्राप्त कर लेने की शुभ कामनाएं दिया। चेयरपर्सन डॉ. श्री प्रकाश मिश्र ने बच्चों में उत्साह भरते हुए कहा कि हमारे आज के बच्चे ही कल के नए भारत के नए और हमे सतत गौरवान्वित करने वाले चेहरे होंगे, बस आवश्यकता इस बात की है कि इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन द्विवेदी ने इतने आकर्षक, भविष्य निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन करने वाले ऐसे अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए सभी अतिथियों, चेयरपर्सन, अध्यापक, अध्यापिकाओं को आभार व्यक्त करते हुए सभी छात्र एवं छात्राओं के मंगलमय जीवन की शुभकामना व्यक्त किया। इस मौके पर नौवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र छात्राएं, अध्यापक एवं अध्यापिकायें उपस्थित थे।

## हर बच्चे के लिए परिवार थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति (फेज-4) अभियान के अन्तर्गत इन्द्रा गांधी बालिका इण्टरमीडिएट कालेज देवरिया में हर बच्चे हेतु परिवार थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग के मीनू जायसवाल, मनोवैज्ञानिक / काउन्सलर, वन स्टाप सेन्टर देवरिया द्वारा दत्तकग्रण के अतिरिक्त मिशन वात्सलय योजना के मुख्य घटकों यथा बाल देखरेख संस्थाओं, स्पॉन्सरशिप, फास्टरकेयर, आफ्टरकेय, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मंशा सिंह, जिला समन्वयक, महिला शक्ति केन्द्र के द्वारा बच्चों से सम्बंधित कानूनों यथा किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम आदि मुख्य प्रावधानों पर आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र किशोर शाही, देवरिया स्टेडियम ताइक्वांडो ट्रेनर कुमारी प्रियंका द्वारा बालिकाओं को प्रयोगात्मक तरिके से आत्म सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी गयी। सुषमा तिवारी, सब इन्सपेक्टर द्वारा बालिकाओं को कानून तथा मानव तस्ककरी सम्बंधित जानकारी दी गयी।

## व्यापारियों के आवागमन के लिए हर संभव प्रयास होंगे



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** रेलवे स्टेशन उरई में व्यापार मंडल जनपद जालौन द्वारा रेलवे स्टेशन उरई एवं एट में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव से संबंधित ज्ञापन रेलवे महाप्रबंधक दिया गया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उरई से नई दिल्ली तक के लिये भी ट्रेन चलवाए जाने के लिए कहा जिस पर उन्होंने गंभीरता से सुना और आश्वस्त कराया की जल्द ही दोनो स्टेशनों पर ट्रेनें रुकेगी और दिल्ली के लिए भी ट्रेन चलेगी इस अवसर प्रदेश मंत्री हरिओम बाजपेई, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री अरुण त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री प्रदीप दिवेदी, बलवीर सोनी, मनोज पोरवाल, नगर अध्यक्ष साजिद खान, नगर उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, कल्लू भाई किराना एवं युवा ध्रुव शिवहरे उपस्थित रहें।

## बुराई स्वरूप रावण के पुतले को बच्चों ने किया दहन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को विजयदशमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य छात्र छात्राओं ने बड़ी हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने देवियों के नो स्वरूप और श्री राम के भाइयों मां सीता के स्वरुप की आरती की और बाद में बुराई स्वरूप रावण के पुतले को बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ दहन किया। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश तिवारी ने मां दुर्गा का गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम वाजपेई ने किया द्य इस मौके पर कुलदीप बाजपेई अमित शर्मा सुनील कटिहार उपदेश चतुर्वेदी पुष्पेंद्र दीक्षित नितिन जितेंद्र प्रांजल ओंकार ने राजेश पायल ईश्वरी रानी प्रीति लक्ष्मी चेतन ज्ञानेश अरुण सत्य प्रकाश ज्योति रूपाली प्रतीक श्रेया सहित समस्त कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे द्य

## कार की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल, भर्ती

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अमृतपुर कस्बा निवासी बृजेश पुत्र गोकरन (60) अपने किसी कार्य से तहसील आए थे। वापस जाते समय जरियनपुर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे बृजेश गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र राजेपुर भेजा। हालत गंभीर होने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जेंडर रेशियो सुधारने की दिशा में कार्य करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने 27 अक्टूबर से 26 दिसम्बर तक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दि. 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत दावे, आपत्तियां (फार्म-6, 6ए,7 8, 8क) प्राप्त करने का कार्यक्रम दि. 27 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा, जन-सामान्य की सुविधा के लिए विशेष अभियान की तिथियां 04, 05, 25, 26 नवम्बर एवं 02, 03 दिसम्बर निर्धारित है, विशेष अभियान की तिथियों में जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बी.एल.ओ., पदाभिहीत अधिकारी, रातनैतिक दलों के बूथ लेविल एजेन्ट उपस्थित रहेंगे, मतदान सूची में नया नाम पंजीकृत कराने, आपत्ति, नाम संशोधन व स्थान परिवर्तन हेतु फार्म भरकर आवेदन किये जायेंगे, शेष तिथियों में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची अपडेशन का कार्य करेंगे, दावे, आपत्तियों का निराकरण 26 दिसम्बर तक होगा, 05 जनवरी 2024 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन होगा। श्री सिंह ने बताया कि फार्म-6 फोटोयुक्त नामावलियों में अपना नाम सम्मिलित कराये जाने, फार्म- 6ए प्रवासी भारतीयों के लिए, फार्म-6बी स्वैच्छिक रूप से आधार लिंक कराये जाने हेतु, फार्म-7 फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों से नाम अपमार्जित कराये जाने, फार्म-8 निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नाम की किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए यह सभी दावे, आपत्तियों संबंधी आवेदन फार्म बीलएओ, पदाभिहित अधिकारी, तहसील कार्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जायेंगे, भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाइट पर दअेचण्पद पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप मोबाइल एप्लीकेशन एप, बूथ लेवल अधिकारी एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी किये जा सकते है।

## शहीद स्मारक पर हुआ शोक परेड का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में शहीद स्मारक पर शोक परेड का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने सभी शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नें पुलिस विभाग में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी दी। पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस स्मृति दिवस मनाये जाने के बारे में कर्मचारियों को बताया। पुलिस अधीक्षक नें बताया कि कर्तव्य पालन में प्राण उत्सर्ग करने को लेकर ही पुलिस स्मृति दिवस प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। सभी अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम में सभी शहीद हुए पुलिस कर्मियों को सलामी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह, सीओ अमृतपुर रविन्द्र कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहे।

## छत्रसाल इंटर कालेज जालौन मे डीएम और एसपी ने 67वे युवक समारोह के मार्च पास्ट की सलामी ली

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** छत्रसाल इण्टर कॉलेज जालौन के



क्रीड़ा प्रांगण में 67वां जनपद युवक समारोह के समापन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने मार्च पास्ट सलामी ली। छत्रसाल इण्टर कॉलेज के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत तथा महाराणा प्रताप की छात्राओं द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने छात्र एवं छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सर्वागीण विकास के लिए खेलकूद की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, अनुशासन एवं आपसी सद्भाव से प्रतिभागी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ खेल में हिस्सा ले। उन्होंने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि जनपद में कोई भी प्रतिभा की कमी नहीं है खेलने के लिए बेहतर माहौल दिया गया है स्टेडियम,मैदान सभी सुविधाएं देकर प्रतिभाशाली बच्चों को निखारने का काम किया जा रहा है। बढ़े हर्ष की बात है कि जनपद से देश के लिए प्रतिभाशाली बच्चों ने प्रतिभा किया है। उन्होंने कहा कि अभी तो सिर्फ जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हुई है अब आगे भी मंडल व प्रदेश तथा देश के लिए खेल कर अपने माता-पिता गांव शहर वह देश का नाम रोशन करें अपनी प्रतिभा को निखार कर जनपद के लिए मिशाल बने। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेलकूद शिक्षा एक अभिन्न अंग है इसके माध्यम से छात्र तथा छात्राओ की अनुशासन का उदय और चरित्र का विकास होता है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी जालौन सुरेश पाल, प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष शिवनंदन सिंह, केके गुर्जर, डॉ.धर्मेंद्र मिश्रा, पुरुषोत्तम कुशवाहा, रामअनुग्रह सिंह गुर्जर तथा राधेश्याम सिंह गुर्जर एवं रजत कुलश्रेष्ठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायत सुनी गई। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये। शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंइसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम धरवतियापुर राजापुर कौहार विकासखंड शाहगढ़ निवासी राजदेई पत्नी स्व. रामसेवक ने स्वयं के जीवित होने के उपरांत मृतक दिखाकर विधवा पेंशन बंद करने की शिकायत प्रस्तुत की जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी शाहगंढ़ को 5 दिन में जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तिलोई में 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण किया गया। तहसील अमेठी में 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 07 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

# चकमार्ग पर दबंग का कब्ज़ा, मुख्य विकास अधिकारी से की शिकायत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पीड़ित रामकांत व कृष्णकांत निवासी महमदपुर ने तहसील दिवस पर पहुंच कर दबंगों द्वारा चकमार्ग को बंद कर देने के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा को लिखित प्रार्थना पत्र दिया।जिसमें उन्होंने बताया है कि चकमार्क नंबर 132 व 133 व 96 को पड़ोसी काश्तकार ने जोतकर अपने खेत में मिल लिया है।पूर्ण रूप से चकमार्ग बंद है।जिसके कारण वहां से निकलने वाले राहगीरों को व प्रार्थी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।प्रार्थी ने मांग की है कि अवैध तरीके से जोते गए चकमार्ग को खुलवाकर कब्जा करने वाले दबंग के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।जब मीडिया द्वारा पूछताछ की गई तो रामकांत ने बताया कि इस चकमार्ग को लेकर कई बार कहासुनी भी हो चुकी है। रामकांत ने बताया है कि चक मार्ग पर कब्जा होने के कारण उन्हें वहां से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।दबंग किस्म के व्यक्ति रास्ते को छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। दबंग द्वारा पूर्ण रूप से रास्ते को जोत लिया गया है। दबंग व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस प्रशासन भी कार्रवाई करने में असमर्थ है। रामकांत ने मीडिया को बताया कि राजस्व विभाग ने समय रहते अगर इस चकमार्ग कों नहीं खुलवाया तो भविष्य में बड़ी घटना होने की आशंका है।

अब देखना यह है कि राजस्व विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।तहसील अमृतपुर ने दबंगों द्वारा चकमार्ग को बंद कर देने के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने बताया है कि चकमार्क नंबर 132 व 133 व 96 को पड़ोसी काश्तकार ने जोतकर अपने खेत में मिल लिया है।पूर्ण रूप से चकमार्ग बंद है। जिसके कारण वहां से निकलने वाले राहगीरों को व प्रार्थी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।प्रार्थी ने मांग की है कि अवैध तरीके से जोते गए चकमार्ग को खुलवाकर कब्जा करने वाले दबंग के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

# अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जन-शिकायतें सुनने के उपरांत उपस्थित अधिकारियों से कहा की विभिन्न स्तर से प्राप्त शिकायतों, संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में तेजी आई है, अधिकांश विभागों में शिकायत निर्धारित समयसीमा में निस्तारित की जा रही है लेकिन शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण शासन स्तर से काफी संख्या में असंतुष्ट फीडबैक मिल रहा है, अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, शिकायत का निस्तारण करने के पश्चात शिकायतकर्ता से अवश्य बात करें, उसके संतुष्ट होने के उपरांत ही निस्तारण आख्या अपलोड की जाए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता किए बिना निस्तारण आख्या अपलोड की जा रही है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी विभाग द्वारा निस्तारण आख्या बिना शिकायतकर्ता से वार्ता किये अपलोड की गई तो संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्यवाही होगी। श्री सिंह ने राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण में विलंब न किया जाए बल्कि तत्काल राजस्व, पुलिस की टीम गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निदान कराया जाए, कृत कार्यवाही पर दोनों पक्षों के साथ-साथ गांव के सभ्रांत व्यक्तियों के भी हस्ताक्षर कराये जाएं, एक बार पैमाइश, कब्जा दिलाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए तो उन्हें भू-माफिया में चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए, उनके विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई जाए। उन्होने कहा कि जन-शिकायतों का प्रभावी, समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण सम्बन्धित विभाग के अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, इसलिए सभी अधिकारी प्रत्येक शिकायत की खुद जानकारी रखें, अधीनस्थों पर निर्भर न रहें यदि अधीनस्थ के स्तर से शिकायत का निवारण किया गया हो तो खुद शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक लें। आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर के दूर-दराज ग्रामीण अंचलों से आए 55 फरियादियों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किए।

# अयोध्या की छवि विश्व पटल पर अंकित हुई

## एसएसवी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एसएसबी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को दीपोत्सव में प्रतिभागिता के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने कई जरूरी जानकारी हासिल की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरम्भ में प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने नोडल अधिकारी प्रोफेसर (डॉ) संत शरण मिश्रा और उप प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. संदीप रावत जबकि शिक्षक डॉ. उदयभान मिश्रा और अनिल मिश्रा व विवेकानन्द पाण्डेय ने विश्व विद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. अनुराग सोनी का अंगवस्त्र व बैज अलंकरण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी सहित समस्त आगंतुकों का स्वागत किया और विद्यालय की ओर से बेहतर प्रतिभागिता के लिए उन्हें आश्वस्त किया। उन्होंने कहा की अयोध्या की छवि विश्व पटल पर अंकित हुई है। वो सौभाग्यशाली होते



हैं जो अयोध्या में जन्म लेते हैं या फिर अयोध्या जैसी पावन नगरी के काम आते हैं। नोडल अधिकारी प्रोफेसर मिश्रा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एक चेतना हैं। जिनको आत्मसात किए बिना समझा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हनुमान जी यह हमेशा सोचते रहे वह राम के काम कैसे आएं। ऐसे में दीपोत्सव वह अवसर है जिसमें समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपना योगदान दे सकता है। इस दौरान आयोजित प्रशिक्षण में राम की पैड़ी व घाट पर लगाए जाने वाले दीपों के क्रम, उनकी श्रृंखला, कार्य और अन्य सावधानियां को छात्रों ने विधिवत समझा। छात्रों ने पीपीटी के माध्यम से दियों को सुसज्जित करने और प्रज्वलित करने के कम की भी जानकारी ली, उससे संबंधित प्रश्न भी पूछे तो दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रोफेसर (डॉ) मिश्र ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया। वहीं सहायक आचार्य डॉ संदीप रावत और योग विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ अनुराग सोनी ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न क्रियाकलापों को विस्तार से सभी के समक्ष रखा। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि दीपोत्सव से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान विद्यालय स्तर पर उनके माध्यम से किया जा सकेगा। आयोजन के दौरान विद्यालय के शिक्षक संजय मेहरोत्रा, जयेंद्र पाठक सहित कई शिक्षक और कर्मचारी व दीपोत्सव के प्रतिभागी 400 से अधिक छात्र मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत हुई सम्पन्न

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई अयोध्या में जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में पंचायत सम्पन्न हुई पंचायत में प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा ने सम्बोधन में किसानों को भारतीय किसान यूनियन के संगठन को मजबूत करने के लिय विशेष चर्चा किया पिछले 16 सूत्री ज्ञापन के निस्तारण के लिए कुलभूषण यादव नायब तहसीलदार नगर को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडेय ने संबोधन ने कहा की भारतीय किसान यूनियन संगठन का विस्तार करने के संबंध में सभी ब्लॉकों का चयन और सभी ब्लॉक तहसीलों पर चयन करके संगठन को गांव-गांव चौपाल लगाकर । बढ़ाया जाएगा पंचायत में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडेय जिला प्रमुख महासचिव डॉक्टर रामजन्म वर्मा तहसील अध्यक्ष रामबरन व निर्मला देवी तारून ब्लॉक अध्यक्ष राम सुख प्रजापति अनार देवी लाल जी हंसराज ग्राम सभा अध्यक्ष संगीता ग्राम सभा अध्यक्ष सुक्खापुर इटौरा कृपाराम उर्मिला सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शेष नाथ सिंह का उप निरीक्षक के पद पर हुआ प्रमोशन

## 33 वर्ष पूर्व आरक्षी के पद पर हुई थी पहली नियुक्ति, कई घटनाओं का कर चुके हैं खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिलनसार व्यक्तित्व की धनी साधारण किसान परिवार में जन्म लेने वाले चार भाइयों में सबसे छोटे विभागीय कर्तव्यों को पालन करना ही अपना आदर्श मानने वाले मुख्य आरक्षी शेषनाथ सिंह का प्रमोशन उप निरीक्षक पद पर हुआ है जिन्हें शनिवार को क्षेत्राधिकारी अयोध्या शैलेंद्र कुमार गौतम ने कोतवाल अयोध्या मनोज शर्मा की उपस्थिति में स्टार लगाकर बधाई दिया है। उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने के बाद एस एन सिंह ने बताया कि उनकी नियुक्ति अक्टूबर 1990 में जनपद आजमगढ़ में आरक्षी पद पर हुई थी ।आरक्षी की ट्रेनिंग 36 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी में हुई थी। स्पेशल ट्रांसपोर्ट व टास्क फोर्स में तैनाती के दौरान 53 गैरकानूनी पिस्टल भी बरामद कराया। आजमगढ़ अंबेडकर नगर व प्रयागराज के बाद



अयोध्या जनपद में नियुक्त हुई है । एस एन सिंह ने बताया कि उनके परिवार में सबसे बड़े भाई डॉक्टर रमाशंकर सिंह टेलीकॉम में एसडीओ दूसरे भाई एनपी सिंह गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में प्राचार्य के पद पर रहे हैं तथा तीसरे भाई विनोद सिंह खेती का कार्य देखते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पूर्व आईजी लाल जी शुक्ल द्वारा कर्तव्य निष्ठा के लिए दिए गए मंत्र का पालन करने का पूरा प्रयास करता हूं । एस एन सिंह के उप निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर उनके चाहने वालों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

## मरीजों को सुविधा प्रदान करना प्रथम प्राथमिकता होगी

**अयोध्या।** राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल देवकली में चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण के बाद होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने चिकित्सा कार्य प्रारंभ कराते हुए कहा कि मरीजों की सुविधा का ध्यान रखना उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी नए चिकित्सालय भवन में मरीजों की जांच की निशुल्क व्यवस्था की गई है इस अवसर पर डॉ उपेंद्र सिंह डॉ शैलेंद्र कुमार यादव डॉ माधुरी गौतम डॉ केशव गोस्वामी डॉ तुलसीराम डॉ पीएस त्रिपाठी डॉ अनुराग यादव डॉ जावेद डा नेमा डॉ सक्सेना डॉ अवनीश राय डॉ पवन डॉ अनुपम सक्सेना डॉ अंजु सिंह डॉ कीर्ति पांडे डॉ सौम्या रघुवंशी डॉ रिचा पांडे सहित सभी चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवा दिया।

## जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले दो वांछित आरोपी दबोचे

सहारनपुर। थाना सरसावा पुलिस ने फर्जी प्रपत्र तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने बताया कि अपराध नियन्त्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस ने फर्जी प्रपत्र तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 02 वांछित अभियुक्तों मनव्वर पुत्र जियाऊलहक व तासीन पुत्र कौशर थाना क्षेत्र सरसावा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तो ने बताया कि वह लोग कलीराम की जमीन यशपाल के पिता पुल्लू को सड़क के किनारे मंहगे दाम होने के कारण बिकवायी थी। बाद में उनके मन में लालच आ गया। उन लोगों ने योजना बनाकर फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन को दोबारा राज रानी को बिकवा दिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेश कुमार, उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार, हैड कांस्टेबल नितिन कुमार, अजय राठी, तरूण कुमार, कांस्टेबल विनित कुमार शामिल रहे।

## महिला जूडो लीग होगी आजः दीपक

**सहारनपुर।** खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत महिला जूडो लीग 22 अक्टूबर से आयोजित की जा रही है जिसमें विभिन्न राज्यों से महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार के अभियान के अंतर्गत खेलो इंडिया जूडो महिला लीग 22 अक्टूबर से मुन्नालाल महाविद्यालय में आयोजित की जा रही है। नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाए जाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## रहस्यमय परिस्थितियों में किशोर लापता

**तारुन -अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गायत्री सर्वोदय विद्यालय खनुवांवा कछौली में अध्यनरत दो सगे भाइयों में बड़ा भाई शिवा तिवारी छोटे भाई सक्षम तिवारी को स्कूल गेट पर छोड़ 18 अक्टूबर को प्रातः रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया।जिसकी खोजबीन को लेकर परिजन परेशान व हैरान हैं। लापता किशोर के पिता ने मामले में पूराकलंदर पुलिस सहित गयासपुर चौकी पुलिस में शिकायत कर गायब किशोर के खोजबीन को मदत मांगी है। पीड़ित का कहना है कि गायब बेटा उक्त स्कूल का कक्षा 8 का छात्र है।जबकि छोटा भाई सक्षम तिवारी कक्षा 2 का छात्र हैं। गयासपुर चौकी प्रभारी मिथलेश सिंह का कहना कि किशोर के गायब होने की शिकायत उसके पिता अजय कुमार तिवारी ने की थी कि उनका लड़का कोडरी चौराहे से गायब हो गया हैं।लेकिन घटना क्षेत्र पूराकलंदर थाना क्षेत्र होने के कारण उन्हें वहां भेज दिया गया था।

## अभावों में संकल्पित आत्मबल व समर्पण से मोदी बने वैश्विक व्यक्तित्वः राम गोपाल काका



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिशन मोदी अगेन पीएम अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका ने अयोध्या प्रवास के दौरान जनपद के वरिष्ठ संभ्रांत जनों के साथ संवाद में कहा कि वैश्विक परिदृश्य में वर्तमान भारतीय संस्कृति के सम्मान व स्वीकार्यता में अभावों में पले बढ़े एक सामान्य भारतीय का अपने संकल्पित आत्मबल और समर्पण के सहारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस प्रकार समस्त विश्व मे स्वीकार्य हुए वह राजनीति में प्रवेश करने वाले प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणा, आदर्श, अध्ययन व चिंतन का विषय बन जाता है।अयोध्या के प्रत्येक युवा को प्रभु श्री राम के आदर्श व मर्यादा को अपने व्यक्तित्व में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर मिथिलेश पांडे,प्रदेश महामंत्री रमेश सिंह चौहान,यस यम त्रिपाठी, डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी, शिशिर कुमार मिश्र, डॉक्टर सुशील मिश्रा, उपेंद्र तिवारी, पार्षद अभिनव पांडेय, अयोध्या प्रभारी नीलम मिश्रा, श्री नारायण उपाध्याय, और महिला प्रकोष्ठ से सुनीता यादव, श्यामा वर्मा, पूनम , कंचन मिश्रा , आदि उपस्थित रहे , बैठक का संयोजन एवं संचालन राजकुमार पांडेय ने किया।

## बीकापुर ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ प्रतिभाओं का सम्मान समारोह

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** इंडो श्रीलंका (कोलम्बो) अंडर-19 टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बिलैटरल कप जीतने पर अयोध्या की खेल प्रतिभाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम बीकापुर ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित किया गया। श्रीलंका से खेल प्रतियोगिता जीतने के बाद अपने कोच रामेंद्र सिंह के साथ दोपहर में बीकापुर पहुंची तीनों बेटियों टीम की कप्तान नीलम निषाद, तृप्ति और आदबिया बानो का ढोल नगाड़ा, तिरंगा झंडा और पुष्प वर्षा के साथ ग्राम प्रधानों, खेल प्रेमियों और ब्लाक कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति के जज्बे के साथ स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम स्थल विकासखंड सभागार को तिरंगा झंडा और तिरंगे रंग के गुब्बारे के साथ सजाया गया था। तीनों खिलाड़ियों के साथ सामूहिक राष्ट्रगान भी गया गया। श्रीलंका कोलंबो में 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए गए इंडो श्रीलंका अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया था। अंडर-19 खिलाड़ियों की टीम में बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के पातूपुर ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी



पूनम की पुत्री तृप्ति भी है। तृप्ति निवासी सदर बाजार अयोध्या के अलावा अयोध्या जनपद की दो अन्य बेटियों नीलम निषाद गुप्तार घाट, अदबिया बानो राठ हवेली अयोध्या द्वारा भी इंडो श्रीलंका (कोलम्बो) अंडर-19 अंतर्राष्ट्रीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि टीम की कप्तान नीलम निषाद के नेतृत्व में भारत की टीम ने श्रीलंका में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को हराकर बिलेटरल कप जीतकर 2..1 से सीरीज अपने नाम किया है जो रामनगरी के लिए गौरव की बात है। ब्लॉक प्रमुख द्वारा पातूपुर पंचायत में इंटरलॉकिंग सड़क का नामकरण तृप्ति के नाम पर करने की घोषणा किया। खंड विकास अधिकारी गौरीश श्रीवास्तव द्वारा श्रीलंका में अपने चौको छक्कों की बरसात करने वाली बेटियों को शुभकामना देते हुए उनसे उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष विजय गौड़ ने किया। स्वागत समारोह कार्यक्रम में प्रधान मुकेश निषाद, श्रवण कुमार शर्मा, सोनू, सुभाष वर्मा, मोहम्मद नफीस, अहमद रजा, क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे, लालमणि निषाद सहित दो दर्जन ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी सहित क्षेत्र के खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के लिए निगम की महिलाओं ने भी दिए सुझाव

## मिशन शक्ति के तहत नगर निगम में महिला संगोष्ठी का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में शनिवार की दोपहर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत एक महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर निगम की महिलाओं ने अनेक सुझाव दिए। निगम की महिला कर्मचारियों ने निगम परिसर मे बनाए गए सेल्फी प्वांइट पर सेल्फी भी ली।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर मिशन शक्ति के अंतर्गत आज नगर निगम में आयोजित महिला संगोष्ठी में अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने निगम की महिला कर्मचारियों से महिला सशक्तिकरण पर सुझाव मांगे। उन्होंने निगम की महिला समिति के और अधिक सक्रिय होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को व्यवहारिक रुप से क्रियान्वित करने के लिए नगर निगम अपने परिसर से ही इसकी शुरुआत करना चाहता है। महिला कर्मचारियों द्वारा सुझाव के क्रम में कंट्रोल रुम की मंजू ने गांधी पार्क की ही तरह निगम परिसर में एक पिंक शौचालय बनवाने, हर माह महिला समिति की एक बैठक आयोजित करने तथा आने वाले लोगों विशेषकर महिलाओं के लिए विभाग की सूचना और उनके द्वारा होने वाले कार्यो के विवरण के साथ दिशा सूचक बोर्ड लगवाने पर जोर दिया। हाउस टैक्स की आंचल ने महिला कैंटीन की आवश्यकता तथा गुरुविंदर ने हाउस टैक्स और स्वास्थय विभाग के कार्यालयों में केबिन आदि को बड़ा करने आदि व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने का सुझाव दिया। गोष्ठी में मधु, उषा, सुनीता, आरती, उमा जैन, सिमरन, भावना, आयुषी, मनी जैन, हिमानी, ऋतिका, शिवानी, शिप्रा, प्रवीन सहित सभी महिला कर्मचारी मौजूद रही। बाद में सभी महिला कर्मचारियों ने निगम परिसर में बनाये गए सेल्फी प्वांइट पर सेल्फी ली।

## थाना नागल साईबर सेल ने पीड़ित के खाते में कराये 2 लाख रूपये वापिस

**सहारनपुर।** थाना नागल साईबर सेल ने साईबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के खाते में कुल 2,00,000 रूपये की धनराशि वापस करायी। गौरतलब रहे कि 23 मई 2023 को हरपाल सिंह पुत्र मुकन्दा निवासी ग्राम सीडकी थाना नागल ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें धोखाधडी से बीमा कम्पनी का अधिकारी बनकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 2,00,000 रूपये इन्डियन बैंक तथा 49,999 रूपये आईडीएफसी बैंक में ट्रांसफर करा लिये थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में साईबर अपराध रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीमती कुसुम भाटी के नेतृत्व में थाना नागल पर गठित साईबर सेल टीम ने उक्त प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये शिकायतकर्ता हरपाल सिंह पुत्र मुकन्दा निवासी ग्राम सीडकी थाना नागल की धोखाधडी में गई पूरी धनराशि होल्ड करा दी गई थी।

## अशोक वाटिका, लंका दहन और अंगद संवाद का सफल मंचन किया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री आशुतोष रामलीला समिति द्वारा आयोजित 12वीं श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में रावण अंगद संवाद की लीला का सफल मंचन किया गया। रावण के अभिनय में राजेंद्र यादव, मेघनाथ के अभिनय में जय कालड़ा और अंगद के रूप में लक्की भण्डारी ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को तालियाँ बजाने को मजबूर कर दिया। इससे पूर्व प्रभु श्री राम का समुन्द्र के तट पर भगवान शंकर की पूजा करना, नल व नील द्वारा समुन्द्र पर पुल का निर्माण आदि मनोहरी लीला का प्रस्तुतिकरण किया गया। लीला के दौरान श्री रामलीला के मुख्य संयोजक संजय भसीन द्वारा रोजाना की भांति लीला देखने पहुँचे हुए बच्चों से रामलीला से संबंधित पांच प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले बच्चों को यूबोंन कंपनी के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर सरदार हरप्रीत सिंह सचदेवा के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत बच्चों के लिए एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया, जिस पर बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गौरव चौधरी, महामंत्री राकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मोहित छाबड़ा, गौरव पुरी,



संजय भसीन, विजय कुमार, डॉ.एमपी सिंह चावला, अमित वत्ता, राजन कक्कड़, सन्नी भाटिया आदि मौजूद रहे। भारतीय कला संगम श्री रामलीला सभा रेलवे टी-2 कॉलोनी में सेतु बांध, रावण अंगद संवाद का सुंदर मंचन किया गया। रावण व अंगद के संवाद न दर्शको का दिल जीत लिया। वरिष्ठ निदेशक अशोक कोहली, निर्देशक अरुण भारती के निर्देशन में सेतु बांध, रावण अंगद संवाद का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि एंटी करप्शन टीम के नेशनल चेयरमैन गौरव गाबा व उनकी पूरी टीम व ज्वालापुर विधायक इंजीनियर रवि बहादुर द्वारा किया गया। राम और लक्ष्मण के रूप में नितिन वालिया, अभिषेक अरोड़ा, हनुमान गगनदीप, रावण सुनील रत्न, मेघनाथ प्रवेश चौधरी व अंगद तुषार शर्मा न अपने सुंदर अभिनय से अमिठ छाप छोड़ी। कार्यक्रम में सभा के प्रधान जसबीर सिंह मोघा, संचालक सुरेंद्र मोघा, बीबी राय, उप प्रधान मौ.फारूख, संचालक सुरेंद्र मोघा महामंत्री अनिरुद्ध, कोषाध्यक्ष प्रमोद धीमान, चेतन कौशिक, दीपक मलिक, कमल मखीजा, दीपक लखेड़ा, गगनदीप, गगन गुलाटी, आयुष अरोड़ा, तरुण वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के सुभाष बने जिलाध्यक्ष

**सहारनपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के आयोजित कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष जताया गया। देहरादून रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित बैठक में प्रदेश महासचिव मौहम्मद बाबर गाजी ने सुभाष चन्द्र को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की, जिस पर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मौहम्मद बाबर गाजी ने कहा कि पार्टी जिले में मजबूत हो रही है। ओम प्रकाश राजभर की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर एनडीए को मजबूत कर रहे हैं, वही 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुफ़रान अली, अफ़शा आज़मी महिला मंच जिला मंडल मीडिया प्रभारी, अकरम प्रधान, अरशद मिर्जा, भोलू, आकाश, पीलू आदि मौजूद रहे।

## तस्करी रोकने में असफल ठूठीबारी एसओ निलम्बित

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** ठूठीबारी थानाध्यक्ष उमेश कुमार को लापरवाही के आरोप में शनिवार को पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने निलंबित कर दिया। निलम्बित थानाध्यक्ष उमेश के स्थान पर कंचन राय को ठूठीबारी कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के अनुसार ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार मवेशियों की तस्करी की शिकायत मिल रही थी। वही आधी रात को बड़ी संख्या में बकरे बरामद किए गए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल आधी रात को ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर चौकी के पास एसएसबी को भारी संख्या में बकरे का तस्करी द्वारा नेपाल के जाने की गुप्त सूचना मिली। आनन फानन में एसएसबी ने गश्त बढ़ा दी फिर चटिया बार्डर पर चार पहिया वाहनों से बर्बरता पूर्वक बकरा लाद कर नेपाल में घुसने का प्रयास कर रहे तस्करों को दबोच लिया। जब गाड़ी को खोल कर चेक किया गया तो अंदर एक गाड़ी में 56 बकरे और दूसरे गाड़ी में 55 बकरे पाए गए। तत्काल एसएसबी ने ड्राइवर सहित गाड़ी जब्त कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया लेकिन थानेदार द्वारा तस्करों पर कार्यवाही न करते हुए छोड़ दिया गया जिससे नाराज कप्तान ने ठूठीबारी थानेदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उनके जगह पर नए थानेदार के रूप में महिला थानाध्यक्ष कंचन राय को नया थानेदारी सौपी गई है।

## बिना यू-डायस कोड के संचालित स्कूलों पर होगी कार्यवाही

**महराजगंज।** बिना यू डायस के विद्यालय संचालन करने पर होगी कड़ी कार्यवाही। इसकी जानकारी देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि ऐसे विद्यालय जिनकी मान्यता वर्ष 2021 के पूर्व की है तथा उनका यू-डायस कोड आवंटित नही हुआ है वह यू-डायस कोड प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि मान्यता प्रमाण-पत्र एवं निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण-पत्र यू-डायस पोर्टल पर अपलोड किये जाने पर ही उनके आवेदन पर विचार किया जायेगा। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपने विकास क्षेत्र में स्थित ऐसे विद्यालय जिनकी मान्यता वर्ष 2021 के पूर्व की है।

## आग पर नियंत्रण पाने के लिए लोगो को किया जागरूक

**महराजगंज।** सिसवा और निचलौल में शनिवार को अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके बताएं। इसमें पंडालों में भीड़ भाड़ और विद्युत कारणों से लगने वाली आग पर नियंत्रण पाने का उपाय भी बताया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी जसवीर सिंह ने बताया कि पांडलो के समिति सदस्यों को आग से बचाव के उपाय बताए गए है। जिसमें उन्होंने पंडालों में पानी की व्यवस्था, निकास मार्ग को दुरुस्त रखना और बिजली के तारों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा की किसी भी हादसे के समय अपना आपा नहीं खोना है धैर्य और सूझबूझ से बड़ी घटना को भी रोका जा सकता हैं। इस दौरान अग्निशमन यंत्र के माध्यम से आग को नियंत्रित कर भी बताया गया। साथ ही पंपलेट वितरित कर भी जागरूक किया गया। रसोई गैस में आग लगने पर बचाव का उपाय बताते हुए प्रत्यक्ष रूप से जानकारी भी दी गई। इस दौरान ध्यान सिंह चौहान, फायरमैन बैजनाथ यादव, मार्कण्डेय विश्वकर्मा, सौरभ सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलास्तरीय समाधान दिवस निचलौल में, 15 मामले का हुआ निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन निचलौल तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 65 मामले पेश आये, जिसमें 15 मामलों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

जिलाधिकारी ने 05 मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम का गठन करते हुए स्थलीय जाँच कर निस्तारण का निर्देश दिया। अवशेष मामलों के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार वादों को निस्तारित करें।

जिलाधिकारी ने सिसवा बाजार के ग्राम चमकौली में 04 दिन से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत मिलने पर कड़ा रोष व्यक्त किया और संबंधित जेई का वेतन बाधित करते हुए विभागीय कार्यवाही का निर्देश दिया।

उन्होंने सम्पूर्ण समाधान के अंत मे सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी प्रयास करें कि जिन मामलों का निस्तारण समाधान दिवस के दौरान हो सकता है, उन्हें समाधान दिवस के दौरान ही निस्तारित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिनमे आवश्यक हो, उन्ही में समय लें और समयान्तर्गत कार्यवाही कर निस्तारण सुनिश्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, उपजिलाधिकारी निचलौ सत्यप्रकाश मिश्रा, तहसीलदार सदर राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम (प्रो) सुधीर कुमार सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, एसडीएम फरेंदा श्री रमेश कुमार, पीडी रामदरश चौधरी व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामलीला का मंचन कर बच्चों ने मनमोहा



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** स्थानीय स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को दशहरा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें बच्चों ने रामलीला का मंचन किया।

विद्यालय परिसर में बच्चों ने दशहरा पर्व के अवसर पर रामलीला मंचन का आयोजन किया। जिसमे बुराई के रूप में रावण का प्रतीकात्मक पुतला बनाकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा दहन कराया गया।विद्यालय के प्रबंधक एनबी पाल ने बच्चों को रावण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि रावण जैसा बुद्धिमान व ज्ञानी उस दौर में भी दूसरा कोई नहीं था। लेकिन उनके अंदर के अहंकार एंव दुर्गुणों ने न सिर्फ उनकी सोने की लंका को भी जलाकर बर्बाद कर दिया। बल्कि स्वयं एंव अपने परिवार को काल के गाल में ढकेल दिया। प्रधानाचार्य रवीन्द्र सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संजय सिंह, उमेश यादव, विनोद सिंह, अफजल खान, भूपेंद्र सिंह, सत्या उपाध्याय, राशि सिंह, सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर चैयरमैन ओमकार गुप्ता ने धार्मिक अनुष्ठान कर की सुख शांति की कामना



अवधनामा संवाददाता

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा कार्यालय में नवरात्रि महोत्सव पावन पर्व पर चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने धार्मिक अनुष्ठान कर सुख शांति की कामना की गई। इस बार नवरात्रि की सप्तमी तिथि व शनिवार के अद्भुत समागम के बीच नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यालय परिसर में शक्ति स्वरूपा जगत जननी की पूजा आराधना के साथ सुंदर पाठ, हवन, पूजन के साथ ब्राह्मणों को भोजन भी कराया।

शासन के निर्देशानुक्रम में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच हुए इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के साथ सभी सभासदों व नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। नवरात्रि की सप्तमी तिथि शनिवार को सुबह पूजा आराधना के लिए नगर पंचायत कार्यालय की साफ सफाई की गई व रंगोली बनाकर सजाया गया। इसके बाद चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने पुरोहित के निर्देशानुसार पूजा आराधना शुरू कर लोगों की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। नवरात्रि की विशेष पुजा अर्चना व सुंदरकांड के बाद हवन पूजन कर 11 ब्राह्मण को भोजन कराकर दान दक्षिणा की परंपरा का भी निर्वाह करते हुए चेयरमैन व सभासदों के साथ सभी मौजूद लोगों ने आशीर्वाद लिया।

# सयुंक्त सचिव, उर्वरक एवं रसायन ने किया इंडिकेटर्स से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



अनीता सी मेश्राम ने किया नीति आयोग के अंतर्गत हो रहे कार्यों की सराहना

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सयुंक्त सचिव, उर्वरक एवं रसायन विभाग, भारत सरकार/केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग सिद्धार्थनगर श्रीमती अनीता सी मेश्राम की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में शनिवार को आकांक्षात्मक ब्लॉक खेसरहा में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित इंडिकेटर्स से संबधित विन्दुओ की समीक्षा बैठक विकास खंड खेसरहा के सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती अनीता सी मेश्राम द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं मूलभूत सुविधाओ से संबधित विन्दुओ की समीक्षा की गयी। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक खेसरहा ने बताया कि कार्य योजना तैयार कर लिया गया है कैंप के माध्यम से लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। संस्थागत प्रसव बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा इसके लिए सभी ए एन एम/आशाओं को निर्देश दिया गया है। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है टीकाकरण शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। दवा उपलब्ध है। गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को पोषाहार वितरण के बारे में बाल विकास परियोजना अधिकारी खेसरहा ने बताया कि पोषाहार की आपूर्ति ना हो पाने के कारण अभी सबको पोषाहार नहीं मिल पा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का समय-समय पर वजन कराया जाता है जिसका डाटा पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड किया जाता है। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मृदा परीक्षण के लिए दो गांव चिन्हित किए गए थे जहां पर 218 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना के तहत कनेक्शन करने का कार्य चल रहा है जहां तक कार्य पूर्ण हो गए हैं वहां पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ओडीएफ प्लस की प्रगति के बारे में बताया गया कि ओडीएफ प्लस के लिए जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

चिन्हित गावों में आर आर सी सेंटर, खाद गड्ढा, कूड़ेदान आदि बनाने का कार्य चल रहा है। सयुंक्त सचिव, उर्वरक एवं रसायन विभाग, भारत सरकार श्रीमती अनीता सी मेश्राम द्वारा नीति आयोग के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई । उन्होंने कहा कि इस जनपद को नीति आयोग के द्वारा कई अवॉर्डों से सम्मानित किया गया है। सभी संबंधित अधिकारी बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करे जिससे यह आकांक्षात्मक जनपद एवं आकांक्षात्मक विकासखंड की श्रेणी से बाहर निकल सके। इस कार्य के लिए ग्राम प्रधानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है ब्लॉक लेवल पर ग्राम प्रधानों के साथ मीटिंग करने का निर्देश दिया गया। स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड 100 प्रतिशत उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बी एस यादव, डीसीएनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती, खंड विकास अधिकारी खेसरहा, बाल विकास परियोजना अधिकारी खेसरहा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आलापुर, अंबेडकरनगर में चल रहे गणित किट के प्रभावी प्रयोग हेतु प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चतुर्थ बैच का समापन प्रशिक्षण प्रभारी वीना चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गणित का अत्यधिक महत्व है। आधुनिक युग में सभ्यता का आधार गणित ही है। गणित को व्यापार का प्राण एवं विज्ञान का जन्मदाता माना जाता है। गणित ऐसा विषय है जो पूर्ण रूप से हमारे दिनचर्या में सम्मिलित है। बच्चों में गणित की संक्रियाओं की अवधारणा की स्पष्टता अति आवश्यक है और यह गणित किट के माध्यम से बहुत आसानी से किया जा सकता है। शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह इस गणित किट का प्रयोग रोचक ढंग से करें।प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया ।प्रस्तुतिकरण के दौरान प्रशिक्षणर्थियों ने बताया कि गणित किट के अंदर सभी सामग्रियों का प्रयोग विभिन्न तरीकों से कर सकते हैं। जानकारी का अभाव लेकिन इस प्रशिक्षण द्वारा मार्गदर्शन और एक दिशा मिली। एक स्पष्टता के साथ हम इन सामग्रियों का उपयोग कर बच्चों को गणित की संक्रियाओं के विषय में अवगत कराएंगे। प्रशिक्षणर्थियों ने मांग की कि इस प्रकार का प्रशिक्षण समय समय पर होना चाहिए। सैयद मामून, संगीता कनौजिया एवं डॉ अमरेंद्र गौतम ने संदर्भदाता के रूप में तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डायट के प्रवक्ता अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ सुरेश, शुचि राय, डॉ कृष्ण, नित्येश प्रसाद तिवारी, अब्दुल फैजान, दिनेश कुमार मौर्य, राकेश कुमार वर्मा, राम सूरत, मोहम्मद अफजल, श्याम बिंद शशिकांत उपस्थित रहे।

# सचिव के पिता व खण्ड विकास अधिकारी से दस हजार की घूस मांगने पर नोकझोक हुआ

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** ब्लॉक परिसर में स्थापित साधन सहकारी समिति कुदरदा पर तैनात सचिव के पिता व खण्ड विकास अधिकारी से दस हजार रुपये घूस मागने पर जमकर नोक झोक हुआ। इतना ही नही हाथापाई की भी नौबत आ गयी। मौजूद किसानों ने बचबचाव कर मामले को शांत कराया। नोकझोक के मामले का वीडीओ जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साधन सहकारी समिति पर गुरुवार की शाम सचिव राजकुमार पाल के पिता उग्रसेन पाल डीएपी खाद वितरित कर रहे थे। जो पूर्व में साधन सहकारी समिति पिपरपाती के सचिव रह चुके है। किसानों के अनुरोध पर पिता ने किसानों से आधार कार्ड लेकर डीएपी खाद दे रहे थे कि खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी समिति पर पहुंच गए और सचिव के कमरे में जा कर किसानों को लाइन से खड़ा कर वितरण करने की बात कहते हुए सचिव के पिता के ऊपर आपा खो बैठे। फिर नोक झोक शुरु हो गया। जिस पर किसानों ने भी वीडीओं के प्रतिक्रिया का विरोध किया और दोनों में जमकर बहस हुआ। जिसमें वीडियो ने सचिन पर हाथ उठाते हुए देख लेने की धमकी दी। जिस पर किसानों ने वीडियो का विरोध किया और वे अपने चेम्बर में वापस लौट गए। खाद वितरण कर रहे उग्रसेन पाल ने बताया कि मेरा बेटा वर्तमान में सचिन है जो रुपया जमा करने के लिए बैंक गया था। किसानों के कहने पर वितरण कर रहा था। किसानों को कोई आपत्ति नहीं थी। वीडीओं साहब के साथ रहने वाले ब्लॉक कर्मी दो बोरी खाद मागे तो मैं दे दिया। जब रुपया मांगा तो चले गए और सब से शिकायत किए। जिस पर साहब आए और किसानों को लाइन लगवाने के बहाने सब को बाहर कर दिया। इसके बाद दस हजार रुपया मांगने लगे। रुपया न देने पर बिना किसी बात के अपशब्द कहते हुए मारने दौड़े। किसानों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। वीडियो वायरल होने की बात पर कहां की सहब के साथ के ही लोग वीडियो बना रहे थे। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी से मामले में पूछे जाने पर बताया कि घूस मांगने की बात निराधार है। भीड़ देख समिति पर मैं गया और लाइन से खाद वितरण करने को कहा। जिस पर सचिव के पिता ही मेरे ऊपर बिगड़ गए। मेरा कोई आदमी का लेने नहीं गया था।

## पेट की परीक्षा 28 व 29 को

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पेट) 2023 आगामी 28 एवं 29 अक्टूबर को जिले के 26 केंद्र पर संपन्न होगी। परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षतापूर्वक एवं शुचिता पूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता, सजगता, अनुशासन एवं निर्धारित समय सारणी का पालन करने के लिए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में उन्होंने कहा कि परीक्षा की अवधि दो घंटा होगी, जिसमें अभ्यार्थियों को 100 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र का गेट परीक्षा शुरू होने से 2 घंटा पूर्व खोला जाएगा एवं आधे घंटे पूर्व बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों को बैग, मोबाइल एवं अन्य सामान सुरक्षित रखने के लिए गेट पर ही क्लॉक रूम तैयार रखेंगे।

# शान्ति कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** दशहरा पर्व पर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत पालन करना सभी मूर्ति आयोजको के लिए अनिवार्य है जिसमें माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन करना जरूरी है किसी भी दशा में शहर के अंदर 55 डेसिबल साउंड की ध्वनि से अधिक नहीं होना चाहिए ऐसा न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी उक्त बातें पुलिस चौकी बढ़नी के प्रांगण में आयोजित शान्ति कमेटी को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कही। एसडीएम प्रदीप यादव ने उपस्थित जनों को तेज साउंड बजाने पर क्या-क्या धाराएं लगा सकती हैं उसके बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि मात्र 6 साउंड ही आप लोग लगाएंगे और बाहर से किसी भी तरीके का डीजे नहीं मंगवाएंगे न ही जो वाइब्रेट करने वाला साउंड होता है उसका उपयोग करेंगे शासन के नियमों को न मानने वालों के विरूद्ध तथा साउंड मलिक के ऊपर 60000 का जुर्माना लगाया जाएगा साथ ही साउंड को बुक करवाने वाले के ऊपर भी उचित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारी इच्छा है कि प्रत्येक वर्षों की बात रामलीला मैदान में मूर्तियों को न लाकर दिन में 3 बजे पहुंचाए जिससे मेले के रूप में परिवर्तित किया जाए और हम सभी के घरों की बहन बेटियां भी दर्शन पूजन कर सकें। सभासद निजाम अहमद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि माता रानी की विदाई बहुत ही शांतपूर्ण माहौल में और अच्छे ढंग से होना चाहिए जैसा कभी पहले बढ़नी में होता था। सभासद शतीस शर्मा ने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली पर प्रतिमा की ऊंचाई रेलवे क्रॉसिंग गेट पर लगे हाई टेंशन तार को देखते हुए निर्धारित करें क्योंकि इसमें हमेशा बिजली दौड़ती रहती है जिससे किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो। थाना ढेबरुआ के इंस्पेक्टर शशांक सिंह ने आए हुए मां दुर्गा की स्थापना करने वालों से तीन बातों पर अपील करते हुए कहा कि आप लोग खास कर पंडाल के पास किसी भी तरीके का ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करें तथा हर पंडाल के अगल-बगल बोरियों में मिट्टी अथवा बालू भरकर रखे किसी भी अप्रिय घटना होने पर तुरंत राहत पहुंचा जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अरुण कान्त सिंह, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव, राजन श्रीवास्तव, गणेश अग्रहरि, मो इब्राहिम, निजाम अहमद, गोपाल रौनियार, पाटेश्वरी अग्रहरि, नागेन्द्र गुप्ता, सतीश शर्मा, धीरेन्द्र त्रिपाठी, विवेक गुप्ता, बृजेश अग्रहरि, आदि मौजूद रहे।

## अर्चिष्मान मिश्र की अध्यक्षता में मण्डल कार्यशाला सम्पन्न

**सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका परिषद मण्डल की वोटर चेतना अभियान द्वितीय चरण की मण्डल कार्यशाला शनिवार को नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यंत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है। नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र ने कहा की महाअभियान में पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता की सहभागिता सुनिश्चित होगी। वोटर चेतना महाअभियान से लोकसभा चुनाव में विजय आसान होगी और नरेन्द्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ तहसील संपूर्ण समाधान दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील कार्यालय सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें कुल 57 मामलें पेश हुए और मात्र 4 प्रकरण का मौके पर निस्तारण हुआ। समाधान दिवस में अधिकतर मामलें जमीन विवाद से संबंधित थे। जिनके जल्द निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान एस डी एम प्रमोद कुमार, तहसीलदार राहुल सिंह, नायब तहसीलदार राघवेंद्र पान्डेय, अमित सिंह, बिंद्रेश गुप्ता, खंड विकास अधिकारी बांसी लालजी शुक्ल, सतीश सिंह, खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, राम सिंह, सीडीपीओ बांसी नीलम वर्मा, मिठवल प्रियंका वर्मा, एडिओ पंचायत बांसी अजय राय, मिठवल अवधेश श्रीवास्तव सहित तहसील के समस्त विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुआ तहसील समाधान दिवस का आयोजन

# प्रकरण लम्बित पाया जायेगा, तो सम्बन्धित के विरूद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सदर तहसील नौगढ़ में शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी ने तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मेघवरण, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि जितेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड आरके नेहरा, तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वालम्बन पर जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर जलालपुर के मुलायम सिंह यादव महिला पीजी कालेज में शनिवार को जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिस में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये नारी शक्ति को उन के अधिकारियों से अवगत कराया। प्रबन्धक फूलचंद यादव की अध्यक्षता व छात्रा मुस्कान गुप्ता के संचालन में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ जलालपुर देवेंद्र कुमार मौर्य रहे। सीओ ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की तरफ से चलाई जारही विभिन्न योजनाओ के साथ ही बच्चियों को अलग अलग हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दिया और कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव उन की मदद को ततपर है जरा भी असहज महसूस होने पर हेल्पलाइन के नम्बरों पर सम्पर्क करें दस कदम के बाद ही पुलिस मौजूद मिलेगी। कोतवाल जलालपुर जयप्रकाश सिंह ने भी सड़क के शोहदों को सबक सिखाने की बात छात्राओं से की। इस बीच प्रबन्धक फूलचंद यादव ने भी छात्राओं में आत्म विश्वास जगाने और अपने हक के लिए लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। कालेज परिवार की सोनाली यादव, शुभम यादव, शिक्षक नियाज सिद्दीकी ने भी अपने विचार रखे।

# 29 वर्षो से कार्यरत मदरसा शिक्षको को मानदेय न मिलने से आर्थिक तंगी: जिला अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ इकाई सिद्धार्थनगर द्वारा संघ के जिला अध्यक्ष अतीउल्लाह खान की अगुवाई में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के माध्यम से पत्र भेजकर समस्या को समाधान करने की मांग की है।

भेजे गए माँग पत्र में कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा धार्मिक शिक्षा के- साथ साथ आधुनिक शिक्षा गणित, हिन्दी, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान आदि विषयों पढ़ाने के लिए एक योजना के तहत मदरसों में आधुनिक शिक्षकों की नियुक्ति कराई गयी। जिसकी वजह से मदरसों के बच्चे भी मुख्य धारा से जुड़ रहे थे। 29वर्षो से संचालित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हम शिक्षकों को 2हजार 3हजार राज्य आंश देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। लेकिन 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार व 40 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा मानदेय देने का प्राविधान आप के द्वारा किया गया था जो की बडा सराहनीय कदम है भारत सरकार द्वारा बकाया मानदेय के सम्बन्ध में आप के द्वारा एक पत्र भी भेजा गया है। वर्तमान में 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा मानदेय निर्गत नही किया जा रहा है जिससे राज्य सरकार द्वारा भी 40त्नमानदेय निर्गत नही हो पा रहा है। वर्तमान में इस योजना के प्रति कोई रुचि नही लिया जा रहा है एवं कोई धन राशि भी अवमुक्त नही किया जा रहा है मदरसा शिक्षकों का भविष्य अन्धकारमय हो गया है। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना को गम्भीर न होने के कारण 29वर्षो से कार्यरत लगभग 22 हजार शिक्षकों को पूर्व की भांति बीए शिक्षको को 8हजार एम ए शिक्षकों को 15 हजार देते हुए शत-प्रतिशत उत्तर प्रदेश सरकार को संचालित करने के लिए हम मदरसा शिक्षक आग्रह किया जा रहा है। मदरसों में कार्यरत आधुनिक शिक्षकों के समक्ष कठिन समस्याएं हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अतिउल्लाह खान, मीडिया प्रभारी ज़ाकिर हुसैन खान, अबरार अहमद, सत्य पाल चौधरी, संजय मिश्रा, रवि शेखर मिश्रा गुलाम जिलानी, श्याम सुन्दर, धर्मेन्द्र कुमार, अकबाल अहमद, गंगा राम, मुकेश सिंह, अफफान अहमद, फखरुद्दीन, शहदेव भारतीय, जाकिर हुसैन, अमित कुमार, अब्दुस्सबुर संजय कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नदियों में प्रतिमाओं के विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध है। ऐसे में प्रशासन की ओर से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए वैकल्पिक तैयारी की जा रही है। इसी के तहत एसडीएम प्रमोद कुमार ने राप्ती घाट पर वैकल्पिक पोखरे में मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर ईओ नगरपालिका को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बांसी नगर क्षेत्र में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर चयनित स्थल का एसडीएम प्रमोद कुमार, ईओ मुकेश कुमार, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद ईदरीश पटवारी, अजय वर्मा चंद्रभान दास नागा, मोहम्मद इसरत जमील, अमरेंद्र कुमार राप्ती नदी पुल के नीचे पहुंचे जहां विसर्जन स्थल का जायजा लिया। एसडीएम ने नपाध्यक्ष को साफ सफाई के साथ बैरिकेडिंग और लाइटिंग की व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान रामचरन यादव, राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरि मौजूद रहे।

## डीएम ने बाल सेवा योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों से शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने संवाद किया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनसे पढ़ाई एवं अन्य विषयो पर चर्चा की गयी। इसके पश्चात भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल रहा है, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। बच्चो के अभिभावको द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि सभी योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने उपहार स्वरूप बैक, टिफिन, पेन्सिल बॉक्स एवं चाकलेट आदि बच्चो को प्रदान किया।

# विद्यालय गेट में जड़ा है ताला छात्र सहित शिक्षक नदारद

अवधनामा संवाददाता



80 हजार रुपये से ऊपर सैलरी लेने वाले अध्यापक रहते हैं नदारद

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सरकार शिक्षा के प्रति सजग है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए प्रयास कर रही है।

ब्लाक क्षेत्र में कई स्कूल ऐसे हैं जहां अध्यापक स्कूल समय से नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि स्कूल खुलने का समय सुबह साढ़े सात बजे है। इसके बाद भी अध्यापक समय से नहीं पहुंचते हैं विद्यालय। ताजा मामला खेसरहा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ठड़वरिया का है। 80 हजार रुपये से ऊपर की मोटी तनख्वाह लेने वाले अध्यापक विद्यालय से रहते हैं, नदारद यही है योगी सरकार का जीरोंटारलेंस जहां शनिवार को 09.30 पर देखा गया, कि विद्यालय के गेट पर जड़ा है ताला अध्यापक सहित छात्र-छात्रा है नदारद। जहां विद्यालय में न शिक्षक हैं न ही छात्र ग्रामीणों की माने तो महीने में मात्र 15 दिन ही विद्यालय पर पहुंचते हैं यह शिक्षक और समय से कभी भी नहीं पहुंचते हैं। परिषदीय विद्यालयों में अध्यापक समय से नहीं पहुंच रहे जिससे पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो रही है। स्कूलों में तैनात अध्यापक बिना छुट्टी के गायब रहते हैं। इसके बाद भी इन अध्यापकों में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होती है।

कमला प्रसाद खंड शिक्षा अधिकारी खेसरहा से इस संबंध मे पूछने पर उन्होंने बताया कि अगर ऐसा कर रहे हैं तो गलत कर रहे हैं ऐसे अध्यापकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अभी इंसाफ की उम्मीद बाकी

निठारी कान्ड एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। वजह है 2009 में निठारी के आरोपी मोनिन्दर सिंह पन्ढेर सुरेन्द्र कोली को बलात्कार और हत्या के मामले सजा हुई थी जिसे एलाहाबाद हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। फैसले से लोग चकित है। जिनके परिवार के बच्चे और लडकियों के साथ बलात्कार और हत्या हुई थी वे 17 साल से इन्साफ के उम्मीद में कोर्ट का चक्कर लगा रहे थे, और गरीब तबके के थे वे सदमें में आ गये है। इन्साफके लिये लम्बा इन्तजार किया पर नतीजा उल्टा आया। जघन्य अपराध करने वाले दोनो दोषी बरी कर दिये गये। हाईकोर्ट के अनुसार सबूत पर्याप्त नहीं थे। यानी पुलिस की अकुशलता ज़ाहिर होती है या मिली भगत क्योंकि नोएडा के निठारी में पन्ढेर का घर है। इसके घर पीछे 2006 में मिले कंकालो को लेकर मामला दर्ज था। एक नहीं दर्जनों कंकाल मिले थे। उन्नीस युवतियों के साथ बलात्कार हुआ था। इतना ही नहीं इनको टुकड़ों में काटकर नाले के पीछे फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार हत्यायें पन्ढेर के घर हुई जहां कोली नौकर था। कोली के बैग में कुछ बच्चों के अवशेष मिले। जिन्हें कोली मिठाई और चाकलेट देनें के बहाने बुला कर बलात्कार कर मार डाला। कोली ने अपने बयान में नरभक्षण और शवों के साथ सेक्स करने की बात कहीं थी। फिर भी पुलिस द्वारा पेश किये साक्ष को नाकामी किस बिना पर कहा जा सकता है। इस बिना पर सीबीआई ने कोली और पन्ढेर पर 19 मामले दर्ज किये थे। कोली पर हत्या अपहरण बलात्कार के साथ-साथ साक्ष मिटाने के भी आरोप लगे थे। स्थानीय लोग पुलिस की कारवाई से असन्तुष्ट हो लापरवाही का आरोप लगाये थे। इतने सारे बच्चे और युवाओं का आपहरण कर सेक्स करने उसके बाद हत्या करने फिर उनके टूकड़े-टूकड़े कर बैग में भरने इत्यादि घृणित कान्ड से लोगो में गुस्सा व्याप्त होना स्वाभाविक है। एक तो सभी अपहरित बच्चे और लड़कियां निहायत ही गरीब तबके के थे सभी स्तब्ध और पुलिसिया कारवाई से नाराज थे। सीबीआई अदालत ने उनके नृशंस कार्यो को देखते हुये फांसी की सजा सुनाई थी जिसे हाईकोर्ट एलहाबाद ने सबूतों का अभाव पर कर हत्या और बलात्कार की सजा को निरस्त करते हुये दोनों को बरी कर दिया। कोली एक दूसरे मामले में सजा काट रहा है इसलिये अभी जेल में ही रहेगा। इससे ज़ाहिर होता है कोली हत्यारा प्रवृत्त का आदमी था। जिन परिवार वालों के ये बच्चे और युवतियां थी उनके 17 साल के इन्तजार का इस तरह निराश्त जनक पाटाक्षेप होगा दोनो अभियुक्त दोषमुक्त हो जायेगे। उन्हें सपने में भी यकीन नहीं रहा होगा। कोर्ट तो सबूतों के आधार पर ही फैसला देता है। मामला कितना भी संगीन हो कोर्ट घटनास्थल पर तो रहता नहीं है। इसलिये दलीलों और सबूतों पर भरोसा करना उसकी मज़बूरी है। इसी लिये कहा जाता है कोर्ट अन्धा होता है।

पन्ढेर के घर के करीब के गायब बच्चे कहां गये यह बड़ा सवाल बनकर खड़ा है। जो इनके शव नाले में मिले है उन्हें सबूत के तौर पर क्यों नही स्वीकार किया जा सका। जैसा की माना जा रहा है पन्ढेर की अनुपस्थिति में ये कान्ड हुये तो एक अकेले आदमी द्वारा इतना कान्ड किया जाना सम्भव नहीं दिखता तो सवाल उठता है कोली के साथ और कौन लोग थे और कितने थे। कोली से कबूल करवा कर उन्हें खोजकर कटघरे में क्यों नहीं लाया जा रहा है। फिर जब कोली नें अपराध स्वीकार कर लिया है तो शक तो कही नहीं ठहरता है। इतने उलझे मामले को सरलीकृति करना दिमाग में नहीं बैठता है। क्योंकि गुमशुदा बच्चे उनके अवशेष उनके कपड़ों के टुकड़े इसके अलावा घर के अन्दर मिले शवों के टुकड़े इन्हें प्रत्यक्ष आंखो से देखने वालों के बयानों की अनदेखी नहीं की जा सकती। इन सबके बावजूद सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता बचा हुआ है। इसलिये अभी इन्साफकी उम्मीद बरकरार है। पूरा देश आधे अधूरे फैसले से निराश और हैरत में है।

## एक सच्चे कम्युनिस्ट ने सौ साल पूरे किये!


के. विक्रम राव

अपना सौंवा जन्मदिन मना रहे हैं आज (20 अक्टूबर 2023) केरल के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेता वीएस अच्युतानंदन। प्रमुदित हैं, पर संतप्त ज्यादा। कारण केरल के इस श्रेष्ठतम नैतिक और ईमानदार मुख्यमंत्री को ग्लानि है कि उनकी पार्टी ने एक अत्यंत विवादित और विविध जांच एजेंसियों के आरोपी पिनरायी विजयन को दोबारा केरल का मुख्यमंत्री बनवाया है। विजयन को अजित कुमार डोभाल, आईपीएस (प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार) गहरायी से जानते है। तब (1971–72) में केरल के थालेसेरी में पुलिस अधीक्षक डोभाल थे। सांप्रदायिक दंगों में पुलिस ने विजयन को दौड़ाया था। फिर गुंडा एक्ट के तहत कैद किया था। मगर हिरासत में डोभाल ने इतना धमकाया था कि विजयन को लुंगी बदलनी पड़ी।

विजयन पर चर्चा अच्युतानंदन के संदर्भ में ही भली लगती है। बात 2006 विधानसभा निर्वाचन की है। तब विजयन ने अच्युतानंदन का टिकट ही काट दिया था। आखिरी वक्त पर माकपा नेतृत्व ने तेवर ढीले किये। अच्युतानंदन को पार्टी ने टिकट दे दिया, क्योंकि काडर सड़क पर उतर आया था। जनवादी संघर्ष था। वर्ना माकपा नेतृत्व अपने ही मुख्यमंत्री को विधानसभा से भी बाहर कर डालती। यह बात तय थी जो चुनाव परिणामों से भी साबित हो गई कि यदि पूर्व मुख्यमंत्री को साजिशन टिकट न देते तो वाममोर्चा को जो 64 सीटें मिली हैं, घट कर पचास ही रह जाती। अच्युतानंदन का निजी प्रभाव था जो उन्होंने वाममोर्चा की लाज बचा ली। जिता दिया। आखिर कौन है ये अच्युतानंदन? सत्तासी वर्षीय वेलिक्काकथु शंकरन अच्युतानंदन नितान्त नेक और नैतिक व्यक्ति हैं। अस्सी सालों से कम्युनिस्ट हैं, सत्रह की किशोरावस्था में पार्टी के सदस्य बन गये थे। आज के नवउदारवादी दौर में भी उनकी अक्षुण्ण अवधारणा है कि कम्युनिस्ट को भ्रष्टाचारी नहीं होना चाहिए। मगर अच्युतानंदन की तुलना में माकपा नेतृत्व के मनपसन्द और प्रीतिपात्र है केरल इकाई के पिनरायी विजयन। इस मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव (आईएएस) कैद हुए हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री कार्यालय साउदी अरब से सोना की तस्करी करता था। सीबीआई की अदालत में चार अरब रूपये के गबन के मुकदमें में भी वे आरोपी हैं। प्रकाश करात तथा सीताराम येचुरी विजयन को तरजीह देते हैं क्योंकि सर्वहाराओं की पार्टी को उन्होंने मालामाल बना दिया है। भारी भरकम बैंक बैलेंस, बड़े होटल और मनोरंजन रिसार्ट, कई विशाल भूखण्ड तथा बहुमंजलीय इमारतें, दो टीवी नेटवर्क, बहुसंस्करणीय दैनिक, आलीशन निजी आवासीय बंगले आदि के खरबों की सम्पति की स्वामिनी आज केरल माकपा है। जनसाधारण की ज्वलन्त समस्याओं पर गहन मंथन माकपा सागरतटीय पंचसितारा होटलों में आयोजित करती है। संयोजक विजयन होते हैं। मगर ऐसी सम्पन्नता ने माकपा को विपन्न बना दिया था। गत लोकसभा चुनाव में वह कई सीटें हार गई।

अच्युतानंदन ने वैज्ञानिक अनुसंधान, सूचना तकनीक, पर्यावरण अध्ययन, शोध संस्थान का विभाग संभालते हुये केरल के शैक्षिक माहौल को सुधारा हैं। वे स्वयं नारियल की जटा से रस्सी बनाने के उद्योग में मजदूरी करते थे। श्रमिकों और वंचितों के बीच से उठे व्यक्ति का उनके प्रति संवेदनशील होना स्वाभाविक है। इसी कारण से वे जनाधार वाले श्रमिक नेता भी बने और मार्क्सवादी सेन्टर फार इंडियन ट्रेड यूनियन (सीट) के पदाधिकारी भी थे। कुछ विशिष्टतायें है उनमें जो कई माकपाइयों में नज़र नहीं आतीं। एक समय जब पश्चिम बंगाल के माकपाई मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य सिंगूर और नन्दीग्राम की उपजाऊ जमीन से किसानों को बेदखल कर उद्योपतियों को दे रहे थे तो अच्युतानंदन ने केरल के मुन्नार क्षेत्र से टाटा टी कम्पनी का कब्जा हटवाया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भाजपा ने जीत को सुनिश्चित करने के लिये अनेक मोर्चों एवं स्तरों पर कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया है, एक और बड़ा बदलाव उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने यह किया है कि पहली बार पार्टी ने बड़ी संख्या में सांसदों पर दांव खेला। कई सांसदों को न चाहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जारी हुई सूचियों में अनेक विधायकों के टिकट कट गये हैं जिससे पार्टी में बगावत के स्वरों एवं तेवरों की तीव्रता सामने आई है, जो आलाकमान की चिन्ताओं को बढ़ा रहा है।

# चुनावों में विरोधियों से नहीं अपनों से जूझते दल


ललित गर्ग

पांच राज्यों के चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है, चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रहा है। विशेषतः राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सत्ता के दावेदारों में लोक-लुभावन वादों एवं रेवड़ियां बांटने की होड़ लगी हुई है। येन-केन-प्रकारेण सत्ता हथियाना इन चुनावों का चरम लक्ष्य है। इन तीनों ही प्रांतों में चुनावों की सबसे खास बात यह है कि इन राज्यों में कांग्रेस पार्टी एवं भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। जैसे-जैसे उम्मीदवारों की सूचियां सामने आ रही है, विरोध का स्वर उभर रहे हैं, उग्र विरोध को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इन चुनावों में परायों से अधिक डर इस बार 'अपनों' का चुनौती बनेगा। वर्ष 2023 के ये चुनाव अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन रहे हैं। जटिल से जटिलतर होते हालातों एवं राजनीतिक परिदृश्यों में यह स्पष्ट हो रहा है कि इन राज्यों के ये चुनाव लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल बन रहा है। जबकि मतदाताओं के सामने राज्य व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग विचार व अवधारणाएं होती हैं। दोनों ही प्रमुख पार्टियां मतदाताओं को लुभाने एवं उनकी मानसिकता को समझते हुए चुनावी मुद्दों को उछाल रही है। कांग्रेस पार्टी का अलग-अलग राज्यों का क्षेत्रीय नेतृत्व वे मुद्दे उठा रहा है जिनसे राज्यों के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ें जबकि भाजपा की कोशिश है कि राज्यों के मुद्दों को केन्द्र में रखते हुए राष्ट्रीय विकास को मतदाताओं के सामने रखा जाये। भाजपा का मुख्य जोर विकास कार्यों एवं राष्ट्र विकास की योजनाओं पर है। दोनों पार्टियों में एक और मूलभूत अन्तर है कि भाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव अभियान को गति दे रहा है, वहीं कांग्रेस क्षेत्रीय नेताओं को आगे कर रही है। जहां तक चुनावों में जा रहे तेलंगाना व मिजोरम राज्यों का सवाल है तो इनमें भी कांग्रेस पार्टी इन राज्यों की जरूरत के मुताबिक अपना विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है और भारत राष्ट्र समिति व मिजो नेशनल फ्रंट पार्टियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहती है।

भाजपा इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा ने टिकट वितरण में इस बार तीनों राज्यों के क्षत्रपों की जगह भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय संगठन और संघ की राय को महत्त्व दिया है। भाजपा ने जीत को सुनिश्चित करने के लिये अनेक मोर्चों एवं स्तरों पर कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया है, एक और बड़ा बदलाव उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने यह किया है कि पहली बार पार्टी ने बड़ी संख्या में सांसदों पर दांव खेला। कई सांसदों को न चाहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जारी हुई सूचियों में अनेक विधायकों के टिकट कट गये हैं जिससे पार्टी में बगावत के स्वरों एवं तेवरों की तीव्रता सामने आई है, जो आलाकमान की चिन्ताओं को बढ़ा रहा है। सभी टिकट घोषित होने के बाद असंतोष के सुर तेज होने की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान में पार्टी



अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तो मध्यप्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह ने कमान संभालते हुए नाराजगी को दूर करने का बीड़ा उठाया है। राज्य स्तर पर बगावती स्वरों से उत्पन्न नुकसान को नियंत्रित करने के लिये टीम बनाई गई है। चूंकि प्रत्याशी चयन में संघ की भूमिका रही है इसलिए पर्दे के पीछे बगावत को शांत करने का जिम्मा भी संघ को सौंपा गया है।

कांग्रेस पार्टी भी लगभग ऐसी ही चुनौतियों से जूझ रही है। उसके सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता को दोहराने एवं मध्यप्रदेश में भाजपा को पछाड़ने की पूरी आस है, आशा एवं संभावनाभरे इन परिदृश्यों में उसे भी लग रहा है कि विरोधियों से मुकाबले में 'अपनों' से जूझने की समस्या है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है एवं स्थानीय मुद्दों को आगे किया है। टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के उग्र तेवर से कांग्रेस आलाकमान भी सकते में है। प्रश्न है कि नाराज कार्यकर्ताओं का असली विरोध चुनावी रणक्षेत्र में क्या रंग दिखाता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के सामने विरोधियों से ज्यादा अपनो का खतरा मंडरा रहा है। अक्सर चुनावों में इन स्थितियों का परिणामों पर सीधा असर पड़ता रहा है। जो भी चुनाव परिणाम आयेंगे उनसे कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टियों का भविष्य सीधे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से बंध जायेगा। उत्तर भारत के हिन्दी क्षेत्र के लिये भाजपा ही सर्वप्रिय पार्टी मानी जाती है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ माने जाते हैं। इन तीनों ही राज्यों में इस बार व्यापक फेरबदल की संभावनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही है। भले ही पिछले 2018 के चुनावों में भी ऐसा ही उलटफेर हुआ हो और कांग्रेस ने तीनों ही राज्यों में सरकारें बनाई थीं मगर कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। भारत के राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता, विशेषतः मतदाताओं के बदलते मिजाज के बारे में कोई आकलन नहीं किया जा सकता है। विधानसभा में जीत दिलाने वाले मतदाता लोकसभा चुनावों में हार का सेहरा बांध देते हैं।

कांग्रेस पार्टी भाजपा की चुनावी रणनीतियों पर गहरी नजरे गढ़ाए हुए है। कुछ मामलों में वह भाजपा की नीतियों को अपनाने में भी कोई हर्ज नहीं मान रही है। कतिपय मामलों में कांग्रेस पार्टी भी इन राज्यों के चुनावों को क्षेत्रीय के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। पांच राज्यों के ये चुनाव वास्तव में असाधारण चुनाव हैं क्योंकि राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सत्ता पर काबिज कांग्रेस को अपने पिछले पांच सालों के काम के बूते पर जनता का मत एवं मन जीतना है और मध्यप्रदेश में यही काम भाजपा को करना है। जिस प्रकार इन तीनों राज्यों की सरकारों ने जनकल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, लोकलुभावन घोषणां एवं मुफ्त की रेवडियां बांटी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव की आहट के साथ बहुत सी ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जिनसे गरीब व कम आय वाले लोगों के साथ किसानों को भी लाभ पहुंचा है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि चुनाव से ठीक पहले ही सत्ताधारी दलों को जन-कल्याण की चिन्ता क्यों सताने लगती है? प्रश्न है कि लोक कल्याणकारी राज के सिद्धान्त के अनुरूप गरीब वर्गों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा का ढांचा खड़ा करने की वैधानिक व्यवस्था ये राजनीतिक दल क्यों नहीं करते? राजस्थान में गहलोत सरकार ने अपनी कुछ जनकल्याण की योजनाओं को कानूनी जामा भी पहनाया है परन्तु शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में जन उपकारी योजनाओं को वह कानूनी रूप में देखना चाहते हैं। बात केवल राजस्थान की नहीं है, सभी प्रांतों एवं केन्द्र में ऐसी व्यवस्था बननी ही चाहिए और ऐसे ही मुद्दें चुनावी मुद्दें भी बनने चाहिए।

चुनावी मौसम में ही मुफ्त की रेवड़िया बांटना एवं लोकलुभावन वादों की होड़ लगाना क्या लोकतंत्र का मखौल नहीं है? मतदाता को ठगने एवं लुभाने की इन चेष्टाओं पर सुप्रीम कोर्ट एवं चुनाव आयोग अनेक बार चेता चुका है, लेकिन नसीहत देने से आगे बढ़कर कठोर कदम उठाने होंगे। कठोर कार्रवाई के अभाव में ही हमारा लोकतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। विडम्बना है कि आज जनता की बुनियादी समस्याओं का हल एवं उसकी खुशहाली का रास्ता चुनावों से होकर नहीं जाता।

# संसाधनों के बावजूद क्यों विकसित नहीं है उत्तराखंड?

खनिज संसाधन के रूप में इस इलाक़े में मैगनेसाइट और चूना पत्थर निकलता है, जिसे स्थानीय भाषा में खड़िया कहा जाता है। इसका इस्तेमाल कई कामों में किया जाता है। लेकिन इसे निकालने के लिए बेतरतीब तरीके से पहाड़ों को काटा जा रहा है और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। जिससे राज्य में पर्यावरण असंतुलन का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोग चंद पैसों की खातिर कृषि कार्य को छोड़कर इसकी खुदाई में लग गए हैं।


मंजू धपोला

किसी भी राष्ट्र या राज्य की उन्नति उसके संसाधनों पर भी बहुत हद तक निर्भर करती है। एक ओर जहां यह आय का प्रमुख स्रोत बनता है वहीं दूसरी ओर नागरिकों के जीवन को भी सुगम बनाता है। इसके बिना विकास की कल्पना अधूरी मानी जाती है। हमारे देश के कई राज्य ऐसे हैं जिसे प्रकृति ने प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों से नवाज़ा है। लेकिन कई बार उसके असमान वितरण से न केवल वहां के नागरिक उसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं बल्कि वह राज्य भी विकास में पीछे रह जाता है। वहीं दूसरी ओर उसका लाभ उठाकर अन्य राज्य और शहर आगे बढ़ जाते हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड भी ऐसे राज्य में शामिल है जिसे कुदरत ने भरपूर संसाधनों से नवाज़ा है, लेकिन इसके बावजूद यह राज्य और इसके ग्रामीण क्षेत्र आज भी इसका लाभ उठाकर विकास की दौड़ में आगे नहीं बढ़ सके हैं।

यह वह राज्य है जहां प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है। इससे लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया जा सकता है। इसके बावजूद यहां के ग्रामीण क्षेत्र विकास में केवल इसलिए पीछे रह गए क्योंकि इन संसाधनों का उपयोग कर शहरों का विकास किया जा रहा है। राज्य में आय का एक बड़ा स्रोत होने के बावजूद ग्रामीण रोज़गार के लिए शहर जाने को मजबूर हो जाते हैं। दूसरी ओर इन संसाधनों के अंधाधुंध इस्तेमाल से अब यह सीमित मात्रा में रह गए हैं। यदि तेज़ी से संसाधनों का पलायन न रोका गया तो उत्तराखंड और विशेषकर उसके ग्रामीण क्षेत्रों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि मानव की अपेक्षाएं असीमित हैं, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित है।



प्रकृति की गोद में बसे उत्तराखंड के वैसे तो कई ज़िलों में जड़ी बूटियां और औषधीय पेड़ पौधे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि बागेश्वर जिला के कपकोट ब्लॉक में स्थित पहाड़ों पर प्रकृति कुछ ज़्यादा ही मेहरबान है। क्योंकि यहां प्राकृतिक जड़ी बूटियां असीमित मात्रा में उगते हैं। जिन्हें दवा बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इनमें कई ऐसी जड़ी बूटियां हैं जो असाध्य रोगों में इस्तेमाल किये जाते हैं। जिसके महत्व से बड़ी संख्या में स्वयं ग्रामीण भी अनभिज्ञ हैं। वहीं दूसरी ओर दवा बनाने वाली कंपनियों ने इसका भरपूर लाभ उठाया और उससे दवाईयां बनाकर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। उन्हीं दवाइयों को ग्रामीण ऊंचे दामों पर खरीदने को मजबूर होते हैं। इस संबंध में एक स्थानीय बुजुर्ग 60 वर्षीय परुली देवी कहती हैं कि पहले गंभीर बिमारियों के लिए भी इन्हीं जड़ी बूटियों का इस्तेमाल किया जाता था और लोग जल्द स्वस्थ भी हो जाते थे। इसके कोई साइड इफ़ेक्ट भी नहीं होते थे। यही कारण है कि पहले गांव में कोई मेडिकल स्टोर नहीं होता था। लेकिन अब आधुनिकता के नाम पर लोग जड़ी बूटी छोड़कर अंग्रेजी दवाईयों पर निर्भर हो गए हैं। जिसका भारी नुकसान उन्हें अपनी सेहत से चुकानी पड़ रही है। अंग्रेजी की एक दवा के साइड इफ़ेक्ट से बचने के लिए उन्हें दूसरी दवाएं खानी पड़ती हैं। दूसरी ओर शहर के लोग इन जड़ी बूटियों के महत्व को समझने लगे हैं और सस्ते दामों पर इसे खरीद कर ले जा रहे हैं। जिससे धीरे धीरे यह जड़ी बूटियां सीमित होती जा रही हैं।

दूसरी ओर कृषि और खनिज संसाधनों के मामले में भी राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को कोई विशेष लाभ नहीं मिल रहा है। 2011 की जनगणना के अनुसार वर्तमान में उत्तराखंड की अनुमानित जनसंख्या लगभग एक करोड़ 17 लाख से अधिक है। इनमें पुरुषों की आबादी करीब 59 लाख 60 हज़ार से अधिक है, वहीं महिलाओं की आबादी करीब 57 लाख 39 हज़ार से अधिक आंकी गई है। जबकि इसका भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 59,226 वर्ग किमी है। जिसमें 37,999 वर्ग किमी वनों से घिरा हुआ है। जो कुल वर्ग किमी का 63.41 प्रतिशत है। वर्तमान में, कुल 6.98 लाख हेक्टेयर भूमि पर कृषि कार्य किये जाते हैं जो कुल क्षेत्रफल का मात्र 11.65 प्रतिशत है। जबकि राज्य की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आश्रित है। लेकिन लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन ने उत्तराखंड के कृषि कार्य को बहुत अधिक प्रभावित किया है। जिससे किसानों की आय कम हो गई है और नई पीढ़ी इससे विमुख होकर रोज़गार के अन्य साधनों को तलाशने के लिए दिल्ली, मुंबई, अमृतसर, नैनीताल और देहरादून जैसे शहरों की ओर पलायन कर रही है। यही कारण है कि राज्य के कई ऐसे दूर दराज़ के गांव हैं जहां पलायन के कारण नौजवानों की संख्या लगभग नगण्य हो गई है।

कृषि के अलावा खनिज संसाधन के रूप में इस इलाक़े में मैगनेसाइट और चूना पत्थर निकलता है, जिसे स्थानीय भाषा में खड़िया कहा जाता है। इसका इस्तेमाल कई कामों में किया जाता है। लेकिन इसे निकालने के लिए बेतरतीब तरीके से पहाड़ों को काटा जा रहा है और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। जिससे राज्य में पर्यावरण असंतुलन का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोग चंद पैसों की खातिर कृषि कार्य को छोड़कर इसकी खुदाई में लग गए हैं। इससे उत्तराखंड को एक बड़े नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कपकोट ब्लॉक स्थित एक गांव के 75 वर्षीय बुजुर्ग मनमोहन राम कहते हैं कि कृषि में हो रहे घाटे और रोज़गार की कमी के कारण ग्रामीण खड़िया की असीमित खुदाई कर रहे हैं और अपने आर्थिक संकट को दूर करने के लिए उसे कम कीमत पर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें खड़िया की असली कीमत पता है, लेकिन पैसों की खातिर इसे कम कीमत पर बेच रहे हैं। वहीं कुछ लोग रोज़गार के लिए शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

विकास की दौड़ में उत्तराखंड के लगातार पिछड़ने और संसाधनों के ख़त्म होने की सबसे बड़ी वजह इसका असीमित इस्तेमाल और लोगों का पलायन है। दरअसल संसाधन निर्माण में प्रकृति एक निश्चित समय लेती है, लेकिन इंसानों द्वारा लालच में किये जा रहे असीमित प्रयोग इसके अंत का कारण बन सकता है। ऐसे में ज़रूरी है कि राज्य सरकार इस प्रकार की योजना बनाये जिससे उसके प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल का पहला हक़ उसके नागरिकों विशेषकर ग्रामीणों को मिले ताकि पलायन जैसी समस्या पर काबू पाया जा सके। (चरखा फीचर)

# ऊर्द-हिंदी भाषाओं के क्लिष्ट शब्दों का भाव उनके उच्चारण में निहित

## विभिन्न शब्दों के उच्चारण में त्रुटि इन वाक्यों को प्रभावहीन बना देती है


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

शिक्षा के किसी भी स्तर की समीक्षा करने पर हम पायेंगें कि भाषाओं के उच्चारण की स्थिति चिन्ताजनक और दयनीय है। दैनिक बोल-चाल के दौरान काफी संख्या में लोग गलत बोलते है जो सुनने मे अटपटा लगता है। इस संदर्भ में कम पढ़ा लिखा जनमानस, निम्न स्तर के लोग वार्तालाप के दौरान यदि त्रुटिपूर्ण उच्चारण करते है, तो उसे नज़र अन्दाज किया जा सकता है, परन्तु शिक्षित एवं सभ्य माने जाने तथा विभिन्न कार्यालयों में सम्माजन पदों पर बैठे अधिकारियों से जब विचार विमर्श होता है, तो उनका त्रुटिपूर्ण उच्चारण निश्चित रूप से चिन्ता का विषय है। ग़ौर करने वाली बात तो यह है कि हमारे नेतागण एवं एन0आर0आई0 तो अमेरिका जैसे विकसित देश में बराबरी एवं समानता का दावा करते है, जबकि देखा जाय तो हालात ऐसे है कि हममें अभी बात करने का तौर तरीक़ा व सलीक़ा भी नहीं आया है। कहने को हम इतने बड़े और विकसित देश के निवासी है, पर हमारी भाषा का पूरे देश में पूर्ण रूपेण शुद्धीकरण नहीं हो सका है। हमारे देश में प्रायः हिन्दी और उर्दू भाषांए बोली जाती हैं। इन्हीं भाषाओं के माध्यम से समाज में शैक्षिक लेक्चर, धार्मिक व्याख्यान, राजनीतिक भाषण, नैतिकता पर आधारित वार्ता/विचार विर्मश इत्यादि से सम्बन्धित ज्ञान जरूरतमन्दों तक पहुँचाये जाते हैं, इस क्रम बोलते हुये, विभिन्न शब्दों के उच्चारण में त्रुटि इन वाक्यों को प्रभावहीन बना देती है। दोनों भाषाओं के क्लिष्ट शब्दों के सामयिक उच्चारण में लापरवाही, शीघ्रता, असहजता, अज्ञानता के फलस्वरूप होने वाली ऐसी त्रुटियां, शब्द के बोध



को समाप्त कर देती है। इस प्रकार आयोजन का विषय एवं उद्देष्य प्रतिकूल रूप से दिशाहीन हो जाता है। इन दूरगामी प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए, यह अवष्यम्भावी है कि हम प्रत्येक शब्द के सही उच्चारण को लेकर समय रहते गम्भीर हो जायें और प्रत्येक शब्द के उच्चारण पर अपना पूरा ध्यान केन्द्रीयित रखें।

हम मानते है कि हिन्दी भाषा में ख़ें, ज़ाल, ज़े, ग़ैन, फ़े और क़ा की आवाज़ें उत्पन्न करने वाले अक्षरों का अभाव है। परन्तु ऐसा असम्भव है कि हम इन्हें सही उच्चारित नहीं कर सकते। रेडियो-टी0वी0 आदि पर समाचार वाचकों तथा अन्य प्रोग्रामों के उद्घोशकों का उच्चारण प्रायः सही होता है। यह सब कुछ वांछित प्रशिक्षण एवं पर्याप्त अभ्यास से सम्भव हो जाता है। हर किसी के लिये प्रशिक्षण यद्यपि सम्भव न हो, परन्तु सही उच्चारण का, समय रहते पर्याप्त अभ्यास किया जाना/कराया जाना अनिवार्य है। विशेषकर ऊपर दर्शायी गयी आवाज़ों के सही उच्चारण के लिये प्रारम्भ से ही, इनके अभ्यास पर ध्यान देना होगा। समय निकल जाने पर, फिर बहुत देर हो जाती है। हम अहले-ज़बान हैं और हमें अपनी ज़बान को बेहतर अन्दाज़ में पेश करना चाहिये। हमारा प्रयास होना चाहिए कि मुंह से व्यक्त किये गये वाक्यों के प्रत्येक शब्द का उच्चारण किसी भी हालत में गलत न होने पाये। हमारे लिये निष्चित रूप से यह चिन्ता का विषय है कि ऐसे घराने, जहाँ शीन-क़ाफ सब का उच्चारण दुरूस्त है तथा त्रुटि रहित उर्दू बोली जाती है, वहां के बच्चे और छोटी पीढ़ी, भी त्रुटि पूर्ण उच्चारण से ग्रसित है, यदि इन घरानों के बुजुर्ग एवं परिपक्क लोग, बच्चों को इस दिशा में समय से समुचित अभ्यास कराने पर गम्भीरता पूर्वक अपना ध्यान दें, तो समस्या नहीं पनप सकेगी।

प्रसंगत विषय में उचित होगा कि समाज में हम निम्नानुसार चार बिन्दुओं को क्रियान्वित करने का प्रयास करें, जिससे सही उच्चारण की धारणा को समय रहते साकार किया जा सके-

1. स्कूलों में अध्यापकों के चयन में हम हर प्रकार के दबाव को नकारते हुये, ऐसे उम्मीदवारों का अध्यापकों के रूप में चयन करें, जिनको दैनिक बोल-चाल में शब्दों का उच्चारण सही, और त्रुटि रहित हो।
2. स्कूल स्तर पर, अध्यापन कार्य से जुड़ी रणनीति बनाते समय, स्कूल प्रबन्धन बाक़ायदा 40 मिनट का एक पूरा पीरिअड, ज़बान से जुड़े सही उच्चारण से संबन्धित प्रशिक्षण हेतु निर्धारित किया जाये।
3. लिखित परीक्षा के पश्चात् 'भाषा' विषय पर 'ज़बानी इन्टरव्यू' की पद्धित को विकसित किया जाय। इन्टरव्यू के दौरान उस भाषा के क्लियर और दक़ीक शब्दों के उच्चारण को विशेष रूप से टेस्ट किया जाय और उस पर अंक दिये जायें।
4. दैनिक विचार विमर्श के दौरान ऐसे अध्यापकों को चिन्हित किया जाय जिनका अपना ही उच्चारण गलत या त्रुटिपूर्ण हो, उनके भी विशेष प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था की जाय।

उपरोक्त का समुचित क्रियान्वयन, दोनों भाषाओं के क्लियर शब्दों के शुद्ध उच्चारण में आवष्य ही हमारी मदद करेगा, जिससे दिया जाने वाला तथा अर्जित किया जाने वाला ज्ञान दोनों जनमानस में साकार हो सकेंगे।

# बुनियादी शिक्षा में व्यवसायिकता के सार्थक उपयोग का महत्व

संजीव ठाकुर

भारत में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट बनाने कारखाने चल रहे हैं स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो। स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं। जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है। हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें। बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता। वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया।

# सीएम योगी पहुंचे अयोध्या : राम मंदिर की प्रगति देख कहा अद्भुत

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौर में अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने के बाद वह निर्माणधीन राम मंदिर गए। वह काम कर रहे इंजीनियरों से मुलाकात की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हनुमंतलला व रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। दर्शन के बाद उन्होंने परिसर का भ्रमण किया। निर्माणाधीन राममंदिर की प्रगति देखकर वे खुश दिखे। उन्होंने इंजीनियरों व ट्रस्ट के पदाधिकारियों से कहा कि अद्भुत, भव्य। आप लोगों ने अच्छा काम किया है। सीएम ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले परिसर में पड़े मलबे को हटाने व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा।



सीएम योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को अयोध्या पहुंचे। दोपहर 3:43 पर उनका हेलीकॉप्टर रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर उतरा। यहां से सीएम का काफिला सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचा। सीएम ने हनुमंतलला के दर पर माथा टेका, आरती उतारी। हनुमानगढ़ी के रमेश दास, महंत बलराम दास व राजूदास, ने सीएम का अभिनंदन किया। सीएम ने संतों से दीपोत्सव व प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर संक्षिप्त चर्चा की।

उन्होंने कहा कि इन दोनों उत्सवों को भव्य रूप देने में आपकी सहभागिता सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होगी। संतों ने उन्हें आश्वस्त भी किया। यहां से सीएम का काफिला राम जन्मभूमि परिसर पहुंचा। सीएम ने रामलला की आरती-पूजा की उसके बाद मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूछा कि मंदिर निर्माण का कितना काम हो गया है, तो इंजीनियरों ने उन्हें प्रगति से अवगत कराया।

**■ इंजीनियरों से बोले-आप लोगों ने अच्छा काम किया**

मंदिर की भव्यता देख सीएम खुश हुए और इंजीनियरों व कारीगरों की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले परिसर में पड़े मलबे को हटा दिया जाए। बड़ी संख्या में पत्थर पड़े हैं, इन्हें अन्यत्र कहीं रखा जाए। परिसर में जहां-जहां गड्ढ़े हैं उन्हें तत्काल पाट दिया जाए। परिसर में निर्माणाधीन सड़कों के काम को तेज करने को कहा। कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में रामजन्मभूमि परिसर को इस तरह सजाया जाए कि हर अतिथि निहाल हो उठे। निरीक्षण के दौरान मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ़ अनिल मिश्र, गोपालजी आदि मौजूद रहे।

## सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग : फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमी फ़ाइनल प्रारंभ

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के युवाओं पर इन दिनों फुटबॉल का खुमार सिर चढ़ कर बोल रहा है हुआ है। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने तथा उन्हें उत्कृष्ट खेल मंच उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुई सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत चल रही फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रति युवाओं का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। इस टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि सरोजनीनगर में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

शनिवार को इस टूर्नामेंट के इंटर स्कूल सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मुकाबला स्टेला मैरिस और सैनिक स्कूल के बीच खेला गया जिसे स्टेला मैरिस ने 3-2 से जीता। कर्नल एसएन मिश्रा और सेठ एआर जयपुरिया के बीच हुए दूसरे मुकाबले में सेठ एआर जयपुरिया ने 3-0 से विजयी हासिल की।

# अम्बेडकर नगर में आयोजित होगा आभार पीएम महासम्मेलन : अमित

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय इतिहास में आज का पवित्र दिन वह तरीख है जब पहली बार 1943 में करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्र गौरव का पुनीत दिवस आया, आज ही के दिन अस्सी 80 वर्ष पूर्व हमारे राष्ट्र नायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने गुलाम भारत को सर्व प्रथम आजाद भारत की घोषणा करते हुए सिंगापुर में आजाद हिन्द सरकार बनाई और अखंड भारत के प्रथम प्रधान के रूप में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फ हराया जिससे अंग्रेजों की नींद हराम हो गयी।



वास्तविक आज़ादी के अस्सीवे स्थापना दिवस पर नेता जी सुभाष संगठन के लखनऊ स्थित मुख्यालय में उपस्थित अनेक गणमान्य नागरिको को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि आज के दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रतिनिधि मिलकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में सिंगापुर के कैथे सिनेमा हाल में स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार की स्थापना की। इस ऐतिहासिक घोषणा को सुनने के लिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के राष्ट्रवादी प्रतिनिधि एकत्र थे। हाल खचाखच भरा था, शाम 04 बजे मंच पर नेताजी सुभाष बाबू खड़े हुए उन्हें एक खास घोषणा करनी थी, ये घोषणा 1500 शब्दों में थी जिसे नेताजी ने दो दिन पहले रात में बैठकर तैयार किया था। घोषणा में कहा कि अस्थायी सरकार का काम होगा कि वो भारत से अंग्रेजों और उनके मित्रों को निष्कासित करे, अस्थायी सरकार का ये भी काम होगा कि वो भारतीयों की इच्छा के अनुसार और उनके विश्वास की आजाद हिंद की स्थाई सरकार का निर्माण करे। अमित पाण्डेय ने बताया कि इस सरकार के गठन के बाद नेता जी ने फिर नए सिरे से आजाद हिंद फौज खड़ा किया, उनकी सरकार और आजाद हिंद फौज ने फिर अंग्रेजों की नींद हराम कर दी। अंग्रेज पहले तो उनकी अस्थायी सरकार के गठन से ही बहुत बुरी तरह से बौखला गए थे, फिर जब उनकी सेना मजबूती लेती गई तो इससे उन्हें जबरदस्त झटका लगा। आजादी के अमृत काल एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्म वर्ष के अवसर पर नेता जी सुभाष संगठन द्वारा आभार प्रधान मंत्री मोदी अभियान 08 सितंबर-22 के बाद से पूरे वर्ष जगह-जगह आयोजित किया जा रहा है। अमित ने घोषणा की कि इस कार्यक्रम की पूर्णाहुति अब उत्तर प्रदेश की पवित्र भूमि जिला अम्बेडकर नगर में आभार प्रधान मंत्री मोदी जी महासम्मेलन के कार्यक्रम में किया जायेगा।







## भक्तो ने की मां की पूजा अर्चना

**लखनऊ।** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने नव दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की। वहीं मां वैष्णो देवी मंदिर भिलावा चौराहा आलमबाग लखनऊ के परिसर में आयोजित माता रानी के कीर्तन व नित्यपाठ पूजा में और माता रानी के दिव्य श्रृंगार के दर्शन करने रोज सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। माता रानी की कृपा से आज सप्तम दिवस भी मां की मनमोहक छवि भक्तों को खूब लुभा रही है।

# भाजपा की परम्परा में सतत सम्पर्क व संवाद

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि एवं ऋषि की व्यवस्था के कारण भारत महानतम देश रहा है। किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को शत् प्रतिशत किसानों से सम्पर्क, संवाद तथा सम्बन्ध स्थापित कर भारतीय जनता पार्टी को शक्तिशाली बनाना चाहिए। उक्त उद्गार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों, महामंत्रियों की बैठक में व्यक्त की।



धर्मपाल ने मोर्चा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वोटर चेतना महा-अभियान चल रहा है। इसमें पूरी शक्ति लगाकर नौ जवानों और किसानों से सम्पर्क करके चुनाव आयोग की तिथियों के द्वारा मतदाता बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटर चेतना अभियान के माध्यम से किसान मोर्चा एक-एक किसान की दहलीज और खेत खलिहान तक पहुंचेगा। भाजपा की परम्परा में सतत सम्पर्क व संवाद है। जो पार्टी को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी बनाता है। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम व अभियान भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं का लगातार जनता से सम्पर्क व संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 50 हजार ग्राम समितियों के 5 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं के बीच केन्द्र व प्रदेश की किसान हितैषी नीतियों को पहुंचाने का काम करना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। 29 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात् पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जुटेगें। अभियान से प्रत्येक कार्यकर्ता को जोड़ने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक तथा 25 नवम्बर से 03 दिसम्बर तक घर-घर सम्पर्क का विशेष अभियान चलाकर पार्टी एक-एक मतदाता से सम्पर्क करेगी। उन्होने कहा कि नव मतदाताओं से सम्पर्क करके उन्हें पार्टी से जोड़कर 2024 लोकसभा चुनाव की विजय आसान होगी और भाजपा प्रदेश में 80 सीटों पर विजय के लक्ष्य को प्राप्त करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं किसान मोर्चा के प्रभारी संजय राय ने कहा कि

**■ सभी जनप्रतिनिधि घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जुटेगें**

किसान मोर्चा ने विगत चुनाव में अपने प्रभावी भूमिका का निर्वहन किया है। इसके कारण भाजपा की प्रदेश एवं केन्द्र में सरकार आई है। श्री राय ने कहा कि 2024 लोकसभा के चुनाव में किसान मोर्चा के कार्यकर्ता ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सक्रिय होकर अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करते हुए 2024 लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से पुनः नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनाने का यह संकल्प लेकर काम करना है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री कामेश्वर सिंह ने कहा कि 2014 से केन्द्र में मोदी जी की सरकार तथा 2017 से प्रदेश में योगी जी की सरकार देश की आजादी के बाद से किसानों के हितों में लगातार निर्णय ले रही है। किसानों को खेती की फसल से लागत से दुगुना लाभ मिलें इसके लिए डबल इंजन की सरकार निरन्तर प्रयासरत है।

# सेंट जोसेफ स्कूल में रही दशहरे की धूम



**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सेंट जोसेफ स्कूल (बजाज ग्रुप) की ठाकुरगंज और मलिहाबाद शाखा में विजयादशमी का आयोजन दिनांक 21 अक्टूबर को बड़ी धूमधाम से किया गया।

विद्यालयों के परिसर को भारतीय परिवेश में सजाया गया तथा बच्चों द्वारा गरबा नृत्य की रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुतियां दी गई जो अत्यंत सराहनीय थी। विजयादशमी के पावन अवसर पर रावण और मेघनाथ का पुतला भी जलाया गया। इस आयोजन में फूड स्टाल भी थे जिसमें कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन थे। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल,प्रबन्ध निदेशक सीमा अग्रवाल एवं प्रबन्ध निदेशक राजेश अग्रवाल ने सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी।

# वेबीनार में बड़े पैमाने पर उठा मोबाइल पर एसएमएस भेजने का मुद्दा

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए उपभोक्ता परिषद की तरफ से लगातार आयोजित किए जाने वाले ऑनलाइन साप्ताहिक वेबीनार में आज भी सैकडो की संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं बताई उपभोक्ता परिषद ने ज्यादातर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को उसी क्षण उसे क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अधिशासी अभियंता से बात कर उसका समाधान करने का अनुरोध किया एक बडी समस्या जो वेबीनार में निकाल कर सामने आजकल बडे पैमाने पर पूरे प्रदेश में गर्मी में जिन भी विद्युत उपभोक्ताओं का लगातार 3 महीने भार अधिक मीटर में रिकॉर्ड हुआ था उन्हें उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भार बढाने के लिए मैसेज



भेजा जा रहा है उसके संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने अपने सभी विद्युत उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए बताया कि इस संबंध में पावर कॉरपोरेशन से बात हुई है मोबाइल पर जो भार बढाने के लिए एसएमएस भेजा जा रहा है वह केवल सूचना के लिए है इसके बाद पावर कॉरपोरेशन व बिजली कंपनियां जिन भी विद्युत उपभोक्ताओं के 3 महीने लगातार भार बढकर आए हैं उन्हें एक महीने का नोटिस भेजेगा और उसके बाद उनके भार को बढाने की कार्यवाही करेगी इस दौरान यदि उपभोक्ता नोटिस का जवाब देते हुए और यह विभाग को सूचित करता है कि आगे अब उसके द्वारा अपने लिए गए भार के परिधि में ही आगे उपयोग किया जाएगा तो उसका भार निश्चित तौर पर नहीं बढेगा वैसे भी इसमें बिजली कंपनियों का कोई नुकसान नहीं है क्योंकि जिस महीने विद्युत उपभोक्ता का भार बढ़ा था उस महीने विद्युत उपभोक्ता ने अतिरिक्त भार पर एमडी पेनल्टी पहले ही अदा कर दी है इसलिए उपभोक्ताओं को परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है।

## चॉद पर उतरने के लिए वैज्ञानिकों का आभार

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने नवरात्रि के पावन पर्व पर गगनयान मिषन के क्रू माड्यूल के प्रारम्भिक मौसम की बाधा एवं तकनीकी बाधा के कारण बिलम्ब के बाद भी सलतापूर्वक परीक्षण के लिये इससे जुड़े इसरो के सभी वैज्ञानिकों को हृदय से बधाई देते हुये उनका अभिनन्दन किया है।

श्री तिवारी ने कहा है कि यह भविष्य में मानव के चॉद पर उतरने के पं. जवाहर लाल नेहरू, स्व. इन्दिरा गॉधी एवं महान वैज्ञानिक होमी जहॉगीर भाभा और विक्रम अंबालाल साराभाई के सपनों को पूरा करने में सफल होगा। श्री तिवारी ने कहा है कि यह आज एक बार फिर पं. जवाहर लाल नेहरू जी, स्व. इन्दिरा गॉधी जी को स्मरण करते हुये देश के उन सभी प्रधानमंत्रियों को, जिन्होंने इसे जारी रखा, और उन सभी महान वैज्ञानिकों को जिन्होंने अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया, उनको श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुये उनकी वैज्ञानिक सोच के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का अवसर है।

# सीमाओं की सुरक्षा सजग पुलिस तंत्र के बिना संभव नहीं

**अवधनामा संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज 'पुलिस स्मृति दिवस' के उपलक्ष्य पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



इस अवसर पर अपने संबोधन की शुरूआत आज़ादी से अब तक देश की आंतरिक और सीमाओं की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले 36,250 पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से कहा कि आज भारत दुनिया में हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और इसकी नींव में शहीदों का बलिदान है और ये देश कभी उनके बलिदान को नहीं भुला सकेगा। श्री शाह ने कहा कि किसी भी देश की आंतरिक या सीमाओं की सुरक्षा एक सजग पुलिस तंत्र के बिना संभव नहीं है। देश की सेवा में लगे सभी कर्मियों में से सबसे कठिन ड्यूटी पुलिसकर्मियों की होती है, दिन हो या रात, सर्दी हो या गर्मी, त्यौहार हो या सामान्य दिन, पुलिसकर्मी को अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि देश की लंबी भू-सीमा पर जीवन के स्वर्णिम वर्ष अपने परिवार से दूर रहकर देश की सुरक्षा में बिताने और वीरता, शौर्य और बलिदान देकर देश को सुरक्षित रखने का काम हमारे सभी पुलिसबल करते हैं। श्री शाह ने कहा कि चाहे आतंकवादियों का मुकाबला करना हो, अपराध रोकना हो, भीड़ के सामने कानून-व्यवस्था बनाए रखना हो, आपदाओं और दुर्घटनाओं के समय आम नागरिकों की सुरक्षा करनी हो या कोरोनाकाल जैसे कठिन समय के दौरान पहली पंक्ति में रहकर नागरिकों की सेवा करना हो, हमारे पुलिसकर्मियों ने हर मौके पर अपने आप को साबित किया है। 01 सितंबर, 2022 से 31 अगस्त, 2023 तक पिछले 1 साल में 188 पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ड्यूटी के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल का आह्वान किया है। उन्होंने

**■ भारत दुनिया में हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा : शाह**

कहा कि आज़ादी के 75 वर्ष समाप्त होने से लेकर आज़ादी की शताब्दी तक के 25 साल देश को हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के 25 वर्ष हैं। इसके लिए देश के 130 करोड़ लोगों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से संकल्प लिए हैं और इन संकल्पों के संपुट से हमें दुनिया में हर क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकेगा। श्री शाह ने कहा कि पिछले एक दशक में हमारे बहादुर पुलिसकर्मियों के कारण आतंकवाद, उग्रवादी हमलों, नक्सलवाद और नस्लीय हिंसा में इसके सर्वोच्च स्तर से 65 प्रतिशत की कमी आई है। अमित शाह ने कहा कि विगत दिनों में NDRF के माध्यम से अलग-अलग पुलिसबलों के जवानों ने ना केवल देश बल्कि दुनिया में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज जब हम आज़ादी के अमृतकाल में प्रवेश कर रहे हैं।

# सीएमएस में नये एडमीशन एक नवम्बर से प्रारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सी.एम.एस.) में आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु प्री-प्राइमरी कक्षाओं में दाखिले की प्रक्रिया 1 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ हो रही है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभिभावक व माता-पिता अपने बच्चों के दाखिले के लिए आगामी 1 नवम्बर से सम्बन्धित सी.एम.एस. कैम्पस से सम्पर्क कर एडमीशन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, अभिभावक सी.एम.एस. की वेबसाइट www.cmseducation.org के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

सी.एम.एस. प्रॉस्पेक्टस व डोजियर वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे अभिभावक डाउनलोड कर विस्तृत जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. छात्र-केन्द्रित शिक्षा उपलब्ध कराने को संकल्पित है, जिससे कि एक रचनात्मक, अन्वेषी एवं आत्मीय सौहार्द से भरपूर शैक्षिक वातावरण में छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## 51 शक्तिपीठ में मां का पुष्प श्रृंगार



**लखनऊ।** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना भक्तों की। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि मां कालरात्रि के पिंडी पूजन का सौभाग्य सुनीता वार्ष्णेय को प्राप्त हुआ। आज मां का पुष्पों से श्रृंगार किया गया।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं सीएमएस छात्र : डा. पूर्णिमा

## सीएमएस चौक कैम्पस द्वारा 'एनुअल पैरेन्ट्स डे समारोह' का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा आयोजित 'एनुअल पैरेन्ट्स डे समारोह' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी डा. पूर्णिमा पाण्डेय, पूर्व वाइस-चांसलर, भातखण्डे संगीत संस्थान (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. पाण्डेय ने कहा कि सी.एम.एस. छात्र प्रतिभा के धनी हैं। परिवार में एकता का वातावरण ही सामाजिक एकता का कारण बनता है, ऐसे में जरूरी है कि भावी पीढ़ी बड़े-बुजुर्गों की महत्ता को समझे व उन्हें सम्मान देना सीखे। डा. पाण्डेय ने छात्रों को उद्देश्यपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के सी.एम.एस. के प्रयासों की भरपूर सराहना की।





इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ 'स्कूल प्रार्थना' की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गान, सर्व-धर्म प्रार्थना, विश्व एकता प्रार्थना, कव्वाली, मेलोडी इन राइम, एक्शन सांग, आदि विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा अनेकता में एकता का अभूतपूर्व संदेश दिया। इस शानदार समारोह में नाचते-गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देखकर अभिभावक गदगद हो गये।

कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफ़्जाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'विश्व संसद' की शानदार प्रस्तुति को भी सभी ने खूब सराहा।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. किताबी ज्ञान के साथ साथ मानवता की शिक्षा देकर छात्रों का सम्पूर्ण विकास करने को प्रतिबद्ध है और आज का यह कार्यक्रम इन्हीं विचारों का साकार रूप है। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि भावी पीढ़ी के चारित्रिक, नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान के लिए संकल्पबद्ध हों। सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा ने अभिभावकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक बालक को अच्छा और स्मार्ट बनाने का विद्यालय का लक्ष्य अभिभावकों के सहयोग से ही पूरा हो सकता है।

## चौबीस तीर्थंकर भगवान एवं 96 क्षेत्रपाल बाबा पूजन आज

**लखनऊ।** जैन हेल्पलाइन डालीगंज की ओर से राजधानी लखनऊ में प्रथम बार श्री चौबीस तीर्थंकर भगवान एवं 96 क्षेत्रपाल बाबा पूजन रविवार 22 अक्टूबर से मंगलवार 24 अक्टूबर तक श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, जैन बाग, डालीगंज में किया जाएगा। जैनधर्म प्रवर्धिनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत कल रविवार को प्रातः 6:00 बजे से 10:30 बजे तक श्री जी के चरणों में अर्घ्य समर्पण, आचार्य निमंत्रण, घटयात्रा, ध्वजारोहण, मण्डल उद्घाटन, दीप प्रज्वलन, पंचामृत अभिषेक, सकलीकरण, 24 तीर्थंकर आराधना, क्षेत्रपाल अनुष्ठान, श्री 1008 शीतलनाथ भगवान मोक्षकल्याणक का आयोजन किया जाएगा शाम 06:30 बजे से 10:30 बजे तक महादेवी पद्मावती कुमकुमार्चना देव शास्त्र - गुरु की आरती, जिनवाणी, समाज की महिलाओं द्वारा गरबा आ आयोजन होगा।

# खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन से मिल रहा परिवार नियोजन साधनों को बढ़ावा: सीएमएस

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिला महिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। जिला महिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ0 कामिनी दत्ता एवं जिला महिला चिकित्स्लाय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुबोध कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉ0 सुबोध कुमार ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस पर तीन विशेष समूह (हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाएं, नवविवाहित दंपती, जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं) वाले लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली वो महिलाएं जो पहले जोखिम भरी गर्भावस्था से गुज़र चुकी है उन्हें विशेष रूप से परिवार नियोजन के महत्त्व के बारे में बताया जाता है। उन्होंने बताया



कि खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन के दौरान परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की सुविधा सभी चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों पर उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं बच्चों के जन्म में तीन वर्ष का अंतर रखने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। जिला महिला चिकित्सालय की वरिष्ठ परामर्शडाता डॉ. कामिनी दत्ता ने उपस्थित लाभार्थियों से कहा कि पात्र लाभार्थी परिवार नियोजन के साधन अवश्य अपनाएं क्योंकि इससे महिला और बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर होता है। साथ ही दंपति सुखी वैवाहिक जीवन भी व्यतीत कर सकते हैं। दो बच्चों के बीच तीन साल का अंतर अवश्य रखें और पहले बच्चे की योजना विवाह के दो साल बाद ही बनाएं। इससे महिला शरीरिक और मानसिक रूप से गर्भ धारण करने के लिए तैयार हो जाती है। पहले और दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर अवश्य रखें। इससे मां का स्वास्थ्य तो बेहतर होता ही है बल्कि बच्चों का पालन पोषण भी अच्छे से होता है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय) इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि इस अवसर पर सीएमएस जिला महिला चिक्तिसालय डॉ0 सुबोध कुमार द्वारा 12 अन्तरा गर्भनिरोधक पूर्ण कर चुकी श्रीमती लक्ष्मी निवासी मोमिनाबाद तथा 11 चक्र पूर्ण कर चुकी मनोजा सिंह निवासी हरियावां को सम्मानित किया गया । स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के मौके पर जनपद मे 05 महिलाओं ने नसबंदी ऑपरेशन कराया। इसके अलावा 82 महिलाओं ने पीपी आईयूसीडी, 22 महिलओं ने आईयूसीडी और 441 महिलाओं ने त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा लगवाया। इसके अलावा सासाहिक गर्भनिरोधक गोली छाया के 242 पैकेट्स, माला एन के 251 पैकेट्स और 3566 कंडोम दंपति को प्रदान किए गए। इस मौके पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रबंधक किन्दरलाल, माही परवीन तथा परिवार नियोजन काउंसलर गरिमा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## अब दस की जगह मथुरा जंक्शन पर होंगे बारह प्लेटफॉर्म

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर अब जल्द ही आपको 12 प्लेटफार्म दिखाई देंगे अभी तक मथुरा रेलवे स्टेशन पर 10 प्लेटफार्म संचालित है। 2 अतिरिक्त प्लेटफार्म गोपाल नगर की ओर तैयार हो रहे हैं जिनमे में मिटटी भराई का कार्य शुरू हो गया है । देश के बड़े स्टेशनों में शुमार मथुरा जंक्शन पर अब 12 प्लेटफार्म होंगे दो अतिरिक्त प्लेटफार्म दिसंबर तक पूर्ण रुप से बनकर तैयार हो सकते हैं रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में 425 से अधिक ट्रेनों का आवागमन रहता है इनमें से 200 से अधिक यात्री ट्रेने है और 225 मालगाड़ियां शामिल हैं ऐसे में मौजूदा प्लेटफ्राम्स अधिकतम समय व्यस्त रहते हैं इस स्थिति को देखते हुए दो नए प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं दोनों नए प्लेटफार्म स्टेशन की दो नंबर एंट्री गोपाल नगर की ओर तैयार हो रहे है नए प्लेटफार्म बनने से स्टेशन पर भीड़ का दबाव कम हो जाएगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि नए प्लेटफार्म से अलवर ट्रैक की दो पैसेंजर और दो एक्सप्रेस के साथ मथुरा सकुर बस्ती और मथुरा गाजियाबाद शटल का संचालन होगा इस की जानकारी स्टेशन निदेशक एसके श्रीवास्तव ने दी।

# जनपद में 19 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक धारा 144 लागू: ए0डी0एम0

अवधनामा संवाददाता

■ जनपद मे शान्ति व्यवस्था व सम्प्रदायिक सदभावना बनाये रखना परम आवश्यक: प्रियंका सिंह

**हरदोई।** अपर जिला मजिस्टेञ्ट प्रियंका सिंह ने कहा है कि जनपद में माह अक्टूबर मे दुर्गा पूजा, दशहरा तथा माह नवम्बर मे दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छट पूजा एवं कार्तिक पूर्णिमा का स्नान का पर्व हिन्दू श्रद्वालुओं के साथ मनाया जाना है। इसके अतिरिक्त 28 व 29 अक्टूबर 2023 को उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है, तथा समय-समय पर किसान संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किये जाते रहते है। उक्त के दृष्टिगत जनपद मे संवेदनशीलता बनाये रखने के जनपद मे शान्ति व्यवस्था व सम्प्रदायिक सदभावना बनाये रखना परम आवश्यक है। उपरोक्त त्योहारों पर बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर काफी भीड़-भाड़ रहनी है। ऐसी स्थिति मे असमाजिक तत्वों द्वारा इसका लाभ उठाकर सम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ने एवं शान्ति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित किये जाने की संभावना से इन्कार नही किया जा सकता है। ऐसी स्थिति मे उपरोक्त त्योहारों एवं उ0प्र0 अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा प्रस्तावित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा को साकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद मे 19 अक्टूबर 2023 से 30 नवम्बर 2023 से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये परिशान्ति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद की सीमा के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू की जाती है।

अपर जिला मजिस्टेञ्ट ने कहा है कि धारा 144 लागू होने के बाद किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक लोग जमा नहीं होगें तथा कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेगें न ही सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचायेगें और न ही किसी जाति व सम्प्रदाय को आहत पहुंचाने वाले भड़काऊ भाषण नहीं देगें व बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के जनसभा, जुलूस नहीं की जायेगी। उन्होने कहा है कि इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में व्यक्ति एकत्र नहीं होगें और किसी प्रकार की फोटो स्टेट मशीन आदि का संचालन नहीं होगा एवं बिना प्रबन्धक की अनुमति कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा।

उन्होने समस्त उप जिलाधिकारी, सीओ एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिये है कि अपने- अपने क्षेत्रों में धारा 144 का कड़ाई से पालन कराये और उल्लघंन करने वाले लोगों पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करें।

# भूमि आवंटन से मिट्टी व्यवसाय से जुड़े लोगों की बढ़ेगी आय: सौम्या गुरुरानी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी द्वारा तहसील सदर के ग्राम दरवेशपुर मजरा भिठारी विकास खण्ड बावन में कुल 29 व्यक्तियों को एवं ग्राम कसरावां विकास खण्ड सुरसा में मिट्टी व्यवसाय से जुड़े 09 व्यक्तियों सहित कुल 38 व्यक्तियों को कुम्हारी कला अन्तर्गत मिट्टी निकालने हेतु आवंटित भूमि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भूमि आवंटन से मिट्टी व्यवसाय से जुड़े लोगों को मिट्टी सुगमता से उपलब्ध होने से स्वरोजगार में वृद्धि होगी एवं मिट्टी से बने पात्रों की उपयोगिता बढ़ेगी। इस मौके पर स्वाति शुक्ला



उपजिलाधिकारी सदर व तहसीलदार संजय अग्रहरि, नायब तहसीलदार व आवंटीगण शिवराम, संजय कुमार, आशाराम आदि उपस्थित रहे।

## कैप्टन के पद पर गोविंद को मिली प्रोन्नति

**मथुरा।** 11 उ.प्र बटालियन एन.सी.सी. मथुरा में अफसर ट्रेनिंग अकादमी, कामठी, नागपुर से कोर्स कर के आये लेफ्टिनेंट गोविंद को कमान अधिकारी रजत पाण्डे एवं एडम अधिकारी कर्नल एस.बी.एस यादव के द्वारा कैप्टन की रैंक पर पदोन्नत किया गया। इस अत्यंत हर्ष के अवसर पर बटालियन के द्वारा पदोन्नति समारोह का अयोजन किया गया। कैप्टन गोविंद बटालियन मे एनसीसी अफसर के तौर पर संबंधित हैं तथा उनके गत वर्षो के अच्छे कार्यकाल एवं एनसीसी के प्रति उनकी लगन एवं सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह पदोन्नति दी गयी।बटालियन के कमान अधिकारी ने कैप्टन गोविंद की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी एवं आगे आने वाले समय में और बेहतर करते रहने की कामना की तथा एडम अधिकारी ने भी कैप्टन गोविंद से ऐसे ही दृढ़ता से अपने कर्तव्य पथ पर चलते रहने के लिये कहा।

# कटरा- बिल्हौर हाइवे पर हुआ एक्सीडेंट

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** हरदोई के कटरा-बिल्हौर राजमार्ग पर बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस एक्सीडेंट में बाइक सवार 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पूरा मामला बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में रोशनपुर गांव के पास का है। हादसे के बाद बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया। मामले में माधौगंज थाना क्षेत्र के क्योटी ख्वाजगीपुर निवासी 60 वर्षीय सुरेश खेती करते थे। उन्हें गाय खरीदनी थी।



इसके लिए वह गांव निवासी 25 वर्षीय अर्पित और क्योटी ख्वाजगीपुर के मजरा मऊ निवासी 30 वर्षीय जगदीश के साथ बाइक से रोशनपुर में लगने वाले पशु मेले में जाने के लिए निकले थे।

रोशनपुर गांव में पशु मेला मैदान के सामने ही बिलग्राम की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस से बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे सुरेश और अर्पित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि जगदीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। बस से सवारियां उतर गईं। पुलिस ने बस कोतवाली में लाकर खड़ी करा ली है। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## कंबाइन मशीन पर चला प्रशासन का चाबुक

**मथुरा।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जनपद में चलने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रा रीपर, स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों के बगैर चलते हुए पाये जाये, तो उसको तत्काल प्रभाव से सीज करते हुए कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्चे पर सुपर स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम लगवाकर छोडने के निर्देश दिये गये हैं। कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक श्रीकृष्ण पुत्र ब्रजभूषण निवास ग्राम मानपुर द्वारा उक्त निर्देशों का उल्लंघन करते हुए बिना फसल अवशेष यंत्र लगाये धान फसल कटाई का कार्य किया जा रहा था, जिसके फलस्वरूप जिला कृषि अधिकारी ने उपरोक्त कम्बाइन हार्वेस्टर को सीज कर कोतवाली में सुपुर्द कर दिया गया है तथा कम्बाइन हार्वेस्टर में सुपर स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम मालिक के खर्चे पर लगवाने के उपरोन्त ही छोड़ा जायेगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**मथुरा।** जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुए जिले की पांचों तहसील में शिकायतें प्राप्त हुई सभी तहसीलों में शिकायतों के निस्तारण को अधीनस्थों को निर्देशित किया सदर तहसील के सभागार में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में सदर उप जिलाधिकारी वैभव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने जनता की फरियाद सुनी समाधान दिवस में सदर उप जिलाधिकारी वैभव गुप्ता के होने की जानकारी पर भारी संख्या में तहसील पहुंचे लोगों ने अपनी बिजली,पानी,सीवर,चकमार्गो पर अवैध कब्जे सहित तमाम तरह की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। समाधान दिवस में काफी संख्या में आई राजस्व से संबन्धित निस्तारण करने के आदेश दिये।

# पर्यावरण छात्र संसद ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। लोगों से आवाहन किया गया कि वह पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने पौधे लगाते हुए कहा कि पौधे लगाने के साथ ही पौधों के बड़े होने तक उनकी हिफाजत भी करें इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार कार्य करते रहे। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक डॉक्टर कैलाश यादव संजय सक्सेना माधवेन्द शर्मा जल संरक्षक निर्मल सिंह ने भी पौधे लगे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी के



कैंप कार्यालय पर रुद्राक्ष पीपल, बरगद आदि के पौधे लगाए गये। डॉक्टर कैलाश यादव ने बताया कि पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। न सिर्फ पौधारोपण किया जाता है बल्कि उन पौधों का पालन पोषण और संरक्षण भी किया जा रहा है इसके साथ ही नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। पर्यावरण संसद में जो अन्य प्रस्ताव पारित किए गए थे उन पर भी लगातार अमल किया जा रहा है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा इसमें छात्रों को जोड़कर नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। संजय सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ही प्रदूषण कम करने के लिए भी लगातार कार्य किया जा रहा है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर किया प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर शनिवार को प्रदेश भर के समस्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षको व कर्मचारियो के द्वारा संस्थाओ में प्रदर्शन किया गया। जनपद के अधिकांश विभिन्न विद्यालयो के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विद्यालय के गेट पर एकत्रित होकर पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए शासन व प्रशासन के समक्ष अपनी न्यायिक मांग दोराई। संगठन के प्रांतीय मंत्री अरुण दुबे, जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान एवं मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रांतीय आवाहन पर शनिवार को इस पुरानी



पेंशन बहाली को लेकर विभिन्न विद्यालयो में प्रदर्शन किया गया इस श्रृंखला में प्रमुख रूप से शिवनारायण इंटर कॉलेज, कर्म क्षेत्र इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज, जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेबर, जवाहर इंटर कॉलेज चकरनगर, जनता इंटर कॉलेज पूठन सकरौली, जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर, रघुवर दयाल पाठक इंटर कॉलेज जाखन, महात्मा गांधी सैनिक इंटर कॉलेज पछायगांव, बी एस टी इंटर कालेज, जनता उ मा.विद्यालय नगला सलहदी, ज्ञान चंद्र जैन इंटर कॉलेज इकदिल, सर्वोदय इंटर कालेज लौंगपुर, जवाहर इंटर कॉलेज बुआपुर, इंदिरा गाँधी इंटर कॉलेज खरगपुर सरैय्या, निरंजन इंटर कॉलेज निरंजन नगर एवं मदरसा बोर्ड के विद्यालयों से प्रतीकात्मक संघर्ष प्रदर्शन की खबरें आ रही है। विद्यालयों में प्रदर्शन के उपरांत राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद को सहयोग करते हुए पुरानी पेंशन को लेकर गांधी प्रतिमा के समक्ष शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने मौन धरना प्रदर्शन किया।

# जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

■ कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील जसवंतनगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 31प्रार्थना



पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी जसवंतनगर दीप शिखा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकान्त शुक्ला, जिला विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फीता काटकर किया हॉस्पिटल का शुभारम्भ

वहाज अली निहाल

**इटावा।** शहर की जानीमानी डॉक्टर रजनी रावत के संचेतना कॉलेज के सामने नेशनल हाईवे आगरा रोड पर स्थित सिया देवी मेमोरियल हॉस्पिटल का शनिवार को पूर्व कुलपति, यूपीयूएमएस सैफई डॉ.(बिग्रे)टी.प्रभाकर ने फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। शुभारंभ के बाद डॉ.रजनी रावत व डॉ.रमाकांत रावत ने अथितियों का शाल उड़ाकर व गिफ्ट देकर सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि कुलपति, यूपीयूएमएस सैफई डॉ.प्रभात कुमार, उप कुलपति डॉ.रमाकांत यादव, डॉ.आदेश कुमार की मौजूदगी ख़ास



तौर पर रही डॉ.रजनी ने सभी अतिथियों का शाल उड़ाकर, गिफ्ट देकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ.वी के गुप्ता, डॉ.डी.के.सिंह, डॉ.एम एम पालीवाल, डॉ.एस सी गुप्ता, संतोष चौधरी, सर्वेश चौहान, कृष्ण मुरारी गुप्ता, अतुल निगम, काशिफा नाज़ एडवोकेट, यश वर्धन चौधरी, डॉ.आशीष त्रिपाठी, सिराज चौधरी, ए पी मिश्रा, हॉस्पिटल के मैनेजर आर पी सिंह के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। शुभारंभ अवसर पर पहुंचे सभी लोगों ने बधाई दी।

# मासूम बच्चे लगा रहे हैं विद्यालय में झाड़ू

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा की तहसील महावन के थाना जमुनापार के क्षेत्र सोनई टप्पा में स्थित विधालय जो कि अम्वेडकर प्राथमिक पाठशाला है जिसमें अक्सर देखा जाता है की विद्यालय में पढ़ने वाली छोटे-छोटे मासूम बच्चे शिक्षकों के सामने झाड़ू मारते हैं नजर आते हैं इस मामले में आसपास की रहने वाली दीपा, कु गुडिया, रामलाल, दारा सिह, शनि, शान्ती देवी, हरी ओम, आदि निवासियों से पूछा गया तो बताया गया यहां तो वर्षो से यही हाल है बच्चे ही अपने-अपने कमरों में झाड़ू मारते हैं इसी मामले को लेकर शिक्षकों से बात की गई तो शिक्षकों ने चुप्पी साध ली फिर उपरोक्त मामले को लेकर पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिताओं से बात की गई तो उन्होंने शिक्षकों पर आरोपी की झड़ी लगाते हुए कहने लगे यहां पर जो खाना आता है उसमें भी शिक्षक भेदभाव करते हुए बट वाते हैं ज्यादा तर खाना खुद शिक्षा की खा जाते हैं इस मामले में एक शिक्षक से बात की गई तो उस शिक्षक ने नाम छापने पर बताया कि इसमें हमारे एक दो साथी है जो अपने घर पर खाना खाकर नहीं आते हैं तथा बच्चों के हक का खाना भी खा जाते हैं।

# बंदी जेल में रहकर समय का सदुपयोग करें

अवधनामा संवाददाता

■ नवरात्रि व्रत रखने वालों को दी सुंदरकांड और हनुमान चालीसा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के माननीय कारागार एवं होमगार्डस राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति द्वारा जिला कारागार मथुरा में नवरात्रि व्रत कर रहे जेल में निरूद्ध बंदियों को फलों तथा उनको सुन्दरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पुस्तक का वितरण किया गया। मंत्री द्वारा बंदियों का हालचाल जाना गया, बंदियों को सुन्दरकांड तथा हनुमान चालीसा पाठ की महिमा बताते हुए बंदियों को उक्त का पाठ करने हेतु प्रेरित किया गया।

मंत्री ने कहा कि जेल में दिये जा रहे विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आपको लाभान्वित करें और नये प्रकार के कामों को सीखें, जिससे जब आप लोग जेल से बाहर जायेंगे, तो यही कौशल विकास प्रशिक्षण आपका रोजगार का साधन बनेगा। उन्होंने सभी को आगामी पर्वो की शुभकामनाएं दी।

जिला कारागार में लगभग 400 बंदियों ने नवरात्रि का व्रत रखा था तथा वे सब मंत्री के आगमन हेतु उत्साहित थे। मंत्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अच्छा आचरण रखें, जेल में रहकर खाली समय को सदुपयोग करते हुए कीर्तन, भजन, ध्यान एवं योगाभ्यास करिए। उन्होंने कहा कि लाईब्रेरी का सदुपयोग करते हुए अच्छी अच्छी किताबें पढ़ें। मंत्री ने बंदियों को भविष्य में कभी में कोई अपराध न करने हेतु शपथ दिलाई गई। मंत्री जी के उदबोधन को सुनकर काफी बंदी भावुक हो गये तथा बंदियों ने आश्वासन दिया कि वे भविष्य में कोई अपराध नहीं करेंगे। बंदी पुस्तकों (हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकांड) को प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुख दिखाई दिये तथा किसी के द्वारा सुन्दरकांड व किसी के द्वारा हनुमान चालीसा स्वयं मांग मांग कर लिया गया।

कार्यक्रम में जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, चिकित्साधिकारी डॉ0 उत्पल सरकार, जेलर महाप्रकाश सिंह, उप जेलर सुश्री करूणेश कुमारी, श्रीमती शिवानी देवी, अनूप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 63 में से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने तहसील मांट में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। मांट तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में 63 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए।

# घर की नकारात्मक ऊर्जा को फौरन दूर कर देंगे ये टिप्स, मिल जाएगा हर समस्या का समाधान

अपने घर में सुख-शांति और खुशियां बनीं रहें ऐसा हर व्यक्ति चाहता है। लोग परिवार में खुशियां लाने के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत भी करते हैं। लेकिन कई बार लोग कड़ी मेहनत के बाद भी असफल हो जाते हैं। उनके घर में हमेशा अशान्ति बनी रहती है, घर के लोगों में किसी न किसी वजह से कलेश होते रहते हैं।

अपने घर में सुख-शांति और खुशियां बनीं रहें ऐसा हर व्यक्ति चाहता है। लोग परिवार में खुशियां लाने के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत



भी करते हैं। लेकिन कई बार लोग कड़ी मेहनत के बाद भी असफल हो जाते हैं। उनके घर में हमेशा अशान्ति बनी रहती है, घर के लोगों में किसी न किसी वजह से कलेश होते रहते हैं।

अगर आपके घर में भी कुछ इस प्रकार से लड़ाई झगड़े होते हैं, तो आपके घर के कलेश का कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक आपके घर में कलह और आर्थिक समस्याओं का कारण नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह है। लेकिन इन चीजों से बचने के लिए कुछ उपाय बताये गए हैं। जिनको करने से न केवल नकारात्मक ऊर्जा को बल्कि घर में आ रही परेशानियों से भी छुटकारा मिल सकता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वास्तु के उपायों के बारे में बताएंगे।

***इस दिशा में रखें मिट्टी का पात्र***

अगर आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ गया है, तो आप अपने घर के अंदर एक मिट्टी के पात्र में पानी भरकर दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें। ऐसा करने से आपके घर से जल्द ही नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाएंगी।

***नमक के पानी का पोछा***

अपने घर से नकारात्मक ऊर्जा को हटाने के लिए घर में पोछा लगाते वक्त पानी में थोड़ा सा फिटकरी या नमक डाल दें। ऐसा करने से बहुत जल्द आपके घर से नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी।

***घर में लगाएं पंचमुखी हनुमान की तस्वीर***

अगर आपके घर का मुख्य द्वार दक्षिण दिशा की तरफ है तो वहां पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगाएं। पंचमुखी हनुमान की तस्वीर घर में लगाने से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती हैं और आपके घर में सुख-शान्ति आएगी।

***घर के इस स्थान पर रखें कपूर***

अपने घर में लगे वास्तु दोष के स्थान पर थोड़ा सा कपूर रख दें। इसके बाद आप देखेंगे कि उस स्थान से कपूर गायब हो गया होगा। तो आप फिर से उस स्थान पर कपूर रख दें। ऐसा करने से आपके घर में सुख-शान्ति आएगी और धन की वृद्धि होगी।

***घर में लगाएं तुलसी का पौधा***

घर में तुलसी के पौधे को लगाने से घर की नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं। क्योंकि तुलसी का पौधा बहुत शुभ माना जाता है। नकारात्मक शक्तियों को मिटाने के लिए घर की पूर्व दिशा में तुलसी का पौधा जरूर लगाएं।

# बच्चों के लिए बनाएं टेस्टी और हेल्दी रेसिपीज, पूरा टिफिन चट कर जाएंगे बच्चे

हर मां के लिए सुबह-सुबह का समय किसी युद्ध के मैदान से कम नहीं होता है। क्योंकि सुबह के समय ना सिर्फ बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना होता है। बल्कि बच्चों का टिफिन तैयार करना भी एक बड़े टास्क की तरह होता है। ऐसे में आप यह डिशेज बच्चों को टिफिन में दे सकती हैं।

हर मां के लिए सुबह-सुबह का समय किसी युद्ध के मैदान से कम नहीं होता है। क्योंकि सुबह के समय ना सिर्फ बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना होता है। बल्कि बच्चों का टिफिन तैयार करना भी एक बड़े टास्क की तरह होता है। क्योंकि बच्चे कई बार स्कूल से बिना टिफिन खाए वापस लेकर आ जाते हैं। ऐसे में मां अक्सर यह कोशिश करती हैं कि वह बच्चों के टिफिन में कुछ ऐसा बनाकर दें, जो ना सिर्फ बच्चों को पसंद आएं और वह उनके लिए हेल्दी भी हों। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे स्वादिष्ट रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कुछ मिनट में तैयार कर सकती हैं। इन रेसिपीज को बच्चे शौक से खाएंगे और यह हेल्दी भी है।

***उपमा***

अगर आप भी झटपट कोई रेसिपी बनाना चाहती हैं तो आप बच्चों के टिफिन में वेजिटेबल उपमा बनाकर दे सकती हैं। वेजिटेबल उपमा बनाने के लिए सबसे पहले सूजी को भून



लें। फिर उसमें बच्चों की पसंद की सब्जियां जैसे टमाटर, मटर, आलू, प्याज और गाजर डालकर 2 मिनट के लिए पकाएं।

***ढोकला***

अगर बच्चों के लिए इंस्टेंट टिफिन बनाकर तैयार करना चाहती हैं तो आप उनके लिए सिर्फ 5 मिनट में ढोकला बना सकती हैं। ढोकला बनाने के लिए बेसन में थोड़ा सा दही और पानी मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। फिर इसमें एक ईनो मिक्स कर दें। अब इसे माइक्रो सेफ कंटेनर में डालकर 3 से 4 मिनट के लिए माइक्रोवेव कर तैयार कर लें। इसके बाद राई और करी पत्तों का छौंक लगाकर आप ढोकला सर्व कर सकती हैं। साथ ही इसे सॉस व चटनी के साथ बच्चों को लंच में भी दे सकती हैं।

***वेज सैंडविच***

बच्चों को सैंडविच खाना बहुत ज्यादा पसंद होता है। ऐसे में आप भी बच्चों को टिफिन में हेल्दी वेज सैंडविच बना कर दे सकती हैं। इसे आप झटपट बनाकर तैयार कर सकती हैं। ब्रेड सैंडविच बनाने के लिए दो ब्राउन ब्रेड की स्लाइस लें। फिर आप इसमें बच्चों के पसंद की सब्जी खीरा, गाजर, टमाटर, पत्ता गोभी डालकर एक चीज स्लाइस रख दें। इस तरह से सैंडविच बनकर तैयार हो जाएगा और फिर इसे टिफिन में दे सकती हैं।

***वेजिटेबल चीला***

अगर आप टिफिन में पराठे की जगह बच्चे को कुछ और देना चाहती हैं। तो वेजिटेबल चीला बच्चों को काफी पसंद आएगा। यह टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी भी है। वेजिटेबल चीला बनाने के लिए टमाटर, हरी मिर्च, प्याज, हरा धनिया, अदरक और पानी डालकर इसका बैटर तैयार कर लें। फिर तवा डोसा पर बैटर को डालकर दोनों तरफ से सेंक लें। इसे आप टिफिन में चटनी व सॉस के साथ बच्चों को दे सकती हैं।

# चाकू साफ करते समय इन छोटे-छोटे टिप्स का रखें ध्यान



एक बार इस्तेमाल करने के बाद चाकू को तुरंत साफ करना जरूरी होता है। उपयोग के तुरंत बाद आप चाकू को गर्म साबुन वाले पानी से धोएं। उन्हें लंबे समय तक गंदा छोड़ने से बचें, क्योंकि इससे दाग और जंग लग सकता है।

हम सभी अपनी किचन में चाकू का इस्तेमाल तो करते ही हैं। फल-सब्जियों से लेकर अन्य कई चीजों को काटने के लिए हमें चाकू की जरूरत पड़ती है। इतना ही नहीं, कभी-कभी तो दिन में कई बार हम चाकू का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में इस्तेमाल के बाद उसे क्लीन करना भी उतना ही जरूरी होता है। यह देखने में आता है कि जब हम चाकू को साफ करते हैं तो कई बार हमारे हाथ में चोट लग जाती है। इतना ही नहीं, अगर चाकू को सही तरह से क्लीन नहीं किया जाता है तो इससे वे जल्द ही खराब हो जाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको चाकू साफ करते समय ध्यान रखना चाहिए।

***सिंक में ना डालें***

अक्सर हम गंदे बर्तनों को सिंक में रख देते हैं। लेकिन जब बात चाकू की हो तो उसे सिंक में ना रखने की सलाह दी जाती है। ऐसा संभव है कि जब आप बर्तनों की सफाई करें तो सिंक में रखा हुआ चाकू गलती से आपको लग जाए। ऐसी किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए आप या तो चाकू को इस्तेमाल के बाद तुरंत क्लीन करें या फिर उसे सिंक के साइड में रखें।

***गर्म साबुन वाले पानी का करें इस्तेमाल***

एक बार इस्तेमाल करने के बाद चाकू को तुरंत साफ करना जरूरी होता है। उपयोग के तुरंत बाद आप चाकू को गर्म साबुन वाले पानी से धोएं। उन्हें लंबे समय तक गंदा छोड़ने से बचें, क्योंकि इससे दाग और जंग लग सकता है।

***डिशवॉशर में ना करें क्लीन***

अगर आपके घर में डिशवॉशर है तो आप चाकू को उसमें डालने से बचें। दरअसल, डिशवॉशर का हाई प्रेशर वॉटर, डिटर्जेंट और गर्मी ब्लेड और हैंडल को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

***स्पंज का करें इस्तेमाल***

जब आप चाकू को साफ करते हैं तो उसे क्लीन करने के लिए किसी मुलायम कपड़े या स्पंज का उपयोग करें। कभी भी इसे क्लीन करने के लिए एब्रेसिव स्कोअरिंग पैड का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे चाकू के सरफेस पर खरोंच आ सकती है।

***तुरंत सुखाएं***

यह भी एक छोटा सा टिप है, लेकिन इस ओर अक्सर लोग ध्यान नहीं देते हैं। चाकू को धोने के बाद उसे तुरंत साफ, सूखे तौलिये से सुखाएं। ध्यान रखें कि यह बहुत लंबे समय तक गीला ना रहे। दरअसल, नमी से चाकू में जंग लग सकता है और वह खराब हो सकता है।

# वुडन फ्लोर की क्लीनिंग करते ना करें ये गलतियां, फर्श हो जाएगा खराब

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जो नियमित रूप से वुडन फ्लोर की क्लीनिंग नहीं करते हैं। जबकि इसे भी मेंटेनेंस की जरूरत होती है। कोशिश करें कि आप वुडन फ्लोर पर जमा धूल और गंदगी को हटाने के लिए झाड़ू लगाना या वैक्यूम करना अच्छा रहता है।

इन दिनों अधिकतर लोग अपने घर को एक क्लासी लुक देने के लिए वुडन फ्लोरिंग करवाते हैं। यकीनन वुडन फ्लोर देखने में काफी अच्छा लगता है, लेकिन इसकी क्लीनिंग पर खासतौर से ध्यान देना जरूरी होता है। बहुत से लोग वुडन फ्लोर की क्लीनिंग तो करते हैं, लेकिन समय के साथ उनकी फ्लोरिंग खराब होने लगती है या फिर उसकी चमक खोने लगती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वुडन फ्लोर की क्लीनिंग करते हुए हम कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स करते हैं, जिनसे हमें बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको वुडन फ्लोर क्लीनिंग से जुड़ी कुछ ऐसी ही मिसटेक्स के बारे में



बता रहे हैं-

***रेग्युलर क्लीनिंग को नजरअंदाज करना***

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जो नियमित रूप से वुडन फ्लोर की क्लीनिंग नहीं करते हैं। जबकि इसे भी मेंटेनेंस की जरूरत होती है। कोशिश करें कि आप वुडन फ्लोर पर जमा धूल और गंदगी को हटाने के लिए झाड़ू लगाना या वैक्यूम करना अच्छा रहता है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो ऐसे में फ्लोर को नुकसान हो सकता है।

***हार्श केमिकल्स का इस्तेमाल करना***

वुडन फ्लोर को चमकाने के चक्कर में अक्सर हम हार्श केमिकल्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ब्लीच या अमोनिया जैसे हार्श केमिकल्स फ्लोर की फिनिश और लकड़ी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, जब भी आप वुडन फ्लोर की क्लीनिंग करते हैं तो ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जो लकड़ी को किसी तरह का नुकसान ना पहुंचाए।

***गंदे टूल्स का इस्तेमाल करना***

जब आप वुडन फ्लोर की क्लीनिंग कर रहे हैं तो आप किस तरह के टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका भी एक गहरा असर पड़ता है। अगर आप वुडन फ्लोर की क्लीनिंग करते हुए गंदे पोछे या कपड़े का इस्तेमाल करते हैं तो इससे फर्श साफ होने की जगह और भी ज्यादा गंदा नजर आता है। इतना ही नहीं, इससे सरफेस पर स्क्रैच भी आ सकते हैं।

***तुरंत क्लीन ना करना***

यह एक छोटी सी मिसटेक है, लेकिन इससे आपके वुडन फ्लोर पर गहरा असर पड़ता है। कभी-कभी ऐसा होता है कि फर्श पर अनजाने में कुछ गिर जाता है और हम उसे तुरंत साफ नहीं करते हैं। लेकिन ऐसा करने से गंदगी लकड़ी में अवशोषित हो जाती है, जिससे उस पर हमेशा के लिए एक दाग आ जाता है या फिर इससे लकड़ी को भी नुकसान हो सकता है। इसलिए, अगर फर्श पर गलती से कुछ गिर जाता है, तो किसी मुलायम व नम कपड़े से तुरंत गंदगी को पोंछ लें।

# सर्दियों में बच्चों को खिलाएं शकरकंद की रबड़ी, स्वाद ऐसा कि बार-बार बनाएंगे आप



सर्दियों के मौसम में लोग शकरकंद खाना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। इसमें मौजूद बेटा कैरोटीन आंखों की सेहत के लिए भी काफी अच्छा होता है। ऐसे में अगर आप शकरकंद की रबड़ी बना कर बच्चों को खिला सकती हैं।

शकरकंद जिसे स्वीट पोटेटो भी कहा जाता है, यह हमारी सेहत को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। आपको बता दें कि शकरकंद में मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम, सोडियम, कैल्शियम, आयरन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन के, विटामिन क्व, विटामिन 6, विटामिन 9 आदि गुण पाए जाते हैं। इसमें ना सिर्फ बच्चे के शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी काफी जरूरी तत्व पाए जाते हैं।

आप चाहें तो 6 महीने के बच्चे की डेली डाइट में शकरकंद को शामिल कर सकती हैं। लेकिन बच्चे को खिलाने के दौरान इस बात का खास ख्याल रखें कि यह अच्छे से पका होना चाहिए और मैश किया हुआ हो। सर्दियों के मौसम में लोग शकरकंद खाना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। इसमें मौजूद बेटा कैरोटीन आंखों की सेहत के लिए भी काफी अच्छा होता है। शकरकंद आलू से ज्यादा पौष्टिक होता है। वहीं इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है, इसलिए आप डायबिटीज में भी इसका सेवन कर सकते हैं। ऐसे में बच्चों को शकरकंद खिलाने के लिए आप इसकी रबड़ी भी बना सकती हैं। आइए जानते हैं शकरकंद की रबड़ी बनाने के विधि के बारे में...

***शकरकंद की रबड़ी बनाने की सामग्री***

*दूध - 1 लीटर*
*शकरकंद - 1 किलो*
*चीनी - 1 कप*
*इलायची पाउडर - 1 टी स्पून*
*काजू कटे - 5*
*बादाम कटी - 5*
*पिस्ता कटे - 5*
*केसर - 1 चुटकी*
*गर्म पानी*

*ऐसे बनाएं*

सबसे पहले शकरकंद को उबाल लें और फिर इनका छिलका उतार दें। फिर इनको मैश कर दें। इसके बाद एक बड़े बर्तन में दूध को गर्म होने के लिए रख दें। दूध में हल्का उबाल आने के बाद उसमें मैश किए हुए शकरकंद डालें। अब इन दोनों चीजों को तब तक पकाएं जब तक दूध गाढ़ा ना हो जाए।

अब दूसरे पैन में एक कप पानी डालकर गर्म कर लें, जब पानी गर्म हो जाए तो उसमें एक चुटकी केसर डाल दें। केसर जब पानी में अच्छे से घुल जाए तो उसमें दूध मिला दें और रबड़ी को चमचे की मदद से चलाते रहें। फिर इसमें इलायची पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब रबड़ी को कम से कम 5 मिनट तक मीडियम फ्लेम पर पकाएं।

रबड़ी के अच्छे से पक जाने के बाद उसमें स्वादानुसार चीनी मिक्स करें। चीनी को चम्मच की मदद से अच्छे से मिक्स करें। फिर 2-3 मिनट तक रबड़ी पकाएं और फिर गैस को बंद कर दें। अब रबड़ी की तासीर को ठंडा होने के लिए छोड़ दें। अगर आपको ठंडी रबड़ी खाना पसंद है तो आप इसे कुछ देर के लिए फ्रीजर में भी रख सकते हैं। रबड़ी को सर्व करने से पहले उसमें बादाम, काजू और पिस्ते को गॉर्निश करें।

***शकरकंद खाने के फायदे***

आपको बता दें कि शकरकंद आंखों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी अच्छी होती है। ऐसे में अगर आप लंबे समय तक आंखों को स्वस्थ बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको अपनी डाइट में शकरकंद जरूर शामिल करना चाहिए।

शकरकंद के सेवन से दिल संबंधी बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है।

शकरकंद के सेवन से आयरन की कमी को पूरा कर सकते हैं।

# किचन गार्डन में इन हर्बल पौधों को भी दें जगह, घर की सुंदरता मिलने के साथ आप भी रहेंगे हेल्दी

आजकल शहरीय लोगों का जीवन 2 क्वाय और 3 क्वाय फ्लैट में ही व्यतीत हो रहा है। ऐसे में हम आपको उन हर्बल पौधों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप अपने घर में लगा सकते हैं। साथ ही यह पौधे आपको सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं।

आजकल हरे भरे पेड़-पौधे या हरियाली तो सबको पसंद है। लेकिन आजकल शहरीय लोगों का जीवन 2 क्वाय और 3 क्वाय फ्लैट में ही व्यतीत हो रहा है। ऐसे में अधिकतर लोग अपने घरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए घर की बालकनी या छतों पर पौधों को लगाना पसंद करते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हर्बल पौधों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे आप अपने घर में लगाकर अपने खाने का स्वाद बढ़ा सकते हैं। आइए जानते हैं हर्बल पौधों के बारे में जो आपको हेल्दी और स्वस्थ बना सकते हैं।

***लेमन बाम***

अगर आपको नींद नहीं आती है और आप काफी ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं, तो आप भी लेमन बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपके लिए फायदेमंद होगा और पेट सही रहता है। इतना ही नहीं घर के लिए भी यह पौधा काफी लाभदायक होता है। लेमन बाम पौधा एक नैचुरल पेस्ट कन्ट्रोलर है। यह बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं को भी मारता है। लेमन बाम को अच्छी क्वालिटी के मिट्टी में ही लगाएं और समय समय पर पानी भी डालते रहें। इस पौधे से आप अपने घर में ही हर्बल चाय बना सकती हैं। इसके साथ ही यह पौधा सलाद बनाने के भी काम आता है।

***थाइम***

इससे कैंसर जैसी बीमारियां नहीं होती हैं इसके साथ ही यह हमें और भी अन्य बीमारियों से स्वस्थ रखता है। यह पौधा स्कीन प्रोबलेम और बैक्टीरियल इनफेक्शन से भी निजात दिलाता है। थाइम, आर्थराइटस में और गले की खराश में भी फायदा करता है। इस पौधे को आप आसानी से घर में उगा सकते हैं। यह पौधा मटन, स्ट्यू आदि जैसी डिश को काफी स्वदिष्ट बनाता है।

***रोजमेरी***



इसमें विटामिन बी6, आयरन, कैलशियम जैसी चीजें भरपूर मात्रा में पाई जाती हैं। रोजमेरी के पौधे में ऐसे तत्व भी पाए जाते हैं जिनसे एकाग्रता बढ़ती है। रोजमेरी के पौधे को गमले में लगाना चाहिए। लेकिन उससे पहले ये सुनिश्चित कर लें कि रोजमेरी के पौधे पर डायरेक्ट सनलाइट न पड़ रही हो।

***पार्सले***

यह पौधा मधुमेह, किडनी स्टोन्स, कब्ज, आदि जैसी बिमारियों को ठीक करता है, क्योंकि इस पौधे में विटामिन और विटामिन द्घ प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। पार्सले के बीजों को गिली मिट्टी में 7-10 इंच की दूरी में लगाना चाहिए। इसके प्रयोग से आपके खाने का रंग और स्वाद दोनो काफी मजेदार हो जाते हैं।

***मिन्ट***

मिन्ट के पौधे को अपने किचन में जरूर लगाना चाहिए। जिससे इस पौधे का प्रयोग हम रोजाना आसानी से कर सकें। इस पौधे को आप जमीन में या फिर किसी गमले में लगा सकती हैं। इसका प्रयोग लोग अक्सर चटनी और हर्बल टी के लिए करते हैं। मिन्ट का सलाद आदि भी बनाया जाता है। यह पौधा बहुत नाजुक होता है। बहुत जल्द ही सूख जाता है।

***ऑरिगैनो***

यह पौधा बच्चों से लेकर बूढों तक को काफी पसंद होता है। यह मार्केट में बहुत महंगा बिकता है। इस पौधे को आप अपने घर में भी लगा सकतीं हैं और घर के बाहर भी लगा सकती हैं। ओरिगैनो के पौधे में गजब की महक होती है। ओरिगैनो का पौधा खाने के स्वाद को और भी ज्यादा बढ़ा देता है।

***चाइव्स***

इस पौधे में विटामिन, ऐंटी-ऑक्सीडेंट्स अधिक मात्रा में होती हैं और कैलोरी की मात्रा बहुत कम पाई जाती है। ये पौधा आसानी से उगाया जा सकता है। इसे आप अपने घर में या घर के बाहर कहीं भी लगा सकते हैं। लेकिन इसे समय-समय पर पानी देते रहना चाहिए। इस पौधे को लगाने से आपको नींद भी अच्छी आएगी। इसे आप सलाद के साथ मिलाकर खा सकते हैं।

# सफेद जूतों को चमकाने के लिए फॉलो करें ये अमेजिंग हैक्स, फिर से लगने लगेंगे नए



व्हाइट स्नीकर्स ना सिर्फ पहनने में बल्कि यह देखने में भी काफी ज्यादा अच्छे होते हैं। आप हर तरह के आउटफिट्स के साथ व्हाइट जूतों को कैरी कर सकती हैं। व्हाइट स्नीकर्स गंदे होने के साथ इन पर दाग भी लग जाते हैं। जिसके कारण इनको बार-बार पहनने का मन नहीं होता है।

हमारे लुक में चार चांद लगाने के लिए अच्छे जूते होना बहुत जरूरी होता है। कहा जाता है कि इंसान की पहचान उसके जूतों को देखकर की जाती है। इसलिए आज भी लोग जूतों पर इंवेस्ट करते हैं। वहीं व्हाइट स्नीकर्स ना सिर्फ पहनने में बल्कि यह देखने में भी काफी ज्यादा अच्छे होते हैं। आप हर तरह के आउटफिट्स के साथ व्हाइट जूतों को कैरी कर सकती हैं। लेकिन यह आसानी से गंदे हो जाते हैं। ना सिर्फ गंदे बल्कि व्हाइट स्नीकर्स पर दाग भी लग जाते हैं। जिसके कारण इनको बार-बार पहनने का मन नहीं होता है।

ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि व्हाइट स्नीकर्स को साफ करने के लिए आपको किसी महंगे क्लीनर आवश्यकता नहीं है। आप कुछ घरेलू चीजों की मदद से भी व्हाइट स्नीकर्स की सफाई कर सकते हैं। आइए जानते हैं घरेलू चीजों से स्नीकर्स की सफाई कैसे करनी चाहिए। इसके साथ ही जूतों की किस तरह से देखभाल करनी चाहिए।

***डिश सोप से साफ करें स्नीकर्स***

डिश सोप से आप सिर्फ बर्तन ही नहीं बल्कि अन्य चीजों को भी चमका सकती हैं। डिश सोप क्लीनिंग का एक बहुत अच्छा ऑप्शन है। ऐसे में आप डिश सोप का उपयोग व्हाइट स्नीकर्स को भी साफ करने के लिए कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक चम्मच डिश सोप में 1 कप पानी मिलाना होगा। फिर किसी पुराने ब्रश की मदद से लिक्विड जूतों पर डालकर इसे अच्छे से रगड़ कर साफ कर लें। इस तरीके से आपके जूते नए जैसे हो जाएंगे।

***ऐसे साफ करें स्नीकर्स पर लगे दाग***

अगर आपके भी व्हाइट स्नीकर्स में दाग लग गया है। तो ब्रिसल वाले टूथब्रश को डिश सोप में भिगो दें। इसके बाद दाग वाली जगह पर टूथब्रश को सर्कुलर मोशन में घुमाएं। इसे तब तक करते रहें, जब तक जूतों पर लगा दाग हल्का ना हो जाए। रब करने के साथ हल्का दबाव भी डालें। इससे जूतों पर लगा दाग हल्का हो जाएगा। फिर डिश सोप में मैजिक इरेजर को भिगोएं। अब इस इरेजर से जूते के सोल को साफ कर लें। आपको किसी भी लोकल डिपार्टमेंट स्टोर पर मैजिक इरेजर मिल जाएगा।

***ऐसे सुखाएं जूता***

बता दें कि जूतों को सही तरीके से सुखाना बहुत जरूरी है। क्योंकि जूते नमी के कारण जल्दी खराब हो सकते हैं। इसलिए जूते में मौजूद सोप को पेपर टॉवल या कपड़े से सोख लें। जिससे कि यह गीला ना रहे। फिर जूतों को हवा में सूखने के लिए रख दें। जूतों को डायरेक्ट सनलाइट में नहीं रखना चाहिए।

***बेकिंग सोडा से साफ करें जूता***

खाने से लेकर घर की सफाई तक के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आपको भी जूतों से दाग हटाना है तो इसके लिए बेकिंग सोडा एक घरेलू और असरदार उपाय है। 1 चम्मच गर्म पानी, 1 चम्मच व्हाइट विनेगर में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स कर लें। इसके बाद बेकिंग सोडा ब्रश पर लगाएं। फिर इसे जूतों पर अच्छे से रब करें। इसे रब करने के बाद जूतों को 3-4 घंटे के लिए सूखने को छोड़ दें। फिर किसी कपड़े या उंगली की मदद से इस पेस्ट को हटा लें।

***ये नुस्खा भी है कारगर***

व्हाइट स्नीकर्स पर लगे दाग को हटाने के लिए आप टूथपेस्ट का भी इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए आप टूथपेस्ट को दाग वाली जगह पर लगाएं। फिर टूथपेस्ट को रब करें और कुछ समय बाद गीले कपड़े की मदद से जूतों को साथ कर लें। इसके अलावा आप जूतों को हाइड्रोजन पेरॉक्साइड से भी आसानी से साफ कर सकती हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को पानी में मिक्स कर लें। फिर इससे आप जूतों को साफ कर सकती हैं।

***ऐसे करें व्हाइट स्नीकर्स की देखभाल***

व्हाइट स्नीकर्स पर दाग लगने पर इसे फौरन साफ कर लेना चाहिए।

जाना जूतों को साफ कपड़े से पोंछ लें। ऐसा करने से जूतों पर लगी गंदगी और धूल आसानी से साफ हो जाएगी। वहीं सप्ताह में एक बार जूतों की अच्छे से सफाई कर लें।

मशीन में धोने की जगह जूतों को हाथ से धोना चाहिए। इन्हें धोने के लिए किसी हार्श केमिकल वाले डिटर्जेंट को इस्तेमाल ना करें।

जूतों को साफ करने के लिए ब्लीच का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हालांकि ब्लीच से दाग तो आसानी से साफ हो जाते हैं, लेकिन इससे जूते का फैब्रिक खराब हो जाता है।

जूतों की सफाई के बाद इनको अच्छे से सुखाया जाना जरूरी होता है। क्योंकि गीले जूतों से ना सिर्फ पैरों से बदबू आने लगती है, बल्कि जूते भी जल्दी खराब हो जाते हैं।

# राहुल ने चला पूरे साउथ के लिए डोसा पॉलिटिक्स दांव

**मुलाकात**

**राहुल गांधी ने तेलंगाना में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के बढ़े हुए स्वरूप के दौरान डोसा बनाने वाले से मुलाकात कर वहां की सियासी नब्ज को पकड़ा।**



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने तेलंगाना में ताबड़तोड़ तीन रैलियां, नुक्कड़ सभाएं और जनसभाओं के माध्यम से न सिर्फ तेलंगाना राज्य में सियासी पिच मजबूत की। बल्कि दक्षिण भारत में भी अपने राजनैतिक इशारे और सियासी आगाज के अंदाज भी स्पष्ट कर दिए। तेलंगाना में डोसा बनाकर राहुल गांधी ने दक्षिण भारत में डोसा पॉलिटिक्स के सहारे आने वाले लोकसभा चुनाव का भी एक तरीके से सियासी संदेश दे दिया है। जबकि तेलंगाना में हल्दी और शक्कर के साथ जातिगत जनगणना से आने वाले विधानसभा चुनाव में राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने का बड़ा सियासी दांव भी चला है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राहुल गांधी ने जिस तरीके से शुक्रवार को तेलंगाना में जनता से मुखातिब होकर अपनी बात कही है, वह सिर्फ विधानसभा ही नहीं बल्कि लोकसभा के चुनावों में भी जारी रहने वाली है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को तेलंगाना में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के बढ़े हुए स्वरूप के दौरान डोसा बनाने वाले से मुलाकात कर वहां की सियासी नब्ज को पकड़ा। इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने डोसा बनाकर न अपनी रैली में सिर्फ इस बात का जिक्र किया बल्कि लोगों से कहा कि यहां आकर आप लोगों ने मुझे डोसा बनाना भी सिखा दिया है। इस दौरान राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी का जिक्र कर और उनके तेलंगाना आने की बात के साथ स्थानीय लोगों से सीधे तौर पर भावनात्मक रूप से जुड़ने का प्रयास किया। सियासी जानकारों का कहना है कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में जिस तरीके से स्थानीय खानपान का जिक्र किया। उसका संबंध सिर्फ तेलंगाना तक ही सीमित नहीं रहने वाला है। राजनीतिक विश्लेषक हेमेंद्र शर्मा कहते हैं कि अगर शुक्रवार की रैली, नुक्कड़ सभाएं और जनसभाओं को आप बारीकी से अध्ययन करें, तो आपको राहुल गांधी की रैलियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनता से सीधे जुड़ने वाला पुट नजर आएगा।

शर्मा कहते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जनता से उनके स्थानीय रहन-सहन और खानपान से सीधे जुड़कर अपना एक भावनात्मक कनेक्ट बनाते हैं। वह कहते हैं कि बीते कुछ दिनों में राहुल गांधी की रैलियों, जनसभाओं और नुक्कड़ सभाओं के दौरान उनकी बॉडी लैंग्वेज के साथ-साथ जनता से मुखातिब होने की जो शैली है, वह न सिर्फ दो तरफा संवाद की तरह है बल्कि यह स्थानीयता और भावनात्मकता का पूरा निचोड़ रखती है। राजनीति विश्लेषक हेमेंद्र शर्मा कहते हैं कि राहुल गांधी ने डोसा बनाकर और डोसे का भरी जनसभा में जिक्र करके न सिर्फ तेलंगाना बल्कि दक्षिण भारत के अन्य सभी राज्यों को भी इससे सीधे तौर पर जोड़ने का प्रयास किया है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को सिर्फ डोसा ही नहीं, बल्कि राज्य के किसानों की बड़ी समस्या हल्दी और शुगर फैक्ट्री का भी जिक्र कर कांग्रेस से सीधे जुड़ने की अपील की। उन्होंने इस दौरान किसानों से कहा कि वह हल्दी के उत्पादक किसानों को 12 से 15 हजार रुपये प्रति कुंतल की लागत के साथ उनकी फसल की कीमत दिलवाएंगे। बल्कि अन्य फसलों पर तय एमएसपी से 500 रुपये प्रति कुंतल की ज्यादा रकम भी दिलवाएंगे। राहुल गांधी ने अपनी इस शुक्रवार को तेलंगाना रैली में किसानों को फोकस करते हुए तेलंगाना में बंद पड़ी शुगर फैक्ट्रीज को चालू करवाने की भी बात कही। सियासी जानकारों का कहना है कि तेलंगाना में हल्दी उत्पादक किसानों और शुगर मिल के बंद होने से यहां के लोगों को बड़ा नुकसान हो रहा है। राजनीतिक विश्लेषक ओम प्रकाश मिश्रा कहते हैं कि अगर कांग्रेस पार्टी यहां के किसानों को बंद पड़ी शुगर मिलों के चालू होने के साथ-साथ उनकी फसलों को अच्छी कीमत दिलवाने का भरोसा जीत लेते हैं, तो इस बार के चुनाव में कुछ बदली हुई तस्वीर दिख सकती है।

# केरल के राज्यपाल बोले- हमारे देश में नेतृत्व के पैमाने मौजूदा लीडरशिप हर पैरामीटर पर खरी

**नेतृत्व**

**आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हमारे देश में नेतृत्व का पैमाना है कि मैं अहम नहीं हूं बल्कि देश को लोग अहम हैं।**



**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि हमारे देश में कुछ परंपराएं और मूल्य हैं। देश में नेतृत्व के लिए कुछ पैरामीटर हैं और अच्छी बात ये है कि हमारा नेतृत्व उन पैमानों पर खरा उतरने के लिए सबकुछ कर रहा है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दिल्ली में ये बातें कही।

आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हमारे देश में नेतृत्व का पैमाना है कि मैं अहम नहीं हूं बल्कि देश को लोग अहम हैं। यह सवाल पूछा जा रहा है कि हम एक राजशाही थे तो हम लोकतंत्र कब बने? केरल के राज्यपाल ने कहा कि मुझे ये तब अहसास हुआ, जब पीएम मोदी ने इस बारे में बताया। वो है इंसानों में बराबरी, रंग, भाषा या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं। अगर हम अपने व्यवहार को अपनी परंपराओं और मूल्यों के मुताबिक रखेंगे तो हम दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र हैं।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को लखनऊ में नानाजी देशमुख स्मृति अंत्योदय व्याख्यान में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की कल्पना भारत की संस्कृति में है। आध्यात्मिक लोकतंत्र भारत की विरासत है। लोकतंत्र और उसकी संस्कृति भारत ने दुनिया को दी है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अमृतकाल का अर्थ विरासत में मिली चीज सहेजना है। भारत की सभ्यता और संस्कृति की यात्रा आध्यात्मिक लोकतंत्र पर आधारित रही है।

## दुर्गा पूजा में शामिल होना अद्भुत, महासप्तमी पूजा का हिस्सा बनने पहुंचे ब्रिटिश उच्चायुक्त एलिस



**नई दिल्ली।** भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस महा सप्तमी पूजा का हिस्सा बनने के लिए दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। उनके साथ भारत में नेपाल के राजदूत डॉक्टर शंकर प्रसाद शर्मा भी मौजूद रहे।

दोनों अधिकारी अपने परिवार के साथ महा सप्तमी पूजा के लिए नई दिल्ली के सर्बोजनिन दुर्गा पूजा समिति पंडारा रोड स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा की साथ ही भारत और कनाडा के रिश्तों पर भी बात की।

एलिस ने कहा कि भारत में रहने वालों के लिए यह बहुत ही शानदार उत्सव है, जिसमें वह शामिल हो सकते हैं। दुर्गा पूजा में शामिल होना खुद में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि उन्हें भारत से हमेशा प्यार रहा है। इसके साथ ही ऐसे पांडालों में शामिल होना बहुत पसंद है। ब्रिटिश उच्चायुक्त ने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है।

भारत-कनाडा विवाद पर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने कहा, 'भारत और कनाडा दोनों करीबी दोस्त हैं। हम दोनों देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।'

# नवजात से दुष्कर्म-हत्या मामले में खारिज हुई व्यक्ति की दोषसिद्धि, फिर से सुनवाई का आदेश

**आरोप**

**कोर्ट ने देखा कि साल 2018 में मामला दर्ज होने और आरोप पत्र दाखिल होने के 15 दिनों के भीतर मामले की सुनवाई पूरी कर ली गई थी।**



**नई दिल्ली।** जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में बहुत जल्दबाजी में सुनवाई पूरी की, जिसमें आरोपी को अपना बचाव करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

एक नवजात से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने मामले की फिर से सुनवाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने माना कि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद जल्दबाजी में सुनवाई की गई, जिससे व्यक्ति को अपने बचाव का पूरा अवसर नहीं मिला।

कोर्ट ने देखा कि साल 2018 में मामला दर्ज होने और आरोप पत्र दाखिल होने के 15 दिनों के भीतर मामले की सुनवाई पूरी कर ली गई थी। व्यक्ति को कई अपराधों में दोषी माना गया और ट्रायल कोर्ट द्वारा उसे मौत की सजा दे दी गई। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में बहुत जल्दबाजी में सुनवाई पूरी की, जिसमें आरोपी को अपना बचाव करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। पीठ में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा भी शामिल थे। कोर्ट ने बीती 19 अक्तूबर को यह आदेश दिया।

बता दें कि आरोपी पर तीन महीने के बच्चे से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने का आरोप है। ट्रायल कोर्ट द्वारा मौत की सजा मिलने के बाद आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में अपील की लेकिन हाईकोर्ट ने भी ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही माना और आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी मानते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि खारिज कर दी है और मामले की फिर से सुनवाई का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने कहा कि व्यक्ति को ट्रायल कोर्ट में सुनवाई के दौरान पसंद का वकील भी नहीं मिला था। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा कि न्यायिक शांति ना सिर्फ संवैधानिक अखंडता का पिलर है, साथ ही यह कानूनी व्यवस्था में विश्वास का भी आधार है।

## 'विकास के लिए बंगाल की भूमि में राक्षसी शक्तियां नष्ट हों', हावड़ा में बोले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

**कोलकाता।** जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग दुनिया को



एक दृष्टिकोण देने में सबसे आगे हैं। प्रार्थना करता हूं कि इस भूमि में राक्षसी शक्तियां नष्ट हो जाएं और अच्छी शक्तियों को और अधिक ताकत मिले।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं सुकांत मजूमदार, सुवेन्दु अधिकारी और अग्निमित्रा पॉल के साथ हावड़ा में एक पूजा पंडाल में देवी दुर्गा की आरती की।

जेपी नड्डा ने कहा, 'पश्चिम बंगाल के लोग दुनिया को एक दृष्टिकोण देने में सबसे आगे हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि इस भूमि में राक्षसी शक्तियां नष्ट हो जाएं और अच्छी शक्तियों को और अधिक ताकत मिले। ताकि समाज मंगलमय हो करके सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास% कर सके।'

# विदेशियों के गाजा छोड़ने के लिए खुला रफा बॉर्डर, दवा और भोजन लेकर 20 सहायता ट्रक पहुंचे

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब 15 दिन हो चुके हैं। दोनों ही ओर से जारी हमलों में अब तक पांच 5,537 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस्राइल में हमास के हमले में मरने वालों की संख्या 1400 से ज्यादा है। उधर, गाजा पट्टी में हुई बमबारी में 4,137 से अधिक की मौत हो चुकी है। गौरतलब है, हमास ने इस्राइल पर सात अक्तूबर को सुबह अचानक हमले कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच संघर्ष जारी है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मानवीय सहायता से लदे ट्रक शनिवार को गाजा पट्टी के रफा क्रॉसिंग में प्रवेश करने लगे। दवा और भोजन लेकर 20 सहायता ट्रक गाजा पहुंचे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा से मिस्र जाने के लिए रफा बॉर्डर खोल दिया गया है। बता

**सहायता**

**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मानवीय सहायता से लदे ट्रक शनिवार को गाजा पट्टी के रफा क्रॉसिंग में प्रवेश करने लगे।**

दें, मानवीय सहायत के लिए यह फैसला लिया गया है।

दूतावास ने अमेरिकी नागरिकों को सीमा की ओर जाने या पार करने की कोशिश करने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी है क्योंकि हालात अभी सही नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी और इस्राइली अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और उनके शीर्ष सहयोगियों ने इस्राइली नेताओं से हिजबुल्ला के



खिलाफ कोई बड़ा हमला नहीं करने का आग्रह किया है। अगर इस्राइल हमला करता है तो युद्ध और बढ़ जाएगा।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि हमास समूह द्वारा बंधक बनाए गए शेष अमेरिकियों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए पूरी अमेरिकी सरकार हर दिन हर मिनट हर सेंकड काम करेगी।

सिटीग्रुप ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट डालने के मामले में अपनी पर्सनल बैंकर नोजिमा हुसैनोवा को हटा दिया है। इस पोस्ट में हिटलर द्वारा यहूदियों के नरसंहार का एक तरह से समर्थन किया गया था। गाजा में हालिया घटनाओं के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराने वाले इस पोस्ट की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है।

हमास का सफाया करने का संकल्प लेने के बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हवाई हमले किए हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि गाजा में 1,40,000 यानी एक तिहाई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं, करीब 13,000 घर पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं।

जुडिथ ताई रानन (59) और उनकी बेटी नताली (18) हमास समूह द्वारा रिहा किए जाने के बाद इस्राइल में अपने परिवार से फिर से मिलीं। हमास ने सात अक्तूबर को जब अचानक हमला किया था, तभी इन लोगों को बंधक बनाया था।

व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिस्र से गाजा में मानवीय सहायता शुरू करने की योजना पर चर्चा की। बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उनका मानना है कि सहायता लेकर आ रहे ट्रक अगले 24-48 घंटों में गाजा पहुंच जाएंगे।

## पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने वतन वापसी की, चार साल बाद पाकिस्तान की जमीन पर रखा कदम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ आज यानी शनिवार को चार सालों के निर्वासन के बाद वापस पाकिस्तान लौट आएं हैं। बीते चार सालों से वह लंदन में रह रहे थे और वहीं अपनी बीमारी का इलाज करा रहे थे।

पूर्व कानून मंत्री सीनेटर आजम तरार और पार्टी नेताओं सहित पीएमएल-एन सुप्रीमो की कानूनी टीम उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद है। तरार ने कहा कि नवाज के आगमन पर उनसे राजनीतिक और कानूनी मुद्दों पर सलाह ली जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वीआईपी लाउंज में जाएंगे।

इससे पहले, पाकिस्तान के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) ने शुक्रवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ को ले जाने के लिए बुक किए गए विशेष विमान को देश में उतरने की अनुमति दे दी थी। इस बीच, विपक्षी दलों ने उनकी वापसी के लिए किए जा रहे विशेष इंतजाम की आलोचना की थी। वर्ष 2020 में मिली जमानत के बाद से ही शरीफ ब्रिटेन में रह रहे थे।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को उम्मीद है कि उन्हें पाकिस्तान लौटते ही जेल नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पहले ही उन्हें अस्थायी राहत दे दी है। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में भी कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी निलंबित कर दी है। पार्टी नेताओं ने शरीफ को पाकिस्तान लाने के लिए निजी विमान किराये पर लिया है।

**विपक्ष का विरोध**

पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ ने नवाज की वापसी का विरोध किया है। वहीं, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के मुखिया बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा, एक व्यक्ति के लिए संविधान, चुनाव व लोकतंत्र को बाधित किया गया।

# इस्राइल-यूक्रेन के लिए बाइडन ने अमेरिकी संसद से मांगे 105 अरब डॉलर, बोले- यह समय टर्निंग पॉइंट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल और यूक्रेन को आर्थिक मदद देने के लिए कांग्रेस से 105 अरब डॉलर की मदद देने की अपील की है। बाइडन ने ओवल ऑफिस से देश को संबोधित किया और इस दौरान कहा कि यह अमेरिकी इतिहास का टर्निंग पॉइंट का समय है। बाइडन ने कहा कि इस रकम से रूस के क्रूर हमले से जूझ रहे यूक्रेन और हमास के बर्बर हमले से जूझ रहे इस्राइल को मदद मिलेगी। साथ ही गाजा पट्टी में मानवीय मदद दी जा सकेगी।

यूएस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट डायरेक्टर शालांदा यंग ने अमेरिकी स्पीकर पैट्रिक मैकहेनरी को एक पत्र लिखा है, जिसमें उक्त फंड की मांग की गई है। पत्र के अनुसार, इस फंड में से इस्राइल को 14.3 अरब डॉलर की आर्थिक मदद दी जाएगी और 61.4 अरब डॉलर यूक्रेन को दिए जाने हैं। साथ ही गाजा पट्टी में

**हथियार**

**अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन को दिए जाने वाले 61 अरब डॉलर में से आधे से ज्यादा रकम हथियार और**

राहत सामग्री के लिए भी 9.15 अरब डॉलर, 7.4 अरब डॉलर ताइवान और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में सुरक्षा के लिए, और 13.6 अरब डॉलर अमेरिका मैक्सिको सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने के लिए मांगे गए हैं।

पत्र में यंग ने लिखा कि दुनिया देख रही है और अमेरिकी लोग नेताओं से उम्मीद कर रहे हैं कि वह एकजुट हों और इन मुद्दों पर साथ आएं। वहीं बाइडन की अपील के बाद सीनेट के बहुमत के नेता चक शूमर ने भी इस पैकेज की तारीफ की और कहा कि



वह कोशिश करेंगे कि यह पैकेज जल्द पास हो जाए।

चक शूमर ने कहा कि यह विधेयक बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए सदन में जारी हंगामे को शांत होने का इंतजार नहीं किया जा सकता। सीनेट के डेमोक्रेट सांसद इस अपील पर तेजी से कदम बढ़ाएंगे और हम उम्मीद कर रहे हैं कि रिपब्लिकन सांसद भी इस विधेयक को जल्द से जल्द पास कराने में मदद करें। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन को दिए जाने वाले 61 अरब डॉलर में से आधे से ज्यादा रकम हथियार और गोला बारूद मुहैया कराने में इस्तेमाल होगी। वहीं बचे हुए फंड को आर्थिक और लॉजिस्टिक और शरणार्थियों के कल्याण के काम पर खर्च किया जाएगा। इस्राइल को दिए जा रहे पूरे फंड का इस्तेमाल रक्षा सौदों पर खर्च किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अरब डॉलर सीमा सुरक्षा, सीमा पर पेट्रोलिंग को बेहतर करने, इमीग्रेशन जजों और शेल्टर और डिटेंशन सेंटर्स पर खर्च किए जाएंगे। एक अरब डॉलर फेंटानिल तस्करी से निपटने में खर्च किए जाने की योजना है। वहीं 9 अरब डॉलर फलस्तीन, इस्राइल और यूक्रेन में हिंसा प्रभावित लोगों की मानवीय मदद के लिए खर्च किए जाएंगे। ताइवान और हिंद प्रशांत की सुरक्षा के लिए मांगे गए सात अरब डॉलर के फंड से इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के उपाय किए जाएंगे।

## पाकिस्तान को गुपचुप बैलिस्टिक मिसाइल के उपकरण पहुंचा रहा चीन, अमेरिका ने पकड़ा, अब की बड़ी कार्रवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर बड़ी कार्रवाई की है। उसने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के उपकरण मुहैया कराने के लिए ड्रैगन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को बताया कि प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण शासन के तहत लगाए गए हैं। विदेश विभाग की ओर से कहा गया कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) में स्थित इन तीन कंपनियों ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए मिसाइल से संबंधित वस्तुओं की आपूर्ति करने का काम किया है। इसलिए इनपर प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

चीन हमेशा से ही पाकिस्तान का सहयोगी रहा है। वह इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम में हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है। इन तीन कंपनियों में जनरल टेक्नोलॉजी



लिमिटेड, बीजिंग लुओ लुओ टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और चांगझोउ उटेक कंपोजिट कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।

जनरल टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने ब्रेजिंग सामग्री की आपूर्ति के लिए काम किया है, जिसका उपयोग बैलिस्टिक मिसाइल रॉकेट इंजन में किया जाता है। वहीं, बीजिंग लुओ लुओ टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने मैंड्रेल और अन्य मशीनरी की आपूर्ति करने के लिए काम किया है। इसके अलावा, चांगझोउ उटेक कंपोजिट कंपनी लिमिटेड ने साल 2019 से डी-ग्लास ग्लास फाइबर, क्वाट्र्ज कपड़े और उच्च सिलिका कपड़े की आपूर्ति के लिए काम किया है। इन सभी का मिसाइल सिस्टम में इस्तेमाल होता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि आज की कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि अमेरिका सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार, उनके वितरण के साधनों और संबंधित खरीद गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करना जारी रखेगा। बता दें, प्रतिबंध पाकिस्तान द्वारा अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली के प्रक्षेपण के कुछ दिन बाद लगाया गया है।

## फाइजर के कोरोना टीके में मिला कैंसर वाला वायरस डीएनए

**ओटावा।** हेल्थ कनाडा की एक रिपोर्ट के मुताबिक फार्मा कंपनी फाइजर के कोरोना टीके में कैंसर पैदा करने वाले सिमियन वायरस 40 (एसवी40) डीएनए सीक्वेंस मिला है। हालांकि, फाइजर ने इस डीएनए के बारे में पहले कोई खुलासा नहीं किया था। रिपोर्ट में पुष्टि के बाद वैज्ञानिकों के बीच बहस भी शुरू हो गई है। कुछ का कहना है कि इस डीएनए में कैंसर पैदा करने की क्षमता है तो कुछ अन्य का मानना है कि इससे कोई खतरा नहीं है। स्थानीय मीडिया को लिखे ई मेल में हेल्थ कनाडा ने कहा, हम प्रायोजकों से अपेक्षा करते हैं कि वे जानकारी दाखिल करते वक्त प्लास्मिड (जैसे कि एसवी40 एन्हांसर) के भीतर किसी भी जैविक रूप से कार्यात्मक डीएनए अनुक्रम की पहचान करें। हालांकि, प्रारंभिक फाइलिंग के समय फाइजर प्लास्मिड का पूरा डीएनए सीक्वेंस प्रदान किया गया था।

# कटरा रामलीला कमेटी में हुआ सीता हरण का मंचन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** श्री कटरा राम लीला कमेटी प्रयागराज के तत्वावधान में राम वाटिका प्रांगण में चल रहे रामलीला मंचन के अष्टम दिवस दिन शनिवार को हो रहे रामलीला मंचन के आगे के प्रसंग में शूर्पनखा द्वारा अपने भाइयों को युद्ध के लिए कहना, रावण द्वारा सीता का हरण, सबरी द्वारा श्री राम जो को बेर का भोग, राम-हनुमान मिलन इत्यादि का मंचन हुआ।

**रामलीला के पूर्व भगवान का हुआ पूजन**

रामलीला मंचन के पूर्व मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद बंसल, शिव कुमार वैश्य, विजय गुप्ता, भानु प्रकाश अग्रवाल, शिव शंकर सिंह, शुशील खरबंदा , आशीष अरोरा, आशीष केशरवानी एवं कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता (कुक्कू), उपाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, महामंत्री उमेश चन्द्र केशरवानी कोषाध्यक्ष अश्वनी केशरवानी, शिवबाबू गुप्ता ने राम चरित मानस की आरती कर मंचन का प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर विपुल मित्तल, मयंक अग्रवाल मंत्री, महेश गुप्ता, दिलीप चौरसिया, मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति आदि सदस्य गण उपस्थित रहेद्य



वहीं मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति के अनुसार सुबोध सिंह के निर्देशन में हो रहे रामलीला मंचन के आगे के प्रसंग शूर्पनखा अपने राक्षस भाइयों खर और दूषण के पास जाकर राम और लक्ष्मण से युद्ध करने के लिए उकसाया और कहा कि मेरे इस अपमान का बदला लो। तब खर और दूषण ने राम और लक्ष्मण पर हमला किया, परन्तु दोनों ही राम और लक्ष्मण द्वारा मारे गये। खर और दूषण की मृत्यु के बाद शूर्पनखा और भी ज्यादा अपमानित महसूस करने लगी और पहले से भी ज्यादा क्रोध से भर गयी। इस कारण वो राक्षसों के राजा और अपने बड़े भाई लंकापति रावण के पास गयी और रावण-रावण कहकर इस प्रकार कराहती और चीखती हुई, अपनी कथा सुनाई। साथ ही साथ सीता की सुन्दरता का भी बखान किया और रावण को अपने अपमान का बदला लेने के लिए युद्ध करने के लिए उकसाया।

संध्या का समय हो रहा था। प्रभु श्री राम उस सुनहरे हिरण का पीछा करते हुए घने जंगल में जा पहुँचे थे और जब उन्हें लगा कि अब हिरण को पकड़ा जा सकता हैं, तो उन्होंने अपने धनुष सेंय हिरण को निशाना बनाकर तीर छोड़ा। जैसे ही तीर मारीच को लगा, वह अपने वास्तविक रूप में आ गया और रावण की योजनानुसार भगवान राम की आवाज में दर्द से चीखने लगा लक्ष्मण, बचाओ लक्ष्मणज. सीता, सीता। इस कराहती हुई आवाज को सुनकर सीताजी ने लक्ष्मणजी तो भेजा। परन्तु लक्ष्मणजी अपने भैया राम के द्वारा दिए गये सीता माता की रक्षा करने के आदेश को पूर्ण करने के लिए उन्होंने एक उपाय सोचा और उस उपाय के अनुसार उन्होंने कुटिया के चारों ओर एक रेखा खींच दी, जिसके भीतर कोई नहीं आ सकता था।

# अभाविप का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन अब 7 से 10 दिसंबर तक

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दिल्ली में आयोजित होने जा रहे 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में अब 7 दिसंबर से 10 दिसंबर के मध्य आयोजित होगा। पहले अभाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन 30 नवंबर 2023 से 3 दिसंबर के मध्य प्रस्तावित था। 09 अक्टूबर को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव आयोजित कराने की घोषणा हुई। इन पांच राज्यों के अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करते हुए मताधिकार प्रयोग सुनिश्चित करने

**प्रयागराज में चल रही अधिवेशन को लेकर तैयारियां**

आदि विषयों पर विचार करते हुए अभाविप नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस अमृत महोत्सवी वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के साथ प्राध्यापक कार्यकर्ता तथा शिक्षाविद् भी सहभागिता करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75वें वर्ष का यह अमृत महोत्सवी राष्ट्रीय अधिवेशन देशभर के युवाओं की उपस्थिति, संवाद के विषयों की विविधता सहित विभिन्न पक्षों में विशिष्ट है। अभाविप के 7-10 दिसंबर, 2023 के बीच आयोजित होने जा रहे इस अधिवेशन में शिक्षा, पर्यावरण,खेल,कला, समसामयिक विषयों पर अधिवेशन में भाग ले रहे प्रतिनिधियों द्वारा व्यापक चर्चा के उपरांत व्यवहारिक धरातल पर परिवर्तन निमित्त कार्ययोजना तय होगी। साथ ही अभाविप की संगठनात्मक यात्रा के विविध पक्षों पर प्रमुखता से विचार होगा। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि अभाविप के दिल्ली राष्ट्रीय अधिवेशन में जिन बिंदुओं पर चर्चा होनी है, उसके लिए हमने देशभर के विद्यार्थियों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन का यह आयोजन दिल्ली में देशभर से आए विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ की भांति होगा।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** पुलिस स्मृति दिवस 2023 के पर अवसर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज भानु भास्कर के द्वारा कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी गई। आज पुलिस स्मृति दिवस-2023 के अवसर पर जनपद प्रयागराज के चतुर्थ वाहिनी पीएसी में कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज के द्वारा नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित किया गया। सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों के साथ मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। एडीजी द्वारा अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुये उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की शहादत को याद करते हुए उनके विषय में अवगत कराया गया। मौके पर पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा, आईजी रेंज प्रयागराज, व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निवा बूपां हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का शुभारंभ

**जौनपुर।** शनिवार को निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ब्रांच शाखा का इनॉग्रेशन किया गया ब्रांच शाखा क्र ह कंपलेक्स जेसिस चौराहा ओलांदगंज रोड जौनपुर बड़े ही धूमधाम से ओपनिंग किया गया निव बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के नेशनल हेड दीपक शर्मा ग्रोथ मार्केट विशाल शर्मा क्लस्टर हेड संतोष साहनी क्लस्टर हेड अनुराग त्रिपाठी व ब्रांच मैनेजर संजय गुप्ता दीपक शर्मा ने फीता काटकर ब्रांच का किया। शुभारंभ जनपद जौनपुर के लोगों को दीपक शर्मा ने कहा जनपद वासियों को स्वास्थ्य बीमा के लिए निकटतम ब्रांच से संपर्क कर वह समय-समय पर होने वाली गंभीर बीमारियों को लेकर लोगों को जागरूक किया और निब बूपा कंपनी के बारे में लोगों को बताया।

# नए वोटर्स नवीन भारत के नए भाग्य विधाता होंगे: राजेंद्र

**भाजपा का मंडलीय वोटर महा चेतना अभियान कार्यशाला हुआ संपन्न**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा सभी मंडलों में वोटर महाचेतना अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवकुटी एवं भारद्वाज मंडल की कार्यशाला में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि नए वोटर्स नवीन भारत के नए भाग्य विधाता होंगे। इसलिए सभी कार्यकर्ता आगामी लोकसभा के चुनाव के अंतर्गत वोटर महा चेतना अभियान के द्वारा घर-घर जनसंपर्क करते हुए नए मतदाता को जोड़ने का काम करें।



अवैध एवं दिवंगत हुए मतदाता को मतदाता सूची से इनका नाम कटवाने का कार्य करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर पश्चिम विधानसभा की होने वाली नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एवं सोंराव विधानसभा में आयोजित काशी क्षेत्र की अनुसूचित जाति महासम्मेलन के कार्यक्रम को हमें एकजुटता के साथ सफल कराना है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा नैनी, मुट्ठीगंज, बेनी माधव, विश्वविद्यालय, सिविल लाइन, गंगा पट्टी, जमुना पट्टी, राजरूपपुर, कीडगंज मंडलों की कार्यशाला संपन्न की गई। जिसके मुख्य वक्ता पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडे, राजू पाठक,ज्ञानेश्वर शुक्ला, नरेश कुंद्रा, देवेश सिंह, राजेश सिंह पटेल, पीयूष सिंह,वरुण केसरवानी, राघवेंद्र सिंह रहे कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्षों ने किया। इस अवसर पर अजय अग्रहरि,अजय सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, भरत निषाद, कौशिकी सिंह, गौरव गुप्ता, ज्ञान बाबू केसरवानी, दीनानाथ कुशवाहा, अनिल भट्ट, दिलीप केसरवानी, एवं मंडल के सभी प्रभारी, पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्षगण, बूथ अध्यक्ष, पाषर्दगण एवं वरिष्ठ पूर्व के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाइको की आमने सामने टक्कर में एक की मौत दो

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खुटहन)** बनुआडीह पोखरे के पास शुक्रवार की देर शाम दो बाइकों की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

बनुवाडीह गाँव निवासी रंजन दूबे का 25 वर्षीय पुत्र आयुष दुबे अपनी बाइक पर गाँव के ही शनि यादव को बैठाकर रात करीब नौ बजे गोसाई पुर चौराहे से वापस घर जा रहे थे। शाहगंज की तरफ से गोबरहा गाँव निवासी विजय बहादुर यादव बाइक से अपने भांजे खंजहापुर जिला आजमगढ़ निवासी सूरज यादव को लिवाकर घर आ रहे थे। उक्त पोखरे के पास दोनों बाइकों में आमने सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें आयुष दूबे,सुरज और शनि गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी ले आयी। जहां चिकित्सकों ने आयुष दूबे को मृत घोषित कर दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचे मृतक के स्वजनों के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**109 शिकायतें में 9का मौके पर निस्तारण**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में मड़ियाहूं तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें सर्वाधिक राजस्व के मामले 68, पुलिस विभाग 14, विकास विभाग 12 तथा अन्य विभागो से संबंधित 09 शिकायते थी, जिसमें से कुल 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस अवसर पर



जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उनका जांच करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ज्यादातर शिकायतें जमीन विवाद के संबंध में प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों तथा कानूनगों की संयुक्त टीम बनाकर जमीन विवाद के मामलों की जांच कराई जाए तथा उसका नियमानुसार समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि जमीन विवादों के प्रकरण में यदि कोई भी लेखपाल लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन विवादों का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम सराय विक्रम तहसील मड़ियाहूँ निवासी अमर बहादुर सिंह द्वारा शिकायत की गई कि 21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे खेत में ट्रेक्टर से जुताई की जा रही थी गांव के कुछ लोगो द्वारा जुताई के लिए मना किया गया संबंधी प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत किया गया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम भेज कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ की संयुक्त टीम द्वारा जांच कराकर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी मडियाहूं कुदाल गौरव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य जनपद एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विशाल भण्डारा का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रयागराज के द्वारा आज शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में लेटे हनुमान जी मंदिर निकट संगम क्षेत्र में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। भण्डारा के प्रमुख आयोजनकर्ता सत्येन्द्र कुमार सिंह मानव सेवा ही सच्चा धर्म जैसे विचारों को आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं। इसी विचारों के प्रसार में उनके द्वारा यह छोटी पहल थी, यद्यपि कार्यक्रम भव्य रहा जिसमें भारी संख्या में असहायों, श्रद्धालुओ, राहगीरों ओरिएण्टल परिवार के अधिकारी, कर्मचारी अभिकर्ता, ग्राहक,सर्वेक्षक, अन्वेषक व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

भण्डारा के सफल संचालन में मुख्य सहयोगी राजेश तिवारी, शोभित सोनकर, अमित कुमार, शिवभान यादव, अंकित, दीपक, राजू साहू, सुरेश, कौशल शुक्ला, संतोष, कवीन्द्र, आरना, अविका, मीठी आदि लोग मोजूद रहे।

# महिलाओं का सशक्त होना अति आवश्यक है: एसपी सिटी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शनिवार को मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन के निर्देशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार रहे एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर क्षेत्राधिकार कुलदीप गुप्ता रहे । अतिथि के रूप में यातायात निरीक्षक जेडी शुक्ला,शहर कोतवाल अखिलेश मिश्रा,शकरमंडी चौकी प्रभारी कंचन पांडेय रही । मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की महिलाओ सशक्त होना अति



आवश्यक है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों टोल फ्री नंबरों का प्रयोग करके आप इसका लाभ उठा सकती हैं महिलाओं के सशक्त होने से देश मजबूत होगा इसी क्रम में नगर क्षेत्राधिकारी ने अपने संबोधन में कहा महिलाओं के सशक्त होने से हमारे देश में एक नई क्रांति आएगी जो हमारे देश को सशक्त एवं मजबूत बनाएगी कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में अपना योगदान देना होगा उसी के साथ-साथ व सशक्त एवं मजबूत होगी यातायात निरीक्षक जेडी शुक्ला यातायात के नियमों के साथ-साथ देश की आधी आबादी को भी जागरूक किया चौकी प्रभारी कंचन पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा महिलाओं को बिना डर के जीने का रास्ता सीखना होगा जो हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।अतिथियों का प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने पुष्प देकर सम्मानित किया एवं कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर आए हुए अतिथियों का प्राचार्य ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया नारी सशक्तिकरण पर निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में डांडिया एवं गरबा नृत्य का प्रतियोगिता का आयोजन

**आजमगढ़।** जनपद के सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल बच्चों के एक्टिविटी के क्रम में आज नवरात्रि एवं दशहरा सेलिब्रेशन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 6 तक के बच्चों ने श्री राम लक्ष्मण सीता एवं भरत शत्रुघ्न के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी सेलिब्रेशन की शुरुआत सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा डांडिया एवं गरबा नृत्य का आयोजन मंच पर हुआ उसके बाद बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देते हुए प्रभु श्री राम एवं रावण युद्ध का भाव रूप से मंचन हुआ जिसे देख उपस्थित सभी लोगों ने खूब तालियां बजाई उसके बाद श्री राम जानकी की आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# श्रीराम के चित्रण से सहनशीलता व भातृत्व की भावना का होता है विकास: शिव गोविंद

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** दशहरा के पावन त्योहार पर प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का चित्रण बाल्यकाल से लेकर राजगद्दी तक का बच्चों ने बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्पेलिंग्स बी, हेयर स्टाइल, नेल पेंट, मॉडलिंग, स्कीचिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ईट यू आल कैन, रंगोली, पोस्टर मेकिंग,सिंगिंग, डांसिंग, पेपर क्राफ्ट, सेल्फी, डान्स, मेंहदी आदि में बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ



भाग लिया।

सर्वप्रथम माँ तुलसी का पूजन कर विद्या की देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने किया उसके बाद माँ दुर्गा रूपी कन्याओं को भोज कराकर चुनरी और उपहार देने के बाद प्रत्येक कार्यक्रम को कार्यक्रम के इंचार्ज की देख रेख में बच्चों द्वारा कार्यक्रम को निर्धारित समय में पूर्ण किया गया ततपश्चात विद्यालय के निर्णायक मंडल द्वारा बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान निर्धारित किया गया।

# साइबर विशेषज्ञ ओ पी जायसवाल ने टीडी कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ फेज के अन्तर्गत मिशन शक्ति टीम व साइबर क्राइम टीम द्वारा टीडी महिला महाविद्यालय में बालिकाओं को साइबर अपराध व हेल्पलाइन नं. 1090, 181, 108, 1076, 1098, 1930 आदि के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में साइबर विशेषज्ञ ओम प्रकाश जायसवाल द्वारा छात्राओं को साइबर सेफ्टी के बारे में जागरूकता एवं सुझाव प्रदान किया गया। श्री जायसवाल ने बताया कि सुरक्षित पासवर्डों का उपयोग करें। सबसे पहले सुरक्षित और विशेष पासवर्डों का उपयोग करना जरूरी है। पासवर्ड को सुरक्षित और असामान्य बनाएं जिसमें अक्षर, संख्याएँ और विशेष वर्ण शामिल हों। फिशिंग ईमेल से सतर्क रहें। फिशिंग ईमेल्स के शिकार न होने के लिये अज्ञात ईमेल अटैचमेंट्स और लिंक्स को खोलने से पहले सतर्क रहें। सोशल मीडिया प्रॉफाइल प्राइवेसी सेटिंग्स को जाँचें और निजी जानकारी को केवल उन्हीं लोगों के साथ साझा करें जिन्हें आप जानते हैं। किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर तत्काल 1930 पर काल करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## अजय प्रजापति का राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन हर्ष

**अतरौलिया।** कक्षा 9 के छात्र अजय प्रजापति का राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन। बता दे कि क्षेत्र के पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज अतरौलिया आजमगढ़ में पढ़ रहे कक्षा 9 का छात्र अजय प्रजापति जो विक्ट्री इंटर कॉलेज दोहरीघाट में आयोजित मंडलीय क्रीडा प्रतियोगिता में लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। अजय प्रजापति का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कांत सिंह और प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह ने कक्षा 9 के छात्र की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है तथा क्षेत्र के लोग भी इस होनहार को बधाई दे रहे हैं। कक्षा 9 के छात्र अजय प्रजापति क्षेत्र के चनैता गांव के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों में भी खुशी व्याप्त है।

# जीडी ग्लोबल स्कूल में बच्चों ने पुरुषोत्तम राम के संघर्ष चरित्र दर्शा मन मोहा

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शनिवार को करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में दशहरा का कार्यक्रम भव्यपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती मधु पाठक के साथ दीप प्रज्वलन से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम राम के संघर्ष एवं चरित्र पर गीत की प्रस्तुति की गई। उसके पश्चात विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चो ने रामलीला का रंगमंचीय कायर्क्रम प्रस्तुत कर दर्शको को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने दशहरा पर्व के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व पर अपने अपने विचार अभिव्यक्त किए। छात्र व छात्राओं द्वारा प्रभु श्रीराम के वनगमन, सीताहरण, लंका युद्ध का सजीव और मनोरम वर्णन रामलीला के माध्यम से रंगमंचीय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। रामलीला का यह जीवंत कार्यक्रम श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय की निदेशिका ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। आसुरी शक्तियों के सदैव विनाश की ओर संकेत करता है यह पर्व। विद्यालय के प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने पर्व की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विजयादशमी पर्व पर शस्त्र-पूजा की जाती है, और नया कार्य प्रारम्भ करते हैं (जैसे अक्षर लेखन का आरम्भ, नया उद्योग आरम्भ, बीज बोना आदि)। ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक है, शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव मनाया जाता है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि दशहरा पर्व की सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा यह पर्व अकारण तथा निरपराध लोगों को रुलाने वाले रावण के अहंकार रूपी दस सिरों और पौरुष की दुरुपयोगिनी बीस भुजाओं के विनाश की प्रतीक है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष के आते-आते मार्ग सुगम हो जाते हैं। स्वच्छ अंबर में पवन-संयोग के कारण मेघ बलाहक पक्षी की भांति उड़ने लगते हैं। यह पर्व हमें असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है, हमें क्रोध, लोभ, अहंकार का त्याग कर अच्छाई को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्री राम दरबार की आरती से हुआ।

## गूंगी बहरी लड़की के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**अतरौलिया।** गूंगी बहरी लड़की के साथ गांव के ही युवक ने किया दुष्कर्म ,पीड़िता की माँ ने दी तहरीर। बता दे की अतरौलिया थाना क्षेत्र गांव निवासी एक महिला ने अतरौलिया थाने में लिखित तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि गांव का ही निवासी युवक की मां ने मेरी गूंगी और बाहरी लड़की को अपने घर किसी काम से बुला कर ले गई । युवक की मां अपने घर से कहीं बाहर चली गई थी कि इसी दौरान उसके लड़के ने मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। जब मैं उसे बुलाने उसके घर पहुंची तो मेरी पुत्री बेसुध व अर्द्धनग्न अवस्था में पड़ी थी और उसकी शरीर से खून निकल रहा था , और वह फांसी लगाने जा रही थी। जब इसकी जानकारी मेरे द्वारा युवक के घर वालों को बताई गई तो वह लोग मुझे धमकी देने लगे और बोले कि थाने पर जाओगी तो जान से मार देंगे। पीड़िता की मां ने बताया कि मेरी लड़की जो बोल और सुन नहीं सकती है वह पूरी तरह से दिव्यांग है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है।

# भारत ने रूस से खरीदा करीब 12% ज्यादा कच्चा तेल

## सऊदी अरब से आयात लगभग 22 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** आयात में अफ्रीका की हिस्सेदारी आधी होकर 4 फीसदी हो गई, जबकि अमेरिकी तेल की हिस्सेदारी 2.8% से बढ़कर 3.2 फीसदी हो गई। मध्य पूर्वी देशों की हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी से घटकर 44 फीसदी हो गई।

सितंबर में रूस से भारत का मासिक कच्चा तेल आयात 11.8 फीसदी बढ़कर लगभग 15.4 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) हो गया है। साथ ही, सऊदी अरब से आयात लगभग 22 फीसदी घटकर 5,27,000 बीपीडी हो गया। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत के अप्रैल-सितंबर में कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी एक साल पहले के 17 फीसदी से बढ़कर लगभग 40 फीसदी हो गई है।

आयात में अफ्रीका की हिस्सेदारी आधी होकर 4 फीसदी हो गई, जबकि अमेरिकी तेल की हिस्सेदारी 2.8त्न से बढ़कर 3.2 फीसदी हो गई। मध्य पूर्वी देशों की हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी से घटकर 44 फीसदी हो गई। भारत का अप्रैल-सितंबर तेल आयात एक साल पहले से 1.6 फीसदी कम होकर लगभग 45 लाख बीपीडी हो गया है।




**ओपेक ने की तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद**

रूस ने कहा कि प्रमुख तेल उत्पादकों के समूह ओपेक प्लस ने तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है। रूसी तेल पर मूल्य सीमा के रूप में पश्चिमी हेरफेर के बावजूद बाहरी दबाव का विरोध किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एलेक्सी जैतसेव ने शुक्रवार को साप्ताहिक बैठक में कहा कि रूस वैश्विक ऊर्जा बाजारों के लिए एक जिम्मेदार आपूर्तिकर्ता है और ओपेक प्लस के साथ सहयोग महत्वपूर्ण है।

**कई हफ्ते की गिरावट के बाद 1.15 अरब डॉलर बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार**

लगातार कई सप्ताह तक गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 अक्तूबर को समाप्त सप्ताह में 1.153 अरब डॉलर बढ़कर 585.895 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 2.166 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। अक्तूबर, 2021 में देश के पास रिकॉर्ड 645 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 13 अक्तूबर वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 17.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 519.351 अरब डॉलर रह गई। इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 1.26 अरब डॉलर बढ़कर 43.57 अरब डॉलर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत का रिजर्व भंडार 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.97 अरब डॉलर पार पहुंच गया।

# आरबीआई ने जारी किया एमपीसी मिनट्स

## गवर्नर बोले- महंगाई को चार फीसदी पर लाने के लिए उठाएंगे हर जरूरी कदम




**नई दिल्ली।** इस्राइल-हमास के बीच जारी संघर्ष से महंगाई पर जोखिम बना हुआ है। उच्च ब्याज दरों से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, ब्याज दर फिलहाल ऊंची बनी रहेगी। समय और वैश्विक स्तर पर अभरती स्थिति ही बताएगी कि यह कितने समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी। कीमतों पर उन्होंने कहा, महंगाई में निरंतर कमी लाने के लिए आरबीआई अर्जुन की तरह नजर रखेगा। हमारा उद्देश्य खुदरा महंगाई को 4 फीसदी पर लाना है। इसके लिए हम हर जरूरी प्रयास करेंगे।

कौटिल्य इकनॉमिक कॉन्क्लेव-2023 में शुक्रवार को दास ने इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक नीति महंगाई घटाने वाली होनी चाहिए। इसके ऐसा होने से ही जुलाई, 2023 में 7.44 फीसदी के उच्चतम स्तर से खुदरा महंगाई में गिरावट जारी है। सितंबर में यह तीन माह के निचले स्तर 5.02 फीसदी पर आ गई। हालांकि, मौद्रिक नीति हमेशा चुनौतीपूर्ण रहती है और इसमें आत्मसंतुष्ट होने की कोई बात नहीं है।

गवर्नर ने कहा, मौजूदा भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने प्रमुख नीतिगत दरें बढ़ा दी हैं। हालांकि, महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने इस साल फरवरी से नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है। भारतीय मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर दास ने कहा, एक जनवरी, 2023 से अब तक रुपये में 0.6 फीसदी गिरावट आई है। इसी अवधि में अमेरिकी डॉलर 3 फीसदी टूटा है। इसलिए रुपया स्थिर है।

दास ने कहा, 2,000 रुपये के नोट वापस आ रहे हैं। अब सिर्फ 10,000 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही लोगों के पास हैं। ये नोट भी वापस आ जाएंगे या जमा करा दिए जाएंगे। गवर्नर बोले, फिर से 1,000 रुपये के नोट नहीं आएंगे। हालांकि, कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है।

शक्तिकांत दास, गवर्नर, आरबीआई ने कहा कि हमारे आर्थिक बुनियादी सिद्धांत व वित्तीय क्षेत्र दोनों मजबूत हैं। भारत वैश्विक वृद्धि का नया इंजन बनने को तैयार है। चालू वित्त वर्ष में हमारी वृद्धि दर 6.5त्न रहने की उम्मीद है। हालांकि, वैश्विक जीडीपी में महंगाई, धीमी वृद्धि और वित्तीय स्थिरता के मोर्चे पर जोखिम है।

पश्चिम एशिया में संकट के प्रभाव पर गवर्नर ने कहा, पिछले एक पखवाड़े में अमेरिकी बॉन्ड के रिटर्न में वृद्धि हुई है। इसका अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर व्यापक असर पड़ता है। क्रूड की कीमतें भी बढ़ी हैं। ये कुछ अनिश्चितताएं हैं, लेकिन वे कुछ मामलों में और अधिक स्पष्ट हुई हैं। हर जगह जो भी हो रहा है, उसका असर हम पर पड़ता है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

मौद्रिक नीति समिति में कुल छह सदस्य हैं। इसमें, तीन आरबीआई अधिकारी तो तीन सरकार द्वारा नियुक्त सदस्य होते हैं। एमपीसी में तीन सरकारी नामांकित व्यक्ति हैं, जिसमें शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा। आरबीआई के कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन भी एमपीसी में शामिल हैं।

## वैश्विक कपड़ा महाशक्ति बनेगा भारतः गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अगले साल होने वाला भारत टेक्स 2024 एक्सपो वास्तव में देश को वैश्विक कपड़ा महाशक्ति बना देगा। 26 से 29 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन को दुनिया की सबसे बड़ी कपड़ा प्रदर्शनी माना जा रहा है। पीयूष गोयल के मुताबिक यह कपड़ा उद्योग के लिए एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि अगले वर्ष होने वाला भारत टेक्स 2024 एक्सपो देश को वास्तव में वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

**कब होना है आयोजन?**

26-29 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस समारोह को दुनिया का सबसे बड़ा कपड़ा एक्सपो माना जा रहा है। इसमें कपड़ा क्षेत्र के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

एक्सपो से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत मंडपम या यशोभूमि से वास्तव में भारत को कपड़ा क्षेत्र में एक वैश्विक गंतव्य बनाने के हमारे प्रयास को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह दिखाने के लिए भारत टेक्स 2024 से बेहतर कोई मंच नहीं है कि भारत का वक्त आ चुका है।

**भविष्य का मानक स्थापित करेगा एक्पो**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कारोबार में हमारा योगदान आज छोटा हो सकता है लेकिन यह एक्सपो भविष्य के लिए मानक स्थापित करेगा, जो दुनिया को हमारी बड़े पैमाने पर आपूर्ति प्रदान करने की क्षमता दिखाएगा।

उन्होंने कहा कि कहा कि यह एक्सपो नवाचार, सहयोग और मेक इन इंडिया की मूल भावना के साथ भारत के 5एफ यानी फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फारेन तक का प्रतीक है।

**वैश्विक प्रतिस्पर्धा से नहीं डरता भारत**

उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपने लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए उत्पाद बनाता है। ऐसे में भारत अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा से नहीं डरता। उन्होंने उद्योग जगत से भी भारत को एक ब्रांड बनाने का आह्वान किया। इस दौरान गोयल ने कस्तूरी काटन भारत की वेबसाइट भी लांच की।

## ब्याज दरों में बदलाव का असर, घरेलू वित्तीय बचत फिर सात प्रतिशत के पार

**नई दिल्ली।** महंगाई थामने के लिए आरबीआई ने पिछले साल ब्याज दरों को बढ़ाने का जो फैसला किया था, उससे कर्ज तो निश्चित तौर पर महंगे हुए लेकिन इसका एक सकारात्मक असर भी देश की इकोनमी पर दिखाई देने लगा है। यह असर घरेलू वित्तीय बचत दर पर हुआ है जिसे बढ़ाने की कोशिश केंद्र सरकार पिछले कई वर्षों से कर रही है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के कुछ सदस्यों का मानना है कि बैंकों की तरफ से जमा स्कीमों को आकर्षक बनाने की कोशिश हो रही है और उसका असर बचत दरों पर दिखाई भी देने लगा है। महंगाई के बावजूद लोगों में वित्तीय सेक्टर में बचत की रूचि बढ़ रही है। एमपीसी की पिछली बैठक के ब्योरे के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में जीडीपी के मुकाबले घरेलू बचत दर का अनुपात चार प्रतिशत था, जो चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2023) में सात प्रतिशत हो गया है।

अर्थविद आशिमा गोयल ने एमपीसी की पिछली बैठक में कहा था कि कोरोना महामारी से पहले जीडीपी के अनुपात में देश की कुल वित्तीय बचत (बैंक जमा, नकदी, निवेश आदि) सात प्रतिशत होती थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 5.1 प्रतिशत पर आ गई थी। कोरोना के बाद के वर्ष में वित्तीय बचत में तेजी का रुख देखा गया था, जो आगे बरकरार नहीं रखा जा सका। हालांकि, बाद में कुल घरेलू वित्तीय बचत के बढ़ने की सूरत बन गई है। आशिमा कहती हैं कि पिछले वित्त वर्ष से यह भी देखा जा रहा है कि भारतीय घरों में भौतिक निवेश में बड़ी वृद्धि हुई है। भारत में युवा आबादी है जो कर्ज के महंगा होने के बावजूद भौतिक निवेश (रियल एस्टेट आदि) करने से पीछे नहीं हट रही। चूंकि अब बैंकों ने ब्याज दरों में वृद्धि के चक्र का फायदा जमा दरों पर देना शुरू कर दिया है, ऐसे में आने वाले दिनों में घरेलू बचत में वृद्धि होना संभव है। वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में इसका संकेत दिखाई दिया, जब जीडीपी के मुकाबले शुद्ध वित्तीय बचत का अनुपात बढ़कर सात प्रतिशत हो गया।निवेश और आय में वृद्धि का होगा सकारात्मक असरएमपीसी के एक अन्य सदस्य डा. राजीव रंजन ने इस बैठक में कहा कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में गतिविधियों का असर घरेलू बचत पर भी दिखाई देगा। वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू वित्तीय बचत में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। हालांकि, जीडीपी के मुकाबले इनका अनुपात (वर्ष 2021-22 की तुलना में) कम हुआ था। बता दें कि कुछ हफ्ते पहले एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट में कहा गया था कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान ब्याज दरों के न्यूनतम स्तर पर आने की वजह से वित्तीय बचत पर असर दिखाई दिया है और लोग भौतिक बचत में ज्यादा रूचि ले रहे हैं। अब चूंकि बैंकों की तरफ से जमा दरों को भी बढ़ाया जाने लगा है तो संभव है कि आम जनता फिर से बैंकों की तरफ रुख करे।ग्राहकों को फायदा देने में पीछे रहते हैं बैंकइस महीने की शुरुआत में ही आरबीआइ ने एक रिपोर्ट में बताया था कि फरवरी, 2019 से मार्च, 2022 के दौरान ब्याज दरों में जो 250 आधार अंकों (2.50 प्रतिशत) की कटौती की गई थी, तब बैंकों ने जमा दरों में औसतन 2.09 प्रतिशत की कटौती की थी।

# केकेसीएल के ब्रांड इंटीग्रिटी ने टाइगर श्रॉफ अभिनीत पूजा एंटरटेनमेन्ट की गणपत के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड (केकेसीएल) हाउस से पुरुषों के अग्रणी कैजुअल फैशन ब्रांड, इंटीग्रिटी ने आज




बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गणपत' के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। त्योहारों के आगामी मौसम को देखते हुए, यह दिलचस्प साझेदारी ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगी। इस तरह, इंटीग्रिटी का बाजार में अपनी ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य है।

इस फिल्म के साथ इंटीग्रिटी की साझेदारी के बाद यह ब्रांड फिल्म की रोचक कहानी में प्रमुखता से दिखाई देगा। करिश्माई अंदाज वाले नायक टाइगर श्रॉफ इस धमाकेदार गाने में अपना सिग्नेचर डांस मूव करते नजर आएंगे, जिसके बैकग्राउंड में होगा इंटीग्रिटी का जाना-पहचाना लोगो। इंटीग्रिटी और गणपत के बीच की यह जुगलबंदी, स्टाइल और लय का एक उदाहरण पेश कर रहा है, जो निश्चित रूप से दर्शकों के लिए लुभावना अनुभव होने वाला है।

इस मौके पर अपनी बात रखते हुए, विकास जैन, डायरेक्टर, केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड का कहना है, गणपत के साथ जुड़कर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह फिल्म एनर्जी और इंटीग्रिटी की भावना से भरपूर है। यह साझेदारी आज के युवाओं की अलग लाइफस्टाइल के अनुरूप फैशन की जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गणपत के साथ इंटीग्रिटी की साझेदारी सिर्फ फैशन की दुनिया में इसकी मौजूदगी का एहसास नहीं कराती, बल्कि हमारे विविध ग्राहकों की अलग-अलग पसंद के साथ हमारे तालमेल को भी दर्शाती है। गणपत जैसे सिनेमाई सनसनी के साथ जुड़ते हुए, जोकि इस त्योहारी मौसम में बॉक्स ऑफिस पर राज करने को तैयार है, इंटीग्रिटी, दर्शकों के दिलोदिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ना चाहता है।

गणपत एक फैंटेसी ऐक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसे वासु भगवनानी और पूजा एंटरटेनमेन्ट द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसे निर्देशित किया है जाने-माने डायरेक्टर विकास बहल ने। टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन और अमिताभ बच्चन जैसे बेहतरीन कलाकार प्रमुख भूमिकाओं मे हैं। 20 अक्टूबर 2023 को रिलीज के लिए तैयार यह फिल्म छुट्टियों के लिए बिलकुल सही है। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होने वाली है और देशभर में फिल्मों के दीवानों का दिल जीत लेगी।

प्रोडक्शन हाउस, पूजा एंटरटेनमेन्ट ने वॉट्सअप पर एक एक्सक्लूसिव ब्रॉडकास्ट चैनल भी शुरू किया है, ऐसा करने वाला यह पहला भारतीय चैनल है। निर्माता जैकी भगनानी भी एक भारतीय एक्टर, आंत्रप्रेन्योर और भारतीय म्यूजिक लेबल जेजस्ट के फाउंडर भी है। उन्होंने कहा कि वे इस फिल्म की रिलीज को लेकर बेहद उत्सुक हैं।

## सितंबर तिमाही में 36 प्रतिशत बढ़ा प्रॉफिट, बैंक का कुल आय बढ़कर हुआ 40,697 करोड़

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज अपने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के नतीजों की एलान कर दिया है। बैंक के वित्तीय नतीजों के मुताबिक सिंतबर तिमाही में आईसीआईसीआई बैंक का स्टैंडअलोन प्रॉफिट 36 फीसदी बढ़कर 10,261 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक प्रॉफिट में वृद्धि ब्याज आय में सुधार के कारण आई है। एक साल पहले की तिमाही में बैंक का प्रॉफिट 7,558 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक के वित्तीय नतीजों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक का कुल आय एक साल पहले की समान अवधि में 31,088 करोड़ रुपये से बढ़कर 40,697 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर 2022 तिमाही में बैंक द्वारा अर्जित ब्याज 26,033 करोड़ रुपये से बढ़कर 34,920 करोड़ रुपये हो गया।

सितंबर तिमाही में बैंक का नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) साल-दर-साल 24 प्रतिशत बढ़कर 18,308 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 14,787 करोड़ रुपये था। वहीं, नेट ब्याज मार्जिन एक साल पहले की समान अवधि के 4.31 फीसदी की तुलना में बढ़कर 4.53 फीसदी हो गया। एनपीए के मोर्चे से भी आईसीआईसीआई बैंक की ओर से अच्छी खबर आई है। बैंक का एनपीए घटकर 2.48 प्रतिशत हो गया जो एक साल पहले 2.76 प्रतिशत था।

कंसोलिडेट प्रॉफिट में बैंक का मुनाफा एक साल पहले के 8,007 करोड़ रुपये से 36 प्रतिशत बढ़कर 10,896 करोड़ रुपये हो गया।

हाल ही में यह खबर सामने आई थी की आईसीआईसीआई बैंक ने कारोबार में वृद्धि करने के लिए बॉन्ड बेचकर 4,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। साथ ही तब बैंक ने यह भी बताया था कि बॉन्ड को 10 साल के बाद रिडीम किया जाएगा।

कल कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन आईसीआईसीआई बैंक का शेयर एनएसई पर 1.75 रुपये गिरकर 934 रुपये पर बंद हुआ था।

## बहुप्रतीक्षित फिल्म महालक्ष्मी पथ- द इवोल्यूशन 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमा थिएटर्स में



बहुप्रतीक्षित सिनेमाई रत्न, महालक्ष्मी पथ द इवोल्यूशन, 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमा थिएटर्स रिलीज होगी। दिवाली के पूर्व एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर निकलें और पाइये महालक्ष्मी शक्ति का अनुभव इस 125 मिनट की बॉलीवुड स्टाइल में बनी फिल्म महालक्ष्मी पथ द इवोल्यूशन के साथ। ये फिल्म प्रशंसित÷ गृहलक्ष्मी - द अवेकनिंग की अगली कड़ी है। व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई के शिष्य प्रशांत नाइक द्वारा निर्देशित, यह फिल्म परम पूज्य श्रीमाता जी निर्मला देवी द्वारा दिए गए एक अमूल्य उपहार सहज योग के माध्यम से अपनी आंतरिक आध्यात्मिकता की खोज करने वाले चार परिवारों की गहन यात्रा को कलात्मक रूप से प्रदर्शित करती है।

नाइक ने कहा फिल्म महालक्ष्मी पथ- द इवोल्यूशन का निर्माण एक दिव्य अनुभव रहा है, जिसमें श्रीमाता जी के आशीर्वाद और सहज योग द्वारा परिवर्तित व्यक्तियों की प्रामाणिक और संवेदनशील कहानियों को चित्रित किया गया है। हमें उम्मीद है कि फिल्म दिलों और आत्माओं को छूकर गुज़रेगी।

निर्माता डॉ. संजय रोशन तलवार ने जोर देकर कहा, फिल्म ध्यान और ईश्वर की दिव्य आशीर्वाद की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करती है। ध्यान की गहराई नियति का पुनर्निर्माण करने की क्षमता रखती है। कशिश गोस्वामी, आदित्य कोठारी, निशांत पराशर, भूमिका शर्मा, प्रथम गटकल, वीणा मोरे, श्रद्धा तलवार, राज जुत्शी, दिव्या त्रिपाठी, बानी चोपड़ा, डॉ. मिथिला बगई, रुचिका लोहिया, डॉ. संजय रोशन तलवार, अनु वर्मा, एनएन टिक्कू, राम विजय वर्गीय और जयंत पाटन कर आदि कलाकार इस फिल्म में मौजूद है।

# एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड का कंसोलिडेटेड मुनाफा 595 करोड़ रहा

**नई दिल्ली।** देश की लीडिंग गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में शामिल एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड ग्राहक-केंद्रित, टॉप क्लास, डिजिटल रूप से सक्षम रिटेल एनबीएफसी बनने की दिशा में अपनी यात्रा को लगातार आगे बढ़ा रही है। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 46 फीसदी बढ़कर 595 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के तिमाही नतीजों पर एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, दीनानाथ दुभाषी ने कहा कि लक्ष्य 2026 के अधिकांश टारगेट को हासिल करने के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने एक टॉप रिटेल फाइनेंस कंपनी बनने की दिशा में ट्रांसफॉर्मेशन को जारी रखा है। तिमाही के दौरान, एलटीएफएच ना सिर्फ 8 फीसदी के रिटेल पोर्टफोलियो मिक्स तक पहुंच गया, बल्कि सालाना आधार पर 32 फीसदी की ग्रोथ दर्ज करते हुए 13,499 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक तिमाही रिटेल डिस्बर्समेंट भी हासिल किया। इस

L&T Finance

उपलब्धि का श्रेय एक तरफ रिटेल एसेट बुक को मजबूती से बढ़ाने और दूसरी तरफ होलसेल बुक में तेज कमी सुनिश्चित करने की दोहरी रणनीति को दिया जाता है, जबकि हमने टॉप क्लास की एसेट क्वालिटी को बनाए रखा है।

कंपनी ने कुल लोन बुक का 88 फीसदी रिटेल लोन पोर्टफोलियो मिक्स भी हासिल कर लिया है, जो लक्ष्य 2026 के तहत निर्धारित 80 फीसदी रिटेलाइजेशन के टारगेट से अधिक है। कंपनी ने लक्ष्य 2026 के अधिकांश टारगेट लगभग 3 साल पहले ही हासिल कर लिए हैं।

कंपनी का कस्टमर फेसिंग एप्लिकेशन - प्लैनेट ऐप , जिसे वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में सॉफ्ट लॉन्च किया गया था, अपने ग्राहकों के लिए एक शक्तिशाली डिजिटल चैनल के रूप में उभरा है और अब तक 60 लाख डाउनलोड के आंकड़े को पार कर चुका है।

वित्त वर्ष 2024 की सितंबर तिमाही में कंपनी का रिटेल डिस्बर्समेंट सालाना आधार पर 32 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 13,499 करोड़ रुपये रहा है। यह तिमाही डिस्बर्समेंट शुरुआत के बाद से रिटेल फाइनेंस में एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा अब तक का सबसे अधिक है और सभी रिटेल सेग्मेंट में मजबूत ग्रोथ के चलते रही है। रिटेल बुक अब 69,417 करोड़ रुपये हो गई है, जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही की तुलना में 33 फीसदी अधिक है।

तिमाही के दौरान, एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपनी होलसेल बुक को तेजी से कम करने की रणनीति जारी रखी है। होलसेल बुक में सालाना आधार पर 76 फीसदी की कमी आई और यह लक्ष्य 2026 टारगेट के अनुरूप 38,058 करोड़ रुपये से 9,318 करोड़ रुपये रह गया है। यह लक्ष्य 2026 के तहत टॉप रिटेल फाइनेंस कंपनी बनने की दिशा में गति प्राप्त कर रहा है।

फिनटेक के मोर्चे पर, हमारे कस्टमर-फेसिंग एप्लिकेशन प्लैनेट ने अब तक 60 लाख डाउनलोड का आंकड़ा पार कर लिया हैं और अपने ग्राहकों को उनकी अधिकांश आवश्यकताओं को पूरा करते हुए रोमांचक सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार विकसित हो रहा है। 5 प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित फोकस के माध्यम से लक्ष्य 2026 के टारगेट को पूरा करना, जिनमें ग्राहक अधिग्रहण में ग्रोथ, क्रेडिट अंडरराइटिंग को तेज करना, भविष्य की डिजिटल टेक्नोलॉजी को लागू करना, ब्रांड विजिबिलिटी और क्षमता निर्माण को बढ़ाना शामिल है।

# यूपी के घर-घर में पहुंचेगा भारत सरकार का सांभर नमक

## बदलता यूपी और स्वस्थ्य यूपी की परिकल्पना को साकार करने में मददगार होगा सांभर नमक

**लखनऊ।** भारत सरकार,जन-जन के लिए उपयोगी और स्वास्थ्य को बेहतर रखने वाले 'सांभर' नमक की गुणवत्ता का यूपी में प्रचार-प्रसार के



साथ उसकी बिक्री के महाअभियान की शुरुआत करने जा रही है। इस नमक की निर्माता हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड ने शनिवार को यूपी में कम्पनी के सांभर नमक के प्रचार प्रसार और बिक्री के लिए एनएसीओएफ इंडिया लिमिटेड और उसके सहयोगी आरकेजे एग्रो एण्ड फूडस प्राइवेट लिमिटेड से हाथ मिलाया है।

इस अवसर पर हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर कमलेश कुमार ने बताया कि एनएसीओएफ इंडिया लिमिटेड और उसके सहयोगी आरकेजे एग्रो एण्ड फूडस प्राइवेट लिमिटेड यूपी में पीसीएफ की मदद से विभिन्न् जिलों में स्थापित कृषक सेवा केन्द्र से भारत सरकार के सांभर नमक का विक्रय कराएगी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के उद्यम हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड विशेष रूप से राजस्थान में स्थित सांभर झील में ताजे वर्षा जल से नमक का उत्पादन करती है।

हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर कमलेश कुमार ने बताया कि राजस्थान में हिंदुस्तान साल्ट्स के 90 वर्ग मील में फैले प्लांट में खुली धूप में इस नमक को प्राकृतिक तरीके से तैयार किया जाता है। भारत सरकार के सभी मानकों को पूरा करने वाले सांभर नमक में पीएच (क्षारीयता) 9.00 से 9.50 के बीच है।

इस अवसर पर दीपक चौहान - सीईओ एवं निदेशक आरकेजे एग्रो एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि भारत की इतनी बड़ी आबादी को स्वस्थ जीवन प्रदान करने के लिए स्वास्थ्यवर्धक सांभर नमक वरदान के रूप में साबित होगा।

प्रकाश श्रीवास्तव, अधिशाषी निदेशक, एनएसीओएफ इंडिया लिमिटेड ने बताया कि हमारा पूरा प्रयास है कि आरकेजे एग्रो एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड मुंबई के माध्यम से एक जन अभियान के रूप में सांभर नमक की उपयोगिता को देश के आम जन तक पहुंचाया जाए। आरकेजे एग्रो एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के सरफराज रिजवी,रोहित जाधव के सहयोग से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है।

ए. आर. कुशवाहा डिप्टी जनरल मैनेजर, पीसीएफ ने बताया कि पीएसएफ के कृषक सेवा केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्यवर्धक सांभर नमक को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस नमक में किसी भी बाहरी रसायन का नहीं होता प्रयोग है यह कैंसर रोधी, बुढ़ापा रोधी गुण से परिपूर्ण होता है।

## आजियो बिजनेस ने उत्तर प्रदेश में अपना पहला थोक फैशन स्टोर लॉन्च किया



**कानपुर।** रीटेल फैशन विक्रेताओं के लिए रिलायंस रिटेल के स्वामित्व वाले बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) प्लेटफॉर्म आजियो बिजनेस ने आज कानपुर, उत्तर प्रदेश में अपना नया फैशन होलसेल स्टोर लॉन्च किया है। कानपुर के व्यापारिक केंद्र में स्थित आजियो बिजनेस स्टोर खुदरा विक्रेताओं को एथनिक वियर और इंडो-वेस्टर्न से लेकर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए फॉर्मल और कैजुअल वियर तक उत्पादों के विस्तृत चयन तक पहुंच प्रदान करेगा।

रिलायंस रिटेल के प्रेसिडेंट - फैशन एंड लाइफस्टाइल, अखिलेश प्रसाद ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा, ÷इन स्टोर्स के लॉन्च से भारत में थोक स्टोरों को देखने का तरीका बदल जाएगा। यह खुदरा विक्रेताओं को ब्रांडेड सेट-अप और प्रतिस्पर्धी मूल्य बिंदुओं पर रिलायंस के स्वामित्व वाले सभी ब्रांडों के अलावा एक्सलेरेट, किडलीबू, जॉन प्लेयर्स सेलेक्ट, धुनी बाय अवासा और अन्य ब्रांडों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा। फैशन और लाइफस्टाइल क्षेत्र में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में, हम पूरे भारत में खुदरा विक्रेताओं और जनता के लिए ब्रांडेड फैशन को आसानी से सुलभ बनाना चाहते हैं।÷

भारतीय थोक फैशन बाजार के बड़े पैमाने पर असंगठित होने के कारण, रिलायंस रिटेल का लक्ष्य आजियो बिजनेस और अपने अभिनव ओमनी-चैनल दृष्टिकोण के साथ पूरे भारत में फैशन परिदृश्य को बदलना है।

# तीन दिन सीएम योगी अनुष्ठान और आराधना में रहेंगे लीन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शारदीय नवरात्र में शक्ति की भक्ति में तरंगित गोरक्षपीठ रविवार से मंगलवार तक, लगातार तीन दिन विशेष आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए तैयार है। इन तीन दिनों तक मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ विविध अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे।

गोरक्षपीठाधीश्वर रविवार (22 अक्टूबर) को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के प्रथम दिन गोरखनाथ मंदिर के मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने कलश स्थापना की थी। अष्टमी की रात वह यहीं आदिशक्ति की आराधना कर महानिशा पूजन करेंगे। नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार अष्टमी की रात में



- गोरक्षपीठ में रविवार को महानिशा, सोमवार को कन्या पूजन व मंगल को विजयदशमी शोभायात्रा

सात्विक बलि देकर विशेष हवन किया जाता है। सोमवार (23 अक्टूबर) को सुबह 8:30 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे। पूरी श्रद्धा से भोजन कराकर दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा। जबकि मंगलवार को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयदशमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जाति, पंथ का भेदभाव मिटाकर सामाजिक समरसता की स्थापना और लोक कल्याण ही गोरक्षपीठ का ध्येय है, और यही नाथपंथ के इस विश्व प्रसिद्ध पीठ की पहचान भी। सामाजिक समरसता की एक बड़ी नजीर प्रतिवर्ष विजयादशमी के अवसर पर निकलने वाली गोरक्षपीठाधीश्वर की परंपरागत शोभायात्रा में भी देखने को मिलती है। इस शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम व बुनकर समाज) के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है।

### लगेगी संतों की अदालत

गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी खास होता है। इस दिन यहां संतों की अदालत लगती है और दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं गोरक्षपीठाधीश्वर। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार हर वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इसी पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है।

## प्रभारी निरीक्षक एकौना द्वारा छात्राओं को किया गया जागरूक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत आज दिनांक 21.10.2023 को पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन पर ''शक्ति दीदी'' प्रभारी निरीक्षक एकौना अर्चना सिह द्वारा थाना एकौना क्षेत्रान्तर्गत पाण्डेय माझा राजधर में स्थित हंसनाथ सिंह बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया तदुपरान्त कार्यक्रम का आयोजन कारते हुए ''शक्ति दीदी'' प्रभारी निरीक्षक एकौना श्रीमती अर्चना सिंह द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के संबन्ध में चर्चा करते हुए उन्हें 1090, 108, 112 के संबन्ध में जानकारी दिया गया तथा छात्राओं को गुड टच व बैड टच के संबन्ध में भी जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि यदि किसी प्रकार के बैड टच पर आप खुलकर अपने माता-पिता, अभिभावक से उसकी शिकायत करें अथवा महिलाओं की सुरक्षा हेतु जारी हेल्पलाइन नम्बर 1090 पर सूचना दर्ज कराएं कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि साइबर अपराध से बचाव हेतु अपनी फेसबुक, ट्वीटर, इन्स्टाग्राम आईडी पर हमेशा दोहरी सुरक्षा प्रणाली का उपयोग किया जाना चाहिए तथा अपने एकाउंट को लॉक कर के रखना चाहिए, जिससे कोई साइबर अपराधी आप के एकाउंट डिटेल्स के माध्यम से आप के बारे में जानकारी एकत्रित करते हुए साइबर अपराध न कर पाये।

## डांडिया फेस्ट का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के रामनगर स्थित राजर्षि रणञ्जय सिंह ग्लोबल स्कूल में शनिवार को नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया फेस्ट का आयोजन हुआ। जिसमे बच्चों ने नए-नए परिधान धारण करके विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों ने डांडिया लेकर अपने शिक्षकों के साथ नृत्य प्रस्तुति दी। प्री प्राइमरी प्राइमरी जूनियर तथा सीनियर विंग के बच्चों ने अलग-अलग ग्रुप में डांडिया उत्सव मनाया।कक्षा छह की छात्राओं आशी हिमांशी दीपांशी अक्षिता शुक्ला प्रकृति समृद्धि कृतिका और आराध्या अग्रवाल ने माँ दुर्गा के नव रूपों में नाट्य प्रस्तुति दी। उन्होंने माँ दुर्गा के सभी रूपों की महिमा प्रस्तुत की और देवी के ममतामयी रूप की झाँकी दिखाई।इसके पश्चात विद्यालय के ग्राउंड में सम्पूर्ण विद्यार्थियों और शिक्षकों ने डांडिया उत्सव का आनंद उठाया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोमेश्वर प्रताप सिंह ने डांडिया उत्सव के आयोजन को प्राचीनता और नवीनता का सम्मिश्रण बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय पर शनिवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ जिला मुख्यालय गौरीगंज मे पार्टी कार्यकर्ता जिला सह प्रभारी शिव प्रसाद कश्यप के नेतृत्व मे हल्ला-बोल कर धरना प्रदर्शन किए और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया गया।इस मौके पर प्रदेश सचिव यूथ विंग संतोष यादव खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनुराग शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी हृदय नारायण सोनी सुरेश चन्द गुप्ता चन्द्रजीत यादव पंकज तिवारी मो आवेश धर्मेश चन्द मिश्र बाबू लाल राज नारायण यादव मो तस्लीम फिरोज अहमद निकेस शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की हुई मासिक समीक्षा बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन देवरिया के मनोरंजन कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक माह अक्टूबर 2023 का आयोजन हुआ । समीक्षा बैठक विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर की अध्यक्षता में सम्पादित हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा विशेष किशोर पुलिस इकाई की भूमिका एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान करते हुये समस्त को निर्देशित किया गया कि किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार कार्य करें, पाक्सो से संबंधित प्रकरणों में बाल कल्याण समिति को सूचना दिये जाने एवं किशोर न्याय बोर्ड में विधि विरुद्ध बालकों को प्रस्तुत करते समय सोशल बैकग्राउण्ड रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किये जाने निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थिति जयप्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जनपद में नवीन संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में समस्त को परिचित कराया गया एवं किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त आज ज्वाइंट एक्शन प्लान एक युद्ध नशे के विरुद्ध की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी (प्र.) की अध्यक्षता में उनके कार्यकक्ष में सम्पादित की गयी। बैठक में उक्त प्लान के अनुसार शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति की भूमिकाओं को निर्वहन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद में समस्त सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में प्रहरी क्लबों का गठन कराते हुये उसकी सूचना उपलब्ध करायें।

### डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

# लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में माह अक्टूबर के तृतीय शनिवार को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनता की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। डीएम ने कहा लेखपाल अपने हलके में नियमित रूप से भ्रमणशील रहें। भूमि विवादों का समाधान कराएं। खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटवाए तथा उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली अधिकांश शिकायतें पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़ी होती है यदि लेखपाल अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तो शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह हो कि कोई भी फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर कही न भटके। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो समस्याएं जिस स्तर की हैं उनका समाधान उसी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 30, पुलिस विभाग के 11, विकास विभाग के 02, शिक्षा के 01 तथा अन्य विभाग के 11प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। अवशेष 52 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित थे। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन हुआ। इस दौरान 34 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र मौके पर बना कर दिया गया।

## हवन पूजन के साथ मनाया गया विजयादशमी

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर



सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राम भारती परतोष विद्यालय में शनिवार को विजयादशमी को लेकर हवन पूजन हुआ।जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राम भारती परतोष में आज वंदना के पश्चात विजयदशमी का कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने मां दुर्गा के नौ रूपों की व्याख्या की नवरात्रि का पर्व हम क्यों मनाते हैं तथा विजयदशमी पर्व मनाने के पीछे क्या हेतु है इसको विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम के पश्चात हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें प्रत्येक कक्षा के सभी भैया बहनों की सहभागिता रही। हवन पूजन का कार्यक्रम शिव प्रसाद शर्मा के द्वारा संपन्न कराया गया।

## बड़ी गंडक नहर में दिखा घड़ियाल, दहशत में लोग



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बड़ी गंडक नदी से सटे मिश्रौली के पास शनिवार को घड़ियाल होने की सूचना पर लोगों की भींड जुट गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व वन विभाग की टीम ने पकड़ने में जुट गए। उधर घड़ियाल को देख लोगों में दहशत का माहौल है। उक्त गांव के पास घड़ियाल को देखकर लोगों ने वन विभाग की टीम को दी सूचना दिया। वन विभाग व मिश्रौली चौकी के सिपाही मौके पर पहुंच कर लोगो को नहर की पटरी से किनारे कर घड़ियाल को पकड़ने के फिराक में जुट गई। काफी प्रयास के बाद घड़ियाल को गंडक नहर से निकाल लिया गया लेकिन देखते ही देखते पुनः घड़ियाल बड़ी गंडक नहर में छलांग लगा कर भाग निकला लेकिन वन विभाग व पुलिस विभाग के लोगो ने हार नहीं मानी और दुबारा घड़ियाल को पकड़ने में लग गई।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ की जांच करने में आमजन को जागरूक किया

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने फूड सेफ्टी व्हील के माध्यम से मिलावटी खाद्य पदार्थ की जांच करने में सक्षम बनाने के लिए आमजन को जागरूक किया।

सहायक आयुक्त खाद्य औषधि एवं प्रशासन बिनय कुमार सहाय ने जिलाधिकारी की मौजूदगी में हल्दी पाउडर, गांठ वाली हल्दी, दूध, तेल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ की जांच की जिसमें गांठ वाली हल्दी मिलावटी मिली। इसके पश्चात डीएम ने तहसील परिसर में स्थित दुकान में समोसा तलने के लिए प्रयोग किये जा रहे तेल की स्त्रश्रद्व 24 उपकरण से जांच की जिसका टीपीएम 25 से कम पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। टीपीएम लेवल 25 से अधिक वाले तेल में कैंसर कारक कार्बनिक तत्व आ जाते है।

# गहने व नगदी चोरी, ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ा, सामना बरामद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर कस्बे के वार्ड संख्या आठ सठियांव में शुक्रवार की रात्रि घर के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी करने पहुंचे चोरों में एक चोर को पकड़ कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया जबकि अन्य चोर चोरी का सामान लेकर फरार हो गए।

पकड़े गए चोर को पुलिस अपने गिरफ्त में लेकर अन्य जानकारी हासिल करने में जुटी है। पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर कस्बे के सठियांव निवासी बाबू नन्द सिंह शुक्रवार के रात्रि नौ बजे घर के बगल में बने दुर्गा पंडाल में परिवार सहित पूजा करने गए थे इसी बीच चोर उनके मेन गेट का ताला तोड़कर मकान के अन्दर घुस गए और अन्दर कमरे का दरवाजा खोलकर चोरी करने लगे। इसी बीच बगल के मकान में रहने वाली एक महिला को उस घर मे कुछ टूटने की आवाज सुनाई दी तो वह अगल के लोगों इसकी जानकारी दिया। लोग जब घर में पहुंचे तो लोगों देखते ही चोर भागने लगे जिसमे एक को पकड़ लिया गया। इसके बाद गृह स्वामी को इसकी सूचना देते हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। अन्दर जाने पर कमरे में रखे कई पेटियां टूटी पड़ी थी और सामान गायब थे। पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि चोर दस हजार नगदी सहित लाखों जेवर चुरा लिए है। पकड़े गए चोर का पहचान गांव के ही सतीश प्रजापति पुत्र कैलाश के रूप में हुआ। इस संबंध चौकी प्रभारी फाजिलनगर सभाजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर के बताने पर एक और को गिरफ्तार करने के साथ चोरी का सामान बरामद कर लिया गया। उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है जिससे कस्बे में हुए अन्य चोरियों का भी पर्दाफाश किया जा सके।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच खुले दुर्गा प्रतिमाओं के पट, जयकारे से गूंजा पंडाल



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** शारदीय नवरात्रि की सप्तमी के अवसर पर शनिवार की देर रात तक जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बने पंडालों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना शुरू हो गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नेत्र दर्शन होते ही मां दुर्गा के जयकारे से पंडाल गूंज उठे। मां दुर्गा की आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर्व में वैसे तो हर दिन भक्तों की भीड़ रहती है, लेकिन सप्तमी को जैसे ही पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं की विधिवत पूजा के बाद नेत्र दर्शन होता है, पंडाल जयकारे से गूंज उठते हैं। इस साल जनपद में 1,250 पंडाल बने हैं, जहां मां दुर्गा के विविध स्वरुपों की प्रतिमाएं स्थापित हुई हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की सुविधा न हो, इसलिए वहां आवश्यकता के अनुसार सब इंस्पेक्टर, कांस्टेंबल, होमगार्ड और चौकीदार तैनात किए गए हैं। जनपद में पुलिस विभाग की तरफ से लगभग 1,300 पुलिसकर्मी, जिनमें सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल शामिल हैं, उनकी तैनाती की गई है। इसके अलावा लगभग 200 होमगार्ड और चौकीदार भी तैनात हैं।

## रंजिश में युवक पर दर्ज कराया छेड़खानी का मामला

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जमीनी विवाद के मामले में चल रही दिवानी न्यायालय में वाद के चलते युवक पर सगे पट्टीदार ने छेड़खानी सहित कई मामलों में महिला ने फर्जी मुकदमा पंजीकृत करा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एसपी को तहरीर दिया है। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बसडिला निवासी हेमंत कुमार प्रसाद ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि हमारे पट्टीदारों से जमीनी विवाद चल रहा हैं जिसको लेकर दिवानी न्यायालय में मामला चल रहा है। साथ ही गांव के प्रधानपति सत्येन्द्र पाण्डेय और अन्य दो लोगों से मुकदमा चल रहा हैं। जिसके चलते ये सभी लोग हमसे रंजिश रखते है और साजिश रचकर हमारे उपर महिला द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा हैं।

# सीएम योगी की मौजूदगी में 125 कंपनियां खोलेंगी रोजगार के द्वार

अवधनामा संवाददाता

- एमएमएमयूटी में रविवार को आयोजित होगा वृहद रोजगार मेला
- 33843 रिक्तियों पर भर्ती करने को मौजूद रहेंगे कंपनियों के प्रतिनिधि

**गोरखपुर।** योगी सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत रविवार को गोरखपुर में ऑन द स्पॉट जॉब मेगा इवेंट का नजारा देखने को मिलेगा। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में स्थानीय से लेकर बहुराष्ट्रीय स्तर तक की 125 कंपनियां युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेंगी। इन कंपनियों में 33843 रिक्तियों पर भर्ती करने को मेला परिसर में कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कुछ चुनिंदा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण सीएम योगी के हाथों होगा। यही नहीं इस वृहद रोजगार मेले में स्वरोजगार को भी पंख लगेंगे।

बड़ौदा यूपी बैंक की तरफ से स्वरोजगार की योजनाओं के तहत 500 करोड़ रुपये का ऋण वितरण मुख्यमंत्री के हाथों कराया जाएगा। रविवार पूर्वाह्न से आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले को लेकर जिला प्रशासन, सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ने मिलकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अलग अलग सेक्टर की कंपनियों को एमएमएमयूटी परिसर में स्टाल लगाने को स्थान का आवंटन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन व संबंधित विभागों ने पंजीकरण से छूटे अभ्यर्थियों के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की है। रोजगार मेले में कंपनियों की तरफ से दर्शाई गई रिक्तियों के अनुसार कक्षा आठ उतीर्ण से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग डिग्री होल्डर तथा सामान्य हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक बेरोजगार युवा नौकरी पाने के लिए प्रतिभाग कर सकते हैं। वृहद रोजगार मेला स्थल पर न सिर्फ नौकरी मिलेगी बल्कि स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। बड़ौदा यूपी बैंक के चेयरमैन डीपी ग्रोवर के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में बैंक द्वारा 500 करोड़ रुपये के ऋण प्रवाह का कार्यक्रम कराया जाएगा। स्वरोजगार के लिए यह ऋण पीएम स्वनिधि योजना, ओडीओपी योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि के लाभार्थियों को प्राप्त होगा। श्री गोवर का कहना है कि सीएम योगी के समक्ष 11 लाभार्थियों को टोकन के रूप में चेक प्राप्त होगा। इसके उपरांत आगामी 15 दिनों में बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा अभियान चलाकर उक्त 500 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया जाएगा।

## सातवें दिन भक्तो ने की मां कालरात्रि की पूजा अर्चना

**अमेठी।** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने नव दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की। देवी कालरात्रि का रूप अंधकार की तरह काला है इनके श्वास से आग निकलती है। मां के बाल बड़े और बिखरे हुए हैं और गले में पड़ी माला बिजली की तरह चमकती रहती है। मां कालरात्रि को आसुरी शक्तियों का विनाश करने वाला बताया गया है। इसके साथ ही मां के तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल व गोल हैं। मां के चार हाथ हैं जिनमें एक हाथ में खडग् अर्थात तलवार दूसरे में लौह अस्त्र तीसरे हाथ अभय मुद्रा में है और चौथा वरमुद्रा में है।मां कालरात्रि का वाहन गर्दभ अर्थात गधा है। मां इस वाहन पर संसार का विचरण करती हैं। देवी का यह स्वरूप तमाम ऋद्धि-सिद्धियों को प्रदान करता है। मां अपने इस रूप में भक्तों को काल से बचाती हैं। संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। यहां श्रद्धालुओ की सुबिधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है।

# मिशन शक्ति के तहत बनाई मानव श्रृंखला, ली बालिका सुरक्षा की शपथ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान ने मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत मानव श्रृंखला एवं बालिका शपथ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंजू सिंह विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) उत्तर प्रदेश शासन, विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्वयंसेविका शगुन शाही द्वारा सभी को बालिका शपथ दिलाई गई। लोगों ने बालिकाओं की सुरक्षा और उन्हें स्वावलंबी बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह ने कहा कि अब बालिकाओं को चुप्पी तोड़नी होगी और आगे बढ़ना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह अपनी कक्षा में सर्वे कराकर यह पता लगाएं बालिकाओं को कहां सुरक्षा की जरूरत पड़ती है। उसके उपरांत बनाई गई मानव श्रृंखला में 758 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अखिलेश कुमार दूबे, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डी.एस. अजीथा, अधिष्ठता कृषि संकाय डॉ. विमल दूबे, पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विकास कुमार यादव, सत्यभामा, अमृता, धन्नजय पाण्डेय, प्रज्ञा पाण्डेय आदि का योगदान रहा।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूदल यादव द्वारा प्रबन्धक की हैसियत से संस्था पावानगर महावीर संस्कृत महाविद्यालय, फाजिलनगर पड़रौना, ग्राम व पो0-फाजिलनगर, तहसील-पडरौना, जिला-कुशीनगर की प्रबन्ध समिति व साधारण सभा की सूची वर्ष 2023-24 पंजीकृत हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें चुनाव की कार्यवाही दिनांक 23.07.2023 रिक्त स्थान की कार्यवाही दिनांक 13.03.2022 व अन्य प्रपत्र प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2023-24 में 01 श्री सुरेश चन्द्र मिश्र अध्यक्ष 2. श्री राजकुमार उपाध्यक्ष 3. श्री रूदल यादव-प्रबन्धक 4. श्री माधव धर द्विवेदी-मंत्री 5. श्रीमती उर्मिला पाण्डेय-कोषाध्यक्ष 6. श्री ओम प्रकाश मिश्र-सम्प्रेक्षक 7. श्री अमीर चन्द्र प्रसाद 8. श्री प्रभुनाथ पाण्डेय 9. श्री राजेन्द्र पाण्डेय 10. श्री अभिमन्यु पाण्डेय- सदस्य 11. श्री अशोक कुमार पाण्डेय-पदेन प्रधानाचार्य दर्शाये गये।

अत यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था पंजीकृत हेतु प्रस्तुत सूची व साधारण सभा पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

(बी.के. सिंह)
सहायक निबन्धक
गोरखपुर मण्डल,
गोरखपुर।

# थारू बाहुल्य ग्रामों में डीएम ने 36 बालिकाओं के पैर पखार किया बन्दन पूजन

## अपने हाथों परोसा भोजन, कन्याओं को बांटी स्टेशनरी, फल, बिस्किट व चाकलेट, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का कराया अन्नप्रासन

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति के विशेष अभियान अन्तर्गत शारदीय नवरात्र की सप्तमी के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की गोद में बसे जिले के दूरस्थ थारू बाहुल्य न्याय पंचायत आम्बा की 04 ग्राम पंचायत फकीरपुरी, आम्बा, बर्दिया एवं विशुनापुर पहुंचकर ग्राम पंचायत की 36 कन्याओं के पैर पखार कर बन्दन व पूजन कर उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा तथा सभी कन्याओं को

**महिला लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड**

स्टेशनरी, फल, बिस्किट, चाकलेट इत्यादि भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर सेवा से संतृप्तिकरण अभियान की तर्ज पर आयोजित किये गये विशाल शिविर के दौरान जिलाधिकारी ने कई गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराने के साथ-साथ ग्राम की पात्र महिलाओं को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड का वितरण किया तथा कई महिला कृषकों की अपने सम्मुख ई-केवाईसी भी कराई। मिशन शक्ति के विशेष



अभियान अन्तर्गत लगाये गये स्वास्थ्य शिविर के दौरान सैकड़ों ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श व दवाओं का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान एवं स्वाभिमान हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्प लाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, वन स्टाप सेण्टर-181, साइबर हेल्प लाइन-1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा-108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क जैसी सेवाएं संचालित की जा रही है।

डीएम ने महिलाओं एवं बालिकाओं का आहवान किया कि शिक्षा के माध्यम से जागरूक होकर महिलाओ के स्वावलाम्बन हेतु संचालित होने वाली योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग करस्पाण्डेण्ट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेण्टर, आयुष्मान योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, महिला ई-हाट इत्यादि का लाभ उठाकर अपना तथा अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार लायें।

# महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मिशन शक्ति चतुर्थ चरण नारी सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु थाना में नियुक्त महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर जागरूकता अभियान चलाया गया।रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सर्कुलेटिंग एरिया टिकट घर आदि जगहों पर उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थाना जीआरपी पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।इस के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया।

# लोलेपुर में सड़क धंसने से आवागमन बाधित

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विनोवापुरी-लोलेपुर में धंसी सड़क,सड़क के नीचे पोल होने होने से मोरंग लदी ट्रक आते ही सड़क धंस गई है। जिम्मेदारो के जरिये लापरवाही पूर्वक बनाई गई है सड़क, नीचे से सरकारी पाईप लाइन भी गई है।ठेकेदारों ने पाइपलाइन बनाने के बाद बिना सही तरीके से मिट्टी बैठाए ही पक्की सड़क बनवा दो थी। विनोवापुरी-लोलेपुर की सड़कें जानलेवा बनी हुई हैं। यहाँ की सड़कों पर चलने वालों के नीचे की कब बैठ जाय सड़क कोई नहीं पता नही है।राम भरोसे चल रहा यहाँ का रास्ता । करीब तीन महीने पहले से इसी रास्ते मे करीब 100 मीटर तक करीब सात फिट गहराई तक सड़क धंस गई ह।



लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदार संस्था ने कोई कदम नहीं उठाया है। मोहल्ले व रास्ते से गुजरने वाले लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं।कहने के लिए सत्ता पक्ष व अन्य तरह के कई वीआईपी लोगो का इस क्षेत्र में निवास होता है।फिर भी किसी भी स्तर पर नहीं उठाई गई कोई आवाज, पूरी सड़क करीब एक-डेढ़ किलोमीटर तक अंदर ही अंदर धंस गई है। जोखिम भरा है विनोवापुरी-लोलेपुर का सफर,कब सड़क धंस जाए और राहगीर धरती में समा जाय कोई गारंटी नहीं है।विनोवापुरी का कुछ क्षेत्र नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल एवं कुछ क्षेत्र आता है लोलेपुर प्रधान के आधिकारिता क्षेत्र में,लेकिन दोनों में से किसी ने कोई एक्शन नहीं लिया। सड़क की दुर्दशा एवं आम लोगो की समस्या पर नवागत डीएम संज्ञान ले सकती है। आखिर कैसे इतनी लापरवाही पूर्वक बनाई गई सड़क,सम्बन्धी कार्यदायी संस्था के कारनामो की जांच हो सकती है।जल प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय के निकट स्थित वर्मा उपवन के पास का यह हाल है।

## आगणन गठित करने के दिये निर्देश

**बहराइच।** नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार की देर शाम आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा नीति आयोग के निर्धारित सेक्टर स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, वाटर रिसोर्स, फाइनेन्सियल इन्क्ल्यूजन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के संकेतांकों से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित संकेतांकों में मानक के अनुसार सुधार लाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको की समीक्षा करते हुए पाया गया कि माह अगस्त में ओवर आल 93 वीं डेल्टा रैंकिंग, आधारभूत आंकड़ा सेक्टर में 21 तथा वित्तीय समावेशन व कौशल विकास सेक्टर में 88वीं डेल्टा रैंकिंग प्राप्त हुई है।

# अनारम्भ की स्थिति में रहने पाएं कोई भी परियोजना

**निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेज़ी लाएं कार्यदायी संस्थाए**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** नगरीय विकास प्राधिकरण एवं नगर निकायों के कार्यो तथा सीएम डैश बोर्ड पर फीडिंग कार्य की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छन्द विचरण करने वाले गोवंशों को गौआश्रय स्थलों में पहुंचाया जाय। डीएम ने कहा कि छुट्टा गौवंशों के संरक्षण हेतु यदि गौशाला की आवश्यकता हो तो अस्थायी



गौशाला की स्थापना कर गौवंशों का संरक्षित किया जाय। डीएम ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में पशुओं के स्वच्छन्द विचरण को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

डीएम ने नगर निकायों को निर्देश दिया संचारी रोगों पर प्रभावी अंकुश के लिए सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में फागिंग तथा एण्टीलार्वा के छिड़काव के साथ-साथ मोहल्लों की साफ-सफाई, कूड़ा उठान का कार्य भी नियमित रूप से कराया जाय। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारियों के साथ साफ-सफाई व्यवस्था का नियमित रूप से पर्यवेक्षण भी करें। प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना कच्छप गति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देष दिया गया कि योजना का प्रचार-प्रसार का लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाया जाय। डीएम ने नगर निकायों को यह भी निर्देश दिया शहरी क्षेत्रों को अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने हेतु भी प्रभावी कार्यवाही करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची का उप जिलाधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देश दिया कि पिंक ई रिक्शा कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाय तथा उन्हें ई-रिक्शा संचालन के लिए प्रेरित भी किया जाय ताकि ऐसे परिवारों की आय दोगुनी हो सके।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर प्रिन्स वर्मा, पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी, ई.ओ. बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य निकायों के अधिशासी अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**राठ/हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की मौजूदगी में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन राठ तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 111 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 04 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।द्व सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला सेवायोजन अधिकारी , जला उद्यान अधिकारी व सहायक निदेशक मत्स्य के बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सनातन धर्म के नाम पर वोट मागने वाले प्रतिनिधि ही कर रहे लोहरामऊ धाम की उपेक्षा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शहर से सटे लोहरामऊ धाम सिद्ध पीठ के नाम से जाना जाने वाला वो धाम है जो साल में पडने वाले दोनों नौरात्रि में धाम पर पहुचनें वाले लाखों भक्तो की आस्था का केन्द्र विन्दु है। और भक्त धाम पर पहुंचकर कर मां से अपनी मुराद पूरी होने की अर्जी लगाते है। और मां विंध्यवासिनी पूरी करती है। जानकार बताते है कि हर समय मां का आशिर्वाद पाने के लिए हजारों की संख्या में भक्त धाम पर आते रहते है। लेकिन जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि मां विंध्यवासिनी धाम की उपेक्षा कर रहा है। चुनाव के समय सनातन धर्म के नाम पर वोट मांगने



वाले आते है। वादा भी करते है लेकिन व्यवस्था के नाम पर नजर भी नही डालना चाहते जो आने वाले लाखों भक्तों की आस्था पर ठेस है। मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी का कहना है कि जिले की सांसद और विधायक ही धाम की उपेक्षा कर रहे है। जबकि सूबे की भाजपा सरकार सनातन धर्म के नाम पर ही सत्ता चला रही है यहां पर सडक और नाली का निर्माण न होना सांसद, विधायक के ऊपर प्रश्न चिन्ह पैदा कर रहा है।

## छात्रा की पिटाई करने का वीडियो हुआ वायरल

**सुल्तानपुर।** जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय हलियापुर में छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल को देखकर लोग काफी हैरान व परेशान हो गए. मामला कुछ इस प्रकार है। सुल्तानपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय हलियापुर में एक महिला प्रधानाध्यापिका ने एक बच्ची को बाल पकड़कर पीटायी कर रही है।इसके बाद प्रधानाध्यापिका ने अनुदेशक को जमकर गालियां दिया । अनुदेशक का हाथ पकड़ते हुए चप्पल से पीटने की बात तक कह दी। अब पूरे मामले का वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। पूरा मामला शुक्रवार की सुबह 10 बजे हलियापुर उच्च प्राथमिक स्कूल का बताया जा रहा है। यहां प्रधानाध्यापिका शिवबाला सिंह ने पहले एक छात्राओं की पिटाई की। इसके बाद अनुदेशक देवेंद्र मिश्रा को जमकर गालियां दीं।

# पुलिस स्मृति दिवस पर एस पी ने अधिकारियों के साथ दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पुलिस स्मृति दिवस÷ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सुलतानपुर में पुलिस के अमर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन / पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुलिस स्मृति दिवस-2023 के अवसर पर सोमेन बर्मा,पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव एवं उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में शहीद स्मारक



पर पुष्प चक्र अर्पित कर कर्तव्यपथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित कर सलामी दी गयी । इस दौरान उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणो को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सुलतानपुर द्वारा अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुये उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की शहादत के विषय में अवगत कराया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर ,क्षेत्राधिकारी बल्दीराय, क्षेत्राधिकारी कादीपुर, क्षेत्राधिकारी लम्भुआ, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर, क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक सुलतानपुर व अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वन स्टाप सेण्टर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** शेल्टर होम में आवासित बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा तथा शेल्टर होम की आधारभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने शुक्रवार को देर गेंद घर स्थित वन स्टॉप सेण्टर, बहराइच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद प्रबन्धक श्रीमती रचना कटियार ने बताया कि वर्तमान में कोई बालिका/महिला नहीं है। वन स्टॉप सेण्टर में कुल 04 कमरे हैं, जिसमें 01 परामर्श कक्ष, 01 शेल्टर कक्ष, 01 पैरामेडिकल कमरा व 01 कार्यालय कक्ष है तथा 02 शौचालय मय स्नानगृह है। पैरामेडिकल कक्ष में ही खाना बनाया जाता है। प्रतिदिन खाना बनाने व सफाई हेतु हेल्पर आते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 04-04 पुरुष व महिला आरक्षी तैनात हैं। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि बालिकाओं/महिलाओं के प्रवास के लिये तख्त उपलब्ध कराये गये थे। कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि यदि कोई बालिका/महिला होती है तो वह अपने कपड़े स्वयं धोती हैं। गैलरी, शौचालयों तथा कमरों में उचित साफ-सफाई पायी गयी। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि सफाई कर्मचारी नियमित आ रहे हैं। फिर भी प्रबन्धक को आदेशित किया जाता है कि समुचित साफ-सफाई बनाये रखना सुनिश्चित करें। प्रबन्धक ने बताया कि यदि कोई बालिकाएं/महिलाएं बीमार पड़ती हैं, तो आपातकालीन स्थिति में संवासिनियों को एम्बुलेंस बुलाकर जिला चिकित्सालय में ले जाकर उनका उपचार कराया जाता है।

# राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को बताया अवैध

**आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुये आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में कचहरी परिसर में प्रदर्शन करते हुये महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आवास पर ईडी द्वारा 12 घंटे तक छापेमारी कि गई, 8 दिनों तक उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कि गयी लेकिन जांच एजेंसी को कुछ हांसिल नहीं हुआ। इन सबके बावजूद सांसद संजय सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया कि फर्जी शराब



घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नही लिया। सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं है। क्या अभियुक्त को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नही आया। अचानक से ईडी द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के अंदर अभियुक्त को जमानत मिल गई और ईडी ने उसकी जमानत का कोई विरोध नहीं किया जमानत के कुछ दिन बाद ही उसको सरकारी गवाह बना दिया गया। आरोप है कि संजय सिंह ने मणिपुर हिंसा में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ सदन में आवाज उठाई तो उन्हे राज्यसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया और आज तक वो निलंबित है सासद संजय सिंह लगातार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व समाज के कमजोर वर्गों की आवाज लगातार उठाते रहे है और सरकार से सवाल पूछते रहे है। बताया कि संजय सिंह ने समय समय पर किसानों के हितों की रक्षा के लिए युवाओं के रोजगार के लिए, पुरानी पेंशन की बहाली के लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ ये पूरा मामला फर्जी बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताते हुये अवैध गिरफ्तारी के विरोध में पूरे उत्तर प्रदेश में आंदोलनरत है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., विवेक जैन, अनूप ताम्रकार, हजारीलाल राजपूत, रमेश कुमार, देवकी, हरीबाई, उमादेवी, भागवती, मीना, सुमन, रूप सिंह, भावसिंह, जगत सिंह, हरलाल, रामसिंह, छत्रपाल सिंह, रामपाल, साबिर, प्रहलाद, सुरेश आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी सम्मेलन व सम्मान समारोह आज

अवधनामा संवाददाता

**जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी**

**ललितपुर।** रविवार को हाई-वे स्थित एक होटल में आयोजित किये जा रहे व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की रूपरेखा को लेकर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि 22 अक्टूबर को आयोजित हो रहे व्यापारी सम्मेलन व सम्मान समारोह में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जीवराज सिंघी व बोर्ड सदस्य देवेश रस्तोगी के साथ संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा और महामंत्री डा.दिलीप सेठ ललितपुर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेशीय व्यापारी नेताओं का नदनवारा टोल प्लाजा पर व्यापारियों द्वारा पहुंच कर भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने से पहले कई स्थानों पर व्यापारी वर्ग के शीर्ष नेताओं का स्वागत सत्कार किया जायेगा। स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर समारोह में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि समारोह में व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा जायेगा, जिसमें जीएसटी बिल में विसंगतियों को दूर किये जाने की मांग प्रमुखता से शामिल होगी। इसके अलावा हाल ही में शक्कर व्यापारी के मुनीम से हुयी लूटकाण्ड के आरोपियों को तत्परता से पकडने और शत-प्रतिशत रिकवरी करने पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के प्रति आभार व्यक्त करते हुये पुलिस टीम को सम्मानित किये जाने की भी बात कही। संगठन के अलावा इस कार्यक्रम में गल्ला व्यापार मण्डल, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज व दाल मिल एसोशियेशन के पदाधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी भंग चल रही है।

# नेमवि का अक्षित बना बैडमिंटन चैम्पियन

**नेमवि में खिलाड़ी को सम्मानित किया**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की अंर्तमहाविद्यालयीन बैडमिंटन महिला-पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय कैम्पस, राजीव गांधी इण्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नेहरू महाविद्यालय के अक्षित श्रीवास्तव ने फाइनल मुकाबले में बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी कैम्पस के यदुनाथ सिंह को 21-17, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी द्वारा अक्षित श्रीवास्तव को गोल्ड मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इधर बैडमिंटन चैम्पियन



का नेहरू महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाये रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है। मनोविज्ञान विभाग के प्रो.अवधेश अग्रवाल ने कहा कि खेल के माध्यम से समाज में समन्वयता का स्वरूप विकसित होता है, क्योंकि खेल केवल हार-जीत की पतिर्स्पद्धा नहीं है, बल्कि आपस में सदभावना, भाईचारा एवं संघर्ष से लडने् की चुनौतियां भी सिखाता है। संस्कृत विभाग के प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि प्राचीन समय से हमारी संस्कृति एवं सामाजिक समरसता के लिए खेलों को जीवन के प्रमुख अंग के रूप में समाहित किया है। खेलों से न केवल शारीरिक स्फूर्ति बल्कि हमारी मानसिकता का विकास होता है। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी से अक्षित श्रीवास्तव के अलावा 2 और खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी अंतर विश्वविद्यालयीन नार्थ जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता जो चंडीगढ़ विश्वविद्याालय में आयोजित हो रही है, इसमें प्रतिभाग करने जायेंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने हार्दिक बधाई देते हुए खिलाडियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रो.आशा साहू, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.मनोज कुमार, डा.ओ.पी.चौधरी, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.संजीव कुमार शर्मा, डा.सुभाष जैन, डा.रिचाराज सक्सेना, कविता पैजवार, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार, रमेश पाल, रवि कुमार, छात्र अभिषेक यादव, रवि चंद्रवंशी, मोहम्मद आसिफ आदि उपस्थित रहे।

# नेहरू नगर में रुद्राक्षों का हुआ पूजन-अर्चन व अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू नगर में रेलवे अस्पताल के पीछे गली नम्बर 5 में स्थित मां कात्यायनी माता मन्दिर पर उज्जैन धाम से पधारे कथा वाचक प्रदीप महाराज की मधुर कण्ठ अवाज से सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धालुओं को



रसपान करने को रोजाना शाम पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक मिल रही है। श्रीमद् भागवत कथा में यजमान रविन्द्र सिंह बुन्देला बने हुये है। श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक प्रदीप महाराज ने बताया कि सुबह आठ बजे से दस बजकर तीस मिनट तक सातो दिन तक बड़े ही विधी विधान व मंत्रोच्चार के बीच विधिवत रुद्राक्ष का पूजन अर्चन व अभिषेक किया जा रहा है। श्री हरिहर धार्मिक संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप महाराज की ओर से भक्तों की संख्या के आधार पर नेहरू नगर में 35 सौ रुद्राक्ष निशुल्क वितरण किया जाना है। रुद्राक्ष का वितरण 22 अक्टूबर को श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद निशुल्क वितरण किया जायेगा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0: **1.** ADVT-LKO-KHNM-OH-476-23-1. **2.** ADVT-LKO-PRG-OH-472-23-1. **3.** ADVT-LKO-PRG-OH-113-23-2. **4.** ADVT-LKO-AY-OH-481-23-1. **5.** ADVT-LKO-GRMR-OH-477-23-1. **6.** ADVT-LKO-PFM-OH-486-23-1. **7.** ADVT-LKO-KHNM-OH-474-23-1. **8.** ADVT-LKO-KHNM-OH-275-23-1. **9.** ADVT-LKO-LGO-OH-473-23-1. **10.** ADVT-LKO-ABP-OH-483-23-1 | |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.11.2023 समय 10:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय: **1.** 06-11-2023 at 10:30 hrs. **2.** 06-11-2023 at 10:40 hrs. **3.** 06-11-2023 at 10:50 hrs. **4.** 06-11-2023 at 11:00 hrs. **5.** 06-11-2023 at 11:10 hrs. **6.** 06-11-2023 at 11:20 hrs. **7.** 06-11-2023 at 11:30 hrs. **8.** 06-11-2023 at 11:40 hrs. **9.** 06-11-2023 at 11:50 hrs. **10.** 06-11-2023 at 12:00 hrs | |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3291/2023 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दुधमुंही बच्ची से हैवानियत करने वाले चाचा ने पुलिस पर किया फायर

अवधनामा ब्यूरो



**मौदहा हमीरपुर।** महज कुछ घंटे के भीतर जनपद में झकझोर देने वाली दरिंदगी की दो घटनाओं से लोग सकते में आ गए। शुक्रवार तड़के चंद्रावल नदी में मासूम बच्चे का शव मिलने के कुछ ही घंटे बाद कलयुगी चाचा ने छः माह की दुधमुंही बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया जिसे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार कर लिया था और मासूम बच्ची को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई के लिए रेफर कर दिया था जहाँ पर मासूम बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।इतना ही नहीं पुलिस जब आरोपी को जांच के लिए ले गई तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिसके बाद जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई। मुस्कुरा कोतवाली क्षेत्र में एक शुक्रवार की दोपहर एक कलयुगी चाचा ने घर में लेटी अपनी छः माह की भतीजी के साथ दूसरे कमरे में लेजाकर दुष्कर्म किया जब बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मां पहुंची तो आरोपी ने मां के साथ भी मारपीट की।दोपहर बाद मासूम बच्ची को लेकर मां मुस्कुरा कोतवाली पहुंच गई जहाँ पर बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रभाव से मेडिकल परीक्षण के लिए मुस्कुरा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ से बच्ची की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज उरई भेजा गया है जहाँ पर बच्ची की हालत नाजुक बताई जा रही है।फिलहाल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार की सुबह जब पुलिस आरोपी को लेकर घटना की जांच करने पहुंची तो आरोपी ने जहां पर कपड़े छिपाए थे वहीं पर छिपे तमंचे से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए आरोपी के पैर में गोली मार दी फिलहाल आरोपी का सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# समाधान दिवस में राजस्व से जुड़े मामलों की रही भरमार



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** महीने के चौथे शनिवार के मौके पर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल पचास शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से चार शिकायतें निस्तारण कर दी गई शेष को गुणवत्ता पूर्ण तरीक़े से निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजा जा रहा है। कस्बे के तहसील सभागार में महीने के चौथे शनिवार के अवसर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार ने की।इस दौरान पचास शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से चार शिकायतें मौके पर निस्तारित कर दी गई शेष शिकायतें निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजी जा रही हैं।समाधान दिवस के मौके पर सबसे अधिक छब्बीस शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित दर्ज की गई जबकि बिजली, पानी, पुलिस, खाद्य सुरक्षा, आवास योजना का लाभ नहीं मिलने जैसे मामले भी दर्ज किए गए।इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार बलराम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विवेक यादव सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक सम्पन्न

- विभागीय कार्यों में शिथिलता पर 4 डायट प्रवक्ताओं के वेतन रोकने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक गत दिवस की देर सायं जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। डायट के प्रवक्ताओ द्वारा विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर तथा स्कूलों के निरीक्षण संबंधी कार्यों में शिथिलता पर रखने पर जिलाधिकारी ने सभी चारों डाइट प्रवक्ताओं के वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी /कर्मचारी कार्यों में शिथिलता बरतेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए तथा विद्यालय में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए । स्कूलों की छोटी-मोटी कमियों को दूर किया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर यथा पुरुष व महिला हेतु अलग-अलग शौचालय, टाइलीकरण आदि पैरामीटर में प्रभावी ढंग से प्लान बनाकर सभी स्कूलों में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। सभी स्कूलों में विद्युत के कनेक्शन अनिवार्य रूप से होने चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स की नियमित रूप से बैठक आयोजित किया जाय। जनपद स्तरीय मेडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन कर दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनाया जाए।बच्चे स्कूल ड्रेस में आए यह सुनिश्चित कराया जाय। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जाय। बीएसए व एबीएसए द्वारा स्कूलों का अच्छे ढंग से पर्यवेक्षण किया जाय। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, सीएमओ, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव ,पीडी साधना दीक्षित ,जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही नहीं

**मौदहा हमीरपुर।** प्रदेश के मुखिया भूमाफिया पर कार्यवाही करने की जमकर बात कहते हैं लेकिन यहां तो कुएं तालाब भी भूमाफियाओं की वजह से नहीं बच रहे हैं।ऐसे ही मामले में लगभग एक दर्जन लोगों ने तमाम अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से नाराजगी जताई है। कोतवाली क्षेत्र के पढोरी निवासी कालीदीन पुत्र रामनाथ ने लगभग एक दर्जन लोगों के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र क्षेत्राधिकारी को देते हुए बताया कि गांव में उनके दादा ने एक कुआं खुदवाया था जो गांव के लोगों के लिए पेयजल का मुख्य स्त्रोत होने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम कुआं पूजन के लिए भी उपयोग किया जाता है लेकिन गांव के दबंग दयाराम उर्फ मुन्ना और गोपाल पुत्र मिस्सा द्वारा उक्त कुएं की जगत को खण्डित कर दूकान, छप्पर डाल लिए हैं और शौचालय का निर्माण कर रहे हैं।जिसके चलते पीड़ित ने तमाम आलाधिकारियों को पत्र द्वारा अवगत कराया है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# संख्या ज्ञान पर एकदिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से पिरामल फाऊंडेशन द्वारा बुनियादी भाषा कौशल एवम संख्या ज्ञान पर धर्म गुरूओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चो की भाषाई और गणित की अवधारणा को कैसे मजबूत किया जाए इस पर शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में कुल 43 मदरसा धर्मगुरुओं,शिक्षकों एवम शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यशाला का आयोजन खंड विकास कार्यालय सभागार, राबर्ट्सगंज में किया गया। पीरामल फाउंडेशन की टीम के Google Read Along Application के बारे में सभी शिक्षकों को अवगत कराया कि इस APP के माध्यम से बच्चों की भाषाई क्षमता को विकसित किया जा सकता है। सभी शिक्षकों ने Google Read Along App को अपने मोबाइल में डाउनलोड किया और यह भी सुनिश्चित किया कि वे अपने मदरसा के शिक्षकों और अभिवावकों को प्रेरित करेंगे कि बच्चों के साथ इस APP के माध्यम से भाषाई क्षमता पर काम करें, ताकि निपुण भारत का उद्देश्य प्राप्त हो सके। सभी धर्म गुरुओ ने यह निर्णय लिया कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम पर भी हमे काम करने की आवश्यकता है।

कार्यशाला में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशू शेखर शर्मा ने पिरामल फाउंडेशन के प्रयास को सराहनीय बताते हुए सभी मदरसा शिक्षकों से अपील की आप अपने मदरसों को डिजिटल तौर तरीकों से माडल मदरसा बनाए ताकि दूसरे मदरसों को भी अपने सीखने की प्रेरणा मिल सके साथ ही पिरामल फाउंडेशन की टीम से कहा की मदरसा के टीचर्स की ट्रेनिंग नियमित अंतराल पर किया जाए और मदरसा का भ्रमण भी किया जाए ताकि मदरसा को एक आदर्श मदरसा बनाया जाए।

# पंडालों में विराजी मां जगदंबा दर्शन को उमड़े भक्त

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/चोपन।** शनिवार को नगर में स्थित पूजा पंडालों में विधि विधान से मंत्रो उच्चारण के बीच देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई। इसके पूर्व सोन नदी घाट से कलश यात्रा निकाल गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों पर झूमते नाचते लोग पंडाल में पहुंचे जहां कलश को स्थापित किया गया साथ ही वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना कर देवी मूर्तियों का स्थापना किया गया। इस दौरान सभी पूजा पंडालों में आकर्षक तरीके से झालर बत्ती लगाया गया है। इसी तरह रेलवे दुर्गा मैदान, हिल कालोनी,प्रीतनगर और बैरियर पर बने भव्य पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही तीन दिवसीय दुर्गा पूजा मेला की शुरूआत हो गई।

दुर्गा पूजा के पहले दिन महासप्तमी पर पंडालों में विराजमान जगतजननी मां जगदंबे, माता सरस्वती, माता लक्ष्मी, कुमार कार्तिकेय और भगवान गणेश की प्रतिमा को निहारने के लिए दर्शनार्थियों की कतार लगी रही। पंडालों में पूरी रात माता के जयकारे लगते रहे। दर्शन पूजन के बाद लोगों ने पंडालों के पास मेले का खूब लुत्फ उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### लेखपालों ने सौंपा दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



**मौदहा हमीरपुर।** यात्रा भत्ता और ई डिस्ट्रिक्ट सहित अन्य मांगों को लेकर लेखपालों ने एसडीएम को दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निस्तारण की मांग की है। मौदहा तहसील लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में लेखपालों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में डागल सिस्टम सहित वरासत, यात्रा भत्ता और बीमार लेखपाल के इलाज के लिए सुविधा सहित दाखिल खारिज अधिवक्ता या किसान के हाथ से न भेजकर डाक द्वारा भेजने की मांग की है लेखपालों का कहना है कि किसान लेखपालों से अभद्रता करते हैं।इसके साथ ही आई.जी.आर.एस के तहत शिकायतें निस्तारण के लिए समय की मांग की है। इस दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी और सदस्य लेखपाल मौजूद रहे।

### दो बाईकों की टक्कर में चार घायल, दो रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** दो बाइकों की हुई सीधी टक्कर में चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। महोबा जनपद के खिरुही कम्हरिया निवासी शिवशंकर( 45 ) पुत्र कृपाल और रामबहादुर ( 52 ) पुत्र शिवपाल बाईक से कस्बे की ओर आ रहे थे तभी सामने से जा रहे कनवारा जनपद बांदा निवासी रवि ( 23 ) पुत्र नीरज पाल और शिवशंकर ( 21 )पुत्र नरेश ने बाईक से सीधे टक्कर मार दी जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से शिवशंकर और रामबहादुर को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बांदा के लिए रेफर कर दिया गया है।

### डीएम ने नर्माणाधीन भंडारण गृह का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** राठ विकासखंड के बसेला गांव में मनरेगा कन्वर्जेंस से बने ग्रामीण खेलकूद के मैदान/ ग्रामीण स्टेडियम का तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन फूड ग्रेन स्टोरेज / भंडारण गृह का जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने खेल के मैदान परिसर में बने ओपेन जिम का भी मुआयना किया। उन्होंने खेल के मैदान एवं ओपन जिम के तारीफ करते हुए इसे सक्रिय करने के निर्देश दिए। कहा कि खेल के मैदान एवं ओपन जिम अच्छी जगह पर स्थित है इसे उपयोग में लाया जाए। इस मौके पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। फूड ग्रेन भंडारण गृह के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने इसे समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण में मानक के अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित हो। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, एसडीएम राठ, बीडीओ राठ तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता हेतु लगाई जागरूकता कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता हेतु एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के दौरान पैड वूमन एवं मुक्ति मिशन संस्थापक सुश्री रश्मी साहा ने डीपीएस (निगाही) और डीएवी (निगाही) विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के कम चर्चा वाले विषय पर जागरूक किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने हेतु अहम जानकारी प्रदान करना एवं उन्हें जागरूक करना रहा ताकि उन्हें किसी भी बीमारी का शिकार होने से बचाया जा सके।

इस दौरान सुश्री साहा ने उपस्थित सभी छात्राओं के साथ अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने, वर्जनाओं को तोड़ने, सही प्रथाओं को अपनाने हेतु चर्चा की। इस कार्यशाला में विद्यालय की छात्राओं ने रुचि एवं उत्साह के साथ भाग लिया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय समय पर महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण एवं स्वच्छता जागरूकता हेतु ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# माता के दर्शन कर भक्त हुए निहाल

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीजन की श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा रेणुसागर प्रेक्षागृह परिसर स्थित शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि को आदि शक्ति, महाषक्ति श्री श्री मॉ दुर्गा देवी की प्रतिमा की स्थापना की गई। तत्पष्चात विधि विधान व घण्टे घड़ियाल, शंख के साथ पूजा अर्चन किया गया तथा कलश की स्थापना की गई। उक्त सम्बन्ध में कोलकाता से आये पण्डित दिलीप चटर्जी ने बताया कि आदि शक्ति दुर्गा माता रानी का बोधन के पश्चात आमंत्रण तथा अधिवास संपन्न हुआ। इसके उपरांत भक्तों के दर्शन हेतु मॉ का दरबार खोल दिया गया। सप्तमी के दिन नव पत्रिका प्रवेश, पुष्पांजली एवं आरती की गई,कलस स्थापन के पश्चात हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर0 पी 0 सिंह सपत्नीक द्वारा पुष्पांजलि व महासप्तमी पूजा विधि विधान से किया गया। ततपश्चात सायंकालीन बेला में माता रानी के दरबार में बंगाली महिलाओ द्वारा नृत्य,नवदुर्गा प्रोग्राम के जरिए माता रानी विस्तृत चित्रण व लायनेस क्लब रेनूसागर द्वारा डाण्डिया का आयोजन किया गया जिसे देखकर हजारो की संख्या उपस्थित दर्शक माता रानी के जयकारे लगाते हुए भावविभोर हो गये। इस अवसर पर सायं सात बजे से लेकर देर रात्रि तक भक्तों ने मॉ के दर्शन किये तथा जयकारे लगाये जिससे पूरा पण्डाल गुजांयमान व भक्तिमय हो गया व भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। उक्त सम्बन्ध समिति के सचिव समित मंडल कार्यक्रम के सफल आयोजन में गोपाल मुखर्जी एवं टीम का सराहनीय योगदान बताया तथा कहा कि महाष्टमी के दिन नृत्य, डांडिया का विशेष प्रोग्राम का आयोजन किया गया है ,महानवमी के दिन महाप्रसाद खिचड़ी भोग वितरण का आयोजन किया जायेगा।

# शष्ठी बोधन के साथ हिण्डाल्को में दुर्गापूजनोत्सव का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर हिण्डाल्को, रेणुकूट में मिताली क्लब द्वारा इस वर्ष भी शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का पूजन महोत्सव हिण्डाल्को प्रबन्धन के सहयोग से पूरे भक्तिभाव से आयोजित किया जा रहा है। पण्डाल में मां दुर्गा की सुन्दर प्रतिमा के साथ-साथ लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश एवं कार्तिकेय की प्रतिमायें स्थापित की गई है। शुक्रवार दिनांक 20 अक्टूबर को शष्टी के अवसर पर मां दुर्गा की प्राणप्रतिष्ठा के साथ हिण्डाल्को में दुर्गापूजनोत्सव का आगाज हो गया। मुख्य अतिथि, हिण्डाल्को के मुखिया श्री एन नागेश, श्रीमती लक्ष्मी नागेश, विशिष्ट अतिथि क्लस्टर एचआर हेड श्री जसबीर सिंह, श्रीमती सीमा सिंह, रिडक्शन प्लांट हेड श्री जेपी नायक, अल्युमिना हेड श्री एनएन राय, श्रीमती पूनम राय, उपज़िलाधिकारी दुद्धी श्री सुरेश राय, वित्त एवं वाणिज्य प्रमुख श्री उज्जल केश, डा. भास्कर दत्ता, श्री राजीव झुनझुनवाला, कर्नल संदीप खन्ना, मिताली क्लब के अध्यक्ष तापस चैधरी, सचिव सोमेन मन्ना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं मिताली परिवार के सदस्यों ने पूरे श्रद्धा के साथ मां की आरती व पूजन करके दुर्गोत्सव का शुभारंभ किया। रेणुकूटवासियों एवं हिण्डाल्को परिवार को दुर्गापूजा, नवरात्रि एवं दशहरा की शुभकामनायें देते हुए मुख्य अतिथि श्री एन नागेश ने मिताली क्लब के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि मिताली क्लब अपनी परंपराओं का निर्वहन करते हुए दुर्गापूजनोत्सव का आयोजन किया है। उन्होंने जनमानस हेतु मंगल कामना और संस्थान की प्रगति एवं देश में शांति व समृद्धि की प्रार्थना करते हुए आशा व्यक्त किया कि शक्ति स्वरूपा मां की अनुकंपा हम सभी पर बनी रहेगी। इस अवसर पर मिताली परिवार के बच्चों ने बहुत ही आकर्षक महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया जिसका संचालन श्रीमती गीति केश ने किया। प्रारम्भ में मिताली क्लब के अध्यक्ष तापस चैधरी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए दुर्गा पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पांच दिनों तक चलने वाले पूजनोत्वस के विभिन्न आयोजनों के बारे में जानकारी दी। अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय धनौरी का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने गोहांड विकासखंड के धनौरी उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने रसोई घर के निरीक्षण किया जहां उन्होंने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। कहा कि रसोई घर की रंगाई पुताई कराई जाए। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय के शौचालय का निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि शौचालय नियमित रूप से क्रियाशील रखा जाए तथा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कक्षा 6 , 7 व 8 में जाकर बच्चों से कुछ सवाल किए जिनके जवाब बच्चों द्वारा दिए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा बच्चों को रटाने / याद कराने की अपेक्षा समझाने पर अधिक जोर दिया जाए तथा शिक्षा गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध करायी जाय। इस मौके पर उन्होंने बच्चों से विभिन्न सवाल किये जैसे संज्ञा किसे कहते हैं? पेड़ पौधों के क्या लाभ हैं? पर्यावरण आदि के बारे में सवाल किये। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे नियमित रूप से यूनिफॉर्म ,जूते ,मोजे आदि अवश्य पहनकर स्कूल आए।

# श्रीराम का संदेश पाकर भावुक हुई मां जानकी

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर आयोजित हो रही रामलीला के छठे दिन सीता हरण, शबरी भक्ति, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सीताजी की खोज और लंका दहन आदि लीलाओं का बहुत सजीव मंचन रामलीला के कलाकारों द्वारा किया गया। लीलाओं में लक्ष्मणजी द्वारा शूर्पनखा की नाक काट लेने पर शूर्पनखा अपने भाई रावण के दरबार पहुंच कर सीताजी की सुन्दर रूप का बखान करते हुए उनके हरण के लिए उकसाती है तब रावण अपने मामा मारीच के साथ वन में पहुंचते है और मारीच स्वर्ण मृग बन कर सीताजी को रिझाते है और सीताजी की जिद पर श्रीराम मृग पकड़ने उसके पीछे दौड़ते है। मारीच अपने मायाजाल से लक्ष्मण को श्रीराम की मदद को विवश कर देते और सीताजी के आग्रह पर लक्ष्मण रेखा खींच कर श्रीराम की मदद को चल देते है। मौका पाकर साधू वेश में रावण सीताजी का हरण कर लेते है और आकाश मार्ग से लंका की ओर ले चलते है। रास्ते में जटायू उन्हें भरसक रोकने का प्रयास करते है और रावण के प्रहार से मरनासन्न होकर धरती पर गिर जाते है। उधर कुटिया में लौटकर सीताजी को न पाकर दोनो भाई उन्हें ढूढ़ने निकलते है तब रास्ते में जटायू से उन्हें रावण द्वारा सीताजी के हरण की जानकारी मिलती है। आगे चलकर श्रीरामजी सुग्रीव से मिलते है और बाली-सुग्रीव युद्ध में बाली का वध करके सुग्रीव को राजगद्दी सौंप देते है। सुग्रीव व श्रीराम की मित्रता होती है और पूरी वानर सेना, सुसेन, हनुमानजी व सुग्रीव श्रीराम व लक्ष्मण के साथ सीताजी को लंका से लाने के लिए निकल पड़ते है। हनुमानजी सात समुंदर पार करके लंका पहुंच कर अशोक वाटिका में सीता माता से मिलकर उन्हें श्रीराम का संदेश देते है जिसे पाकर सीताजी भावुक हो उठती है।

# एनसीएल अमलोरी परियोजना में अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2023-24 हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की अमलोरी परियोजना में अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2023-24 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस पाँच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में एनसीएल निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में श्री मनीष कुमार ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुये कहा कि सभी खिलाड़ियों में खेल भावना का होना अति आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी से फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 से जुडने हेतु आह्वान भी किया एवं खेल कूद को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए जागरूक किया। इस प्रतियोगिता के दौरान एनसीएल की निगाही परियोजना की टीम ने विजेता खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिस्पर्धा में निगाही की टीम ने 03 गोल कर झिंगुरदा परियोजना की टीम को हराया। 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 15 मैच खेले गए जिनमें कुल 12 टीमों ने अपना जौहर दिखाया । इस अवसर पर बेस्ट प्लेयर का खिताब अमित निनारूया (निगाही) ने हासिल किया और वहीं बेस्ट गोल कीपर का खिताब एल तिरकी (झिंगुरदा) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (अमलोरी) श्री आलोक कुमार महाप्रबंधक (कार्मिक) मुख्यालय श्री सफदर खान, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) श्री गौरव बाजपेयी, प्रबन्धक (कार्मिक/कल्याण), जेसीसी सदस्य, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल में प्रतिवर्ष कर्मियों का उत्साह बढ़ाने एवं उन्हें खेल-कूद से जोड़ने हेतु ऐसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को किया सम्मानित

- चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बन्धी प्रकरणों हेतु 03 करोड़ 87 लाख का भुगतान

**आज पूरा देश उन शहीद पुलिस कर्मियों का स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा: मुख्यमंत्री**





- सरकार शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों की हर समस्या का निराकरण करने के लिए पूर्णतया कटिबद्ध

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज पूरा देश उन शहीद पुलिस कर्मियों का स्मरण करते हुए, उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर अप्रतिम कर्तव्य परायणता का परिचय दिया। वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके अजर और अमर होने का उपदेश श्रीमद्भगवद्गीता जैसा पवित्र ग्रंथ भी देता है। श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित है कि 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः' अर्थात इस आत्मा को शस्त्र न तो काट सकते हैं और न अग्नि इसे जला सकती है। न जल इसे गीला कर सकता है और न वायु इसे सुखा सकती है।

मुख्यमंत्री आज यहां रिजर्व पुलिस लाइन्स में 'पुलिस स्मृति दिवस-2023' के अवसर पर अपने विचार व्यक्त रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किया तथा शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने स्मृति परेड की सलामी ली तथा शोक पुस्तिका प्राप्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में उत्तर प्रदेश पुलिस के 03 बहादुर पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस कर्मियों का यह सर्वोच्च बलिदान हमें निरन्तर कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा, मनोयोग एवं दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसजन के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उनके कल्याण तथा सुख-सुविधाओं के लिये पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी जरूरी कदम उठाने के लिये हमेशा तत्पर रही है और आगे भी रहेगी। राज्य सरकार उनकी हर समस्या का निराकरण करने के लिए पूर्णतया कटिबद्ध है। पुलिसजन ने अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी रात-दिन अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मानकर अपराधों पर नियंत्रण करने, कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने, सामाजिक सौहार्द स्थापित करने एवं विशेषकर बालिकाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 06 वर्षों के दौरान प्रदेश में प्रयागराज कुम्भ-2019, लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2019, त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021, विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 तथा नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में प्रदेश पुलिस बल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान प्रदेश की जनता की सहायता के लिये सदैव तत्पर रही। पुलिस कर्मियों द्वारा कोरोना वॉरियर्स के रूप में अभूतपूर्व परिश्रम कर जहां एक ओर नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया, वहीं उनके द्वारा मानवता की सेवा की नयी मिसाल पेश की गयी।

# सीएम योगी ने महाअष्टमी एवं महानवमी की दी शुभकामनाएं

- नवरात्रि में माँ दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक
- महाअष्टमी एवं महानवमी पर भक्तगण कन्या पूजन करते हैं
- नवरात्रि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि में महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं। आदिशक्ति प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। नवरात्रि में माँ के इन नौ रूपों का पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि में माँ दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक है।

इसी क्रम में नवरात्रि में महाअष्टमी एवं महानवमी पर भक्तगण कन्या पूजन करते हैं। नवरात्रि का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। यह पर्व मातृशक्ति के प्रति भारत की भावना का प्रभावी प्रतिनिधित्व करता है। आइये, इस अवसर पर आध्यात्मिक साधना के साथ ही, नारी गरिमा की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के प्रतीक स्वरूप 'मिशन शक्ति' के चतुर्थ संस्करण को सफल बनाएं।

# दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में गाड़ियों की रिशिड्यूलिंग

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** बुढ़वल सीतापुर खंड पर स्थित बुढ़वल व सुढिया मऊ स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में 7 से 15 अक्टूबर तक प्री.नॉन इंटरलॉक एवं 16 से 19 अक्टूबर तक नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 19 अक्टूबर को रेल संरक्षा आयुक्त निरीक्षण करेंगे। जिसके कारण लखनऊ से होकर गुजरने वाली रेल गाडियों को निरस्त, मार्ग परितर्वन रि.शिड्यूलिंग एवं शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट आरिजिनेट कर चलाया जायेगा। कटिहार से 14 अक्टूबर को चलने वाली 05734 कटिहार अमृतसर और अमृतसर से 16 अक्टूबर को चलने वाली 05733 अमृतसर कटिहार निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 14 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 12531 गोरखपुर लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस और लखनऊ जंक्शन से 14 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 12532 लखनऊ जंक्शन गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा कचहरी से 15 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 15114 छपरा कचहरी गोमतीनगर एक्सप्रेस और गोमतीनगर से 16 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 15113 गोमतीनगर छपरा कचहरी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नकहा जंगल से 13 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 15081 नकहा जंगल गोमतीनगर एक्सप्रेस और गोमतीनगर से 14 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 15082 गोमतीनगर नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ग्वालियर से 11 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 11123 ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस और बरौनी से 12 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 11124 बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 15 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 15009 गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस और मैलानी से 16 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 15010 मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ऐशबाग से 16 एवं 18 अक्टूबर को चलने वाली 15070 ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस और गोरखपुर से 17 एवं 19 अक्टूबर को चलने वाली 15069 गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस निरस्त रहे। अमृतसर एक्सप्रेस, गोरखपुर बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, नई दिल्ली दरभंगा एक्सप्रेस, ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस, पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस, पुणे गोरखपुर एक्सप्रेस, जम्मूतवी भागलपुर एक्सप्रेस, यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस और छपरा मथुरा एक्सप्रेस बदले रास्ते से चलायी जायेगी।

### काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस का इंजन फेल

**लखनऊ।** वाराणसी से दिल्ली वाया लखनऊ के बीच चलने वाली 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस का इंजन शुक्रवार सवेरे बीच रास्ते फेल हो गया। जिसकी वजह से यह ट्रेन करीब साढ़े पांच घण्टे की देरी से चारबाग पहुंची। जिसके कारण यात्री ट्रेन में परेशान होकर बैठे रहे। इसके पहले भी दिल्ली से वाराणसी आते समय काशी विश्वनाथ का इंजन फेल हुआ था। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस अपने तय समय पर वाराणसी रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। भदोही के आगे पहुंचते ही ट्रेन अचानक रुक गई। करीब तीन घण्टे तक ट्रेन वहां पर खड़ी रही। दूसरा इंजन भेजकर ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

### प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा की ओर से आयोजित शिविर में प्रकोष्ठ के वाइस चेयरमैन डॉ. पी.के. त्यागी, डॉ. रिचा कौशिक, डॉ. अजय शुक्ला, छाया वर्मा, डॉ. इरफान, डॉ. शिवांगी, शुभी आदि ने लोगों की ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच कर दवाएं वितरित की। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने बताया कि चिकित्सा शिविर में लोगों को स्वास्थ्य जांच के साथ ही दवाएं भी उपलब्ध कराई गयीं।

# अम्बेडकर नगर में आयोजित होगा आभार पीएम महासम्मेलन: अमित पांडेय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय इतिहास में आज का पवित्र दिन वह तरीख है जब पहली बार 1943 में करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्र गौरव का पुनीत दिवस आया, आज ही के दिन अस्सी 80 वर्ष पूर्व हमारे राष्ट्र नायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने गुलाम भारत को सर्व प्रथम आजाद भारत की घोषणा करते हुए सिंगापुर में आजाद हिन्द सरकार बनाई और अखंड भारत के प्रथम प्रधान के रूप में भारतीय राष्ट्रीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फ हराया जिससे अंग्रेजों की नींद हराम हो गयी।

वास्तविक आज़ादी के अस्सीवे स्थापना दिवस पर नेता जी सुभाष संगठन के लखनऊ स्थित मुख्यालय में उपस्थित अनेक गणमान्य नागरिको को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि आज के दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रतिनिधि मिलकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में सिंगापुर के कैथे सिनेमा हाल में स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार की स्थापना की। इस ऐतिहासिक घोषणा को सुनने के लिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के राष्ट्रवादी प्रतिनिधि इक त्र थे। हाल खचाखच भरा था, शाम 04 बजे मंच पर नेताजी सुभाष बाबू खड़े हुए उन्हें एक खास घोषणा करनी थी, ये घोषणा 1500 शब्दों में थी जिसे नेताजी ने दो दिन पहले रात में बैठकर तैयार किया था। घोषणा में कहा कि अस्थायी सरकार का काम होगा कि वो भारत से अंग्रेजों और उनके मित्रों को निष्कासित करे, अस्थायी सरकार का ये भी काम होगा कि वो भारतीयों की इच्छा के अनुसार और उनके विश्वास की आजाद हिंद की स्थाई सरकार का निर्माण करे।

# अचानक रुकी मेट्रो, यात्रियों में मचा हड़कम्प

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शनिवार सवेरे लखनऊ के मेट्रो के यात्री के बीच उस समय हड़कम्प मच गया जब अचानक ट्रेन रुक गई और इमरजेंसी अलर्ट दिखने लगा। शनिवार की सुबह तकरीबन 8:45 बजे मेट्रो संचालन रुक गया। इससे 20 मिनट तक लखनऊ विश्वविद्यालय और आईटी या अन्य कॉलेज जा रहे छात्र छात्राएं अपने कॉलेज तक समय पर नहीं पहुंच गये। वहीं इस मामले में लखनऊ मेट्रो ने खेद जताते हुए लेट होने के कारण को सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। सुबह संचालन रुकने से जिनको एयरपोर्ट जाना था वे भी लेट हो गये। यात्रियों का कहना है कि मेट्रो में इसलिए सफर करते हैं ताकि समय पर पहुंचे। मेट्रो में यात्रा कर रहे छात्रों ने बताया कि बादशाहनगर पहुंचते ही ट्रेन रुकी मगर दो मिनट में गेट बंद नहीं हुए। मेट्रो के भीतर स्क्रीन पर इमरजेंसी अलर्ट दिखने लगा। इसमें लिखा था कि मेट्रो की धीमी गति के लिए खेद है। मेट्रो में सवार छात्रों के मुताबिक बादशाहनगर स्टेशन पर दरवाजे खुले फिर बन्द नहीं हुए। मेट्रो कितनी देर में चलेगी, इसकी भी कोई सूचना नहीं दी गयी। करीब 20 मिनट बाद दरवाजे बंद हुए और मेट्रो आगे बढ़ी। बता दें कि लखनऊ में प्रतिदिन लगभग साठ हजार लोग सफर करते हैं।

### मां कालरात्रि की देवी मन्दिरों में हुई पूजा अर्चना

**लखनऊ।** मां भगवती के आराधना के सातवें दिन शनिवार को मां कालरात्रि की देवी मन्दिरों में पूजा अर्चना हुई। सप्तमी के मौके पर मन्दिरों व घरों में माता की विशेष पूजा की गयी।

चौक के बड़ी कालीजी मन्दिर, छोटी कालीजी मन्दिर, बीकेटी के चन्द्रिका देवी मन्दिर में दिन भर मां गुणगान होता रहा साथ ही बच्चों के मुंडन संस्कार और कनछेदन के कार्यक्रम हुए। ठाकुरगंज के मां पूर्वी देवी मन्दिर में महिषासुर मर्दिनी स्वरूप में भक्तों को दर्शन दे रही थी।

# एलडीए ने अवैध निर्माणों को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में अवैध निर्माणों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-1 और जोन-3 में कुल 4 अवैध निर्माणों को सील किया गया। प्रवर्र्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि डॉ. नवीन कुमार और अन्य की ओर से सुल्तानपुर रोड पर अहिमामऊ में पाण्डेय ट्रेडर्स के सामने लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में सेटबैक को कवर्ड करते हुए बेसमेण्ट, प्रथम तल और द्वितीय तल का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने अवैध निर्माण को सील कराया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पंकज अग्रवाल व अन्य की ओर से मानक नगर के बहादुरखेड़ा में लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल में दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह सरोजनी नगर के गंगा विहार कॉलोनी में कानपुर रोड से अमौसी स्टेशन जाने वाली सड़क पर जगत नारायण शर्मा की ओर से लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मनीष अवस्थी व अन्य की ओर से कानपुर रोड के श्रृंगार नगर में बंधन बैंक के बगल में लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे इन अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे।

# प्रो. शारिब रुदौलवी के निधन पर प्रियंका गांधी ने किया शोक व्यक्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अवधनामा के सम्पादकीय सलाहकार प्रोफेसर शारिब रुदौलवी के निधन पर कांग्रेस महासचिव और उत्तरप्रदेश प्रभारी प्रियंका गाँधी ने शोक व्यक्त किया है प्रियंका गाँधी का शोक पत्र आज प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम के साथ प्रतिनिधि मंडल मरहूम शारिब रुदौलवी के भांजे आसिम रज़ा से मिला और पत्र सौंपते हुए शोक व्यक्त किया। प्रियंका गाँधी ने पत्र में कहा है कि उर्दू जगत के परशिदज विद्वान प्रोफेसर शारिब रुदलवी साहब के निधन की सूचना से अत्यंत दुःख पंहुचा है, उनके निधन से देश के बौद्धिक जगत की अपूरणीय क्षति हुई है।

### बिस्मिल्लाह का आयोजन

**लखनऊ।** जाने मोन अजमन निगार रांव उर्दू शब्दों के प्रशिक्षण में दस इन्स्ट्रक्टर/इवेन्ट आर्गनाइजर, मोहम्मद कमर खाँ द्वारा अपनी नवासी की बिस्मल्लाह का आयोजन स्थानीय जापलिंग रोड स्थित गैलेक्सी होटल में रविवार 22 अक्टूबर को किया जायगी। जहाँ आमन्त्रित मेहमानों की मौजूदगी बच्चो में बिस्मिल्लाह पढ़वाकर कुरान की इब्तिदा करायी जायेगी। इस बाबरकत अवसर पर, मदऊईन के लिये लन्च की व्यवस्था भी की जायगी। अशहर शायर फहमी नदवी इस मौके के लिये छोटी सी नज़्म, उपहार स्वरुप प्रस्तुत् करेंगे। जिसमें करीबी रिश्तेदारों की ओर से शुभकामनाओं को नज़्म में ढाल कर निर्मात राहतेमाम शीर्षक के अन्तर्गत, पेश किया गया।

### प्रमोद तिवारी ने इसरो के सभी वैज्ञानिकों को दी बधाई

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने नवरात्रि के पावन पर्वपर गगनयान मिशन के क्रू मॉड्यूल के प्रारम्भिक मौसम की बाधा और तकनीकी बाधा की वजह से देरी के बावजूद सफलतापूर्वक परीक्षण के इससे जुड़े इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए अभिनन्दन किया है। श्री तिवारी ने कहा कि यह भविष्य में मानव के चांद पर उतरने के पंडित जवाहर लाल नेहरू, स्वर्गीय इंदिरा गांधी और महान वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा और विक्रम अंबालाल साराभाई के सपनों को पूरा करने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी को याद करते हुए देश के उन सभी प्रधानमंत्रियों जिन्होंने इसे जारी रखा और वैज्ञानिकों को जिन्होंने अपना जीवन अर्पित कर दिया को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनकी वैज्ञानिक सोच के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का अवसर है।

# सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली द्वारा विशेष धार्मिक कमेटी की बैठक बुलाई

- कंगाल शाह मजार दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी को बुलडोज करने हेतु दिल्ली गवर्नमेंट की तैयारी

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** यह कदीमी मजार कंगाल शाह, खसरा नंबर 293, मस्जिद ,कब्रिस्तान व मदरसा साउथ दिल्ली केचनेर लेक, धौला कुआं स्थित दिल्ली वक्फ बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज है।

यह बैठक प्रमुख सचिव गृह गवर्नमेंट ऑफ़ एनसीटी दिल्ली की अध्यक्षता में धार्मिक कमेटी की विशेष बैठक बुलाई गई जिसमें 03 वक्फ संपत्ति के रिमूवल के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मुख्यत भाग लिया। मुख्य कार्यपाली अधिकारी , जॉइंट पुलिस कमिश्नर , डिप्टी कमिश्नर पुलिस स्पेशल ब्रांच व डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर साउथ ईस्ट न्यू दिल्ली भी सम्मिलित हुए।

इस बैठक का उद्देश्य संबंधित विभागों द्वारा नक्शा व अभिलेख के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे ताकि बैठक में चर्चा सार्थक हो सके दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा खसरा नंबर 293 वह गजट की कॉपी प्रस्तुत किया । जिससे वक्फ बोर्ड की मिल्कियत के दस्तावेज साबित होते हैं , वहीं पर दिल्ली विकास प्राधिकरण ने हरित क्षेत्र होने का दावा पेश किया और अपना स्वामित्व का दावा किया। हाल ही में शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 123 वक्फ संपत्तियां की सूची जारी करते हुए सरकार अपने अधीन वक्फ संपत्तियों को लेने की कार्रवाई की कवयाद शुरू किया था लेकिन अभी अदालत मैं मामला चल रहा है। यह वक्फ संपत्ति 123 की सूची में शामिल नहीं है। देखना दिलचस्प होगा की इस बैठक मैं पेश किए दस्तावेजों के आधार पर क्या निर्णय लिया जाता है। इस पूरे प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए जावेद अहमद अध्यक्ष वक्फ वेलफेयर फोरम ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली वक्फ बोर्ड के संपत्तियां की को उलझाने का सिलसिला थम नहीं रहा है।

कार्यालय-नगर पालिका परिषद, टाण्डा-अम्बेडकरनगर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर







पत्रांक : 732 /न.पा.परि.टा/विज्ञापन/2023-24 दिनांक- 21.10.2023

नगर पालिका परिषद टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर की नागरिकों से अपील।

1. नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में अपना सहयोग करें, सड़को, नालो/नालियो में कूड़ा कदापि न डाले।
2. अपने घरों में गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग स्त्रोत में पृथक्क कर एकत्र करने हेतु हरे एवं नीले रंग के डस्टविन का प्रयोग करें।
3. सूखा कूडा हरे डस्टविन में एवं गीला कूडा नीले डस्टविन में एकत्र करें।
4. अपने घरों का कूड़ा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्षन करने वाले सफाई कर्मचारियों को ही दे।
5. खुले में शौच न जाये। अपने घरों में शौचालय का प्रयोग करें तथा सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
6. खुले में, सार्वजनिक स्थानों व रास्ते पर कूड़ा कचरा न फेके, कूड़ा कचरा सिर्फ कूड़ादान में ही डाले।
7. प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करें। और न ही दूसरों को करने दें। पालीथीन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। प्रतिबंधित पॉलीथीन/कैरीबैग के प्रयोग करने व विक्रय करते पाये जाने पर रू0 25000.00 तक का जुर्माना हो सकता है।
8. संचारीरोगो से बचाव हेतु मच्छरदानी/मच्छरनाषक वस्तुओं का प्रयोग करें।
9. अपने घरों में पानी की टंकी, बाल्टी आदि को पूरी तरह ढककर रखें।
10. अपने घरों तथा कार्य स्थल पर आस-पास पानी जमा/एकत्र न होने दे।
11. पानी पीने के लिए इंडिया मार्का-2 के पानी का ही प्रयोग करें
12. जल अमूल्य है इसका संरक्षण एवं सदुपयोग करें।
13. सार्वजनिक मार्गों/सड़कों, गलियों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
14. खुले स्थानो/भूमि पर वृक्ष लगायें, पर्यावरण को सुरक्षित बनायें।
15. नगर पालिका परिषद टाण्डा के समस्त देयों/करो का भुगतान समय से करें।

(डॉ आशीष कुमार सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद टाण्डा
अम्बेडकरनगर

(शबाना नाज)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद टाण्डा
अम्बेडकरनगर

(समस्त सभासदगण)
नगर पालिका परिषद टाण्डा
अम्बेडकरनगर